www.uttambharatnews.com
RNI No. DELHIN/2017/75336
email:-uttambharat05@gmail.com

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत् 2082

वर्ष: 09 अंक: 296
नई दिल्ली
शुक्रवार, 14 नवम्बर 2025
मूल्य: 3.00 पृष्ठ: 12

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली व हरियाणा से प्रकाशित • चंडीगढ़ • उत्तर प्रदेश • मध्यप्रदेश • उत्तराखंड • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • छत्तीसगढ़ • जम्मू कश्मीर से प्रसारित



03 लाल किला मेट्रो स्टेशन अगली सूचना तक ... | 06 लाल किला धमाका: जब आतंक ने बदल ली ... | डोनाल्ड ट्रंप हर अमेरिकी को 1.7 लाख देगी.. 12

## मुख्यमंत्री योगी ने किया जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ



उत्तम भारत संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरूवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में भव्य जनजाति भागीदारी उत्सव का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातियों का उत्थान किया जा रहा है। जनजातियों को सभी योजनाओं का लाभ मिला रहा है। बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिला रहा है। यूपी में जनजातियों को उनका अधिकार मिले। सरकार इस दिशा में काम कर रही है। उत्सव के शुभारम्भ के अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण प्रमुख और भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर 13 से 18 नवंबर तक जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर में किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जनजातीय समुदाय को अपनी परम्परा, संस्कृति और विरासत पर गौरव की अनुभूति हो सके, उन्हें समाज और राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ सम्मान के साथ आगे बढ़ने के लिए बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध किया जा सके, इस दृष्टि से जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जनजाति समाज के लोगों को योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया रहा है। इसी क्रम में आज जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 22 राज्यों के कलाकारों को इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए अवसर मिल रहा है। अरुणांचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, मध्य प्रदेश समेत अन्य राज्य हैं। हस्तशिल्प एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह वर्ष भारत शिल्पी सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती का वर्ष है। भगवान बिरसा मुंडा का भी जयंती वर्ष है। यह वर्ष वंदे मातरम के 150 वर्ष में प्रवेश करने का साल है। यह वर्ष भारत के संविधान के लिए भी महत्वपूर्ण है। धरती आबा बिरसा मुंडा आजादी के पक्षधर थे। मात्र 25 वर्ष की आयु में उन्होंने रांची की जेल में अंतिम सांस ली। उन्होंने नारा दिया था कि देश हमारा राज्य हमारा। प्रधान मंत्री मोदी की प्रेरणा से यह पखवाड़ा मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मुझे खुशी है कि पिछले दिनों पुलिस भर्ती में जनजाति समाज के लिए आरक्षित सीटों पर इसी समाज के युवा चयनित हुए हैं। पहले इनकी सीटें खाली रह जाती थीं। इससे पता चलता है कि उनके शिक्षा का स्तर बढ़ा है।

> ✔ हमारी सरकार ने तय किया है कि प्रदेश की जनजाति जातियों को अधिकार दिलाया जाए।

## जयशंकर ने जी-7 के विदेश मंत्रियों की बैठक के एक सत्र में भाग लिया, भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया



**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली/ओटावा।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कनाडा में आयोजित जी-7 विदेश मंत्रियों की बैठक (एफएमएम) के ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों पर हुए एक सत्र में भाग लिया और भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने दोनों मुद्दों पर निर्भरता को कम करने, पूवार्नुमेयता को मजबूत करने और लचीलापन विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाना है। जयशंकर नियाग्रा में जी-7 साझेदार देशों के साथ एक संवाद सत्र में भाग लेने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा, वैश्विक आपूर्ति में अनिश्चितता और बाजार में रुकावटें देखी गई हैं। अधिक नीतिगत परामर्श और समन्वय उपयोगी हो सकते हैं। लेकिन असली जरूरत है कि इन बातों को जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। भारत इस दिशा में अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ रचनात्मक रूप से काम करने के लिए तैयार है। इससे पहले, बुधवार को जयशंकर ने जी-7 एफएमएम आउटरीच सत्र के दौरान यूक्रेन, सऊदी अरब और यूरोपीय संघ के अपने समकक्षों से अलग-अलग मुलाकात कीं और परस्पर हितों से जुड़े क्षेत्रीय मुद्दों तथा हालिया घटनाक्रमों पर चर्चा की। एक अन्य पोस्ट में विदेश मंत्री ने बताया कि उनकी यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा के साथ उपयोगी बातचीत हुई। उन्होंने कहा, सिबिहा ने यूक्रेन के हालिया घटनाक्रमों पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। जयशंकर ने सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से भी मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय मुद्दों, संपर्क और ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग जैसे कई विषयों पर चर्चा की। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख कजा कालस से मुलाकात के बाद जयशंकर ने कहा, द्विद्विहमारी बातचीत का केंद्र भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना और जी-7 बैठक के एजेंडे पर विचार साझा करना रहा। जयशंकर ने अपने अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो से भी बातचीत की, जो मुख्य रूप से व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित रही।

## निर्यात प्रोत्साहन वाले फैसलों पर प्रधानमंत्री ने कहा

### आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करेगा

शैलेन्द्र शर्मा



**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारत सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 45 हजार करोड़ रुपए के बूस्टर पैकेज की घोषणा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सुधार वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के निर्यात प्रोत्साहन से जुड़े फैसले देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करेंगे, आपूर्ति श्रृंखलाओं को सशक्त बनाएंगे और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे।

प्रधानमंत्री ने तीन अलग-अलग एक्स पोस्ट्स में कहा कि ये निर्णय आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मंत्रिमंडल द्वारा स्वीकृत क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर एक्सपोर्टर्स से निर्यातकों को सुचारु व्यावसायिक संचालन में सहायता मिलेगी और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत की स्थिति और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम भारतीय उद्योग की स्थिरता, आत्मनिर्भरता और रोजगार सृजन को भी बढ़ावा देगा। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इंडिया की गूंज अब विश्व बाजार में और अधिक प्रभावशाली ढंग से सुनाई देगी। उन्होंने बताया कि एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन (ईपीएम) से निर्यात प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा, एमएसएमई क्षेत्र, नए निर्यातक और श्रम-प्रधान उद्योगों को विशेष लाभ मिलेगा। इस मिशन के तहत प्रमुख हितधारकों को जोड़कर एक प्रभावी और परिणामोन्मुख व्यवस्था तैयार की जाएगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने बुधवार को वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए 45 हजार करोड़ रुपए के बूस्टर पैकेज की घोषणा की है। इसमें 25,060 करोड़ रुपए का आवंटन एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन के तहत और 20 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान निर्यातकों से जुड़ी क्रेडिट गारंटी स्कीम के विस्तार के लिए किया गया है।

## सड़क परिवहन मंत्रालय ने विशेष अभियान में रिकॉर्ड, 18,616 फाइलों की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन मंत्रालय ने अक्टूबर में चले स्पेशल अभियान के तहत 18,616 पुरानी फाइलें सुलझाईं, 15 हजार से ज्यादा ऑफिस, हाई-वे, टोल प्लाजा, बस स्टॉप, ढाबे, फ्लाईओवर पर सफाई अभियान चलाया। साथ ही 1,147 शिकायतों और 522 अपीलों में से 99 फीसदी सुलझाईं। मंत्रालय के अनुसार, अभियान के तहत 18,616 पुरानी फाइलों की समीक्षा कर रिकॉर्ड प्रबंधन में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। मंत्रालय और उसकी एजेंसियों ने 15 हजार से अधिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया, जिनमें कार्यालय, निर्माण स्थल, राष्ट्रीय राजमार्ग, टोल प्लाजा, बस स्टॉप, ढाबे और फ्लाईओवर शामिल थे। जन शिकायतों (1,147) और अपीलों (522) के निस्तारण में 99 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हुआ।

## दिल्ली, मुंबई समेत पांच हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**नई दिल्ली।** दिल्ली में हाल ही में हुए बम धमाके की जांच अभी चल ही रही थी कि पांच बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिल गई। ये धमकी मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, तिरुवनंतपुरम और हैदराबाद के हवाई अड्डों को दी गई। यह धमकी कल दोपहर में एक ईमेल के जरिए आई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। तुरंत जांच शुरू कर दी गई। धमकी भरा ईमेल दावूद नाम से आया था। इसमें लिखा था कि चौबीस घंटे के अंदर भारतीय हवाई अड्डों पर हमला होगा। विशेष रूप से दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और तिरुवनंतपुरम का नाम लिया गया। ईमेल मिलते ही सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गईं। मुंबई में बम निरोधक दस्ता और मुंबई पुलिस की टीम तुरंत हवाई अड्डे पर पहुंची। पूरे परिसर की गहन तलाशी ली गई। घंटों की जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अन्य हवाई अड्डों पर भी ऐसी ही जांच हुई और कहीं कोई खतरा नहीं पाया गया। फिर भी इस मामले को पूरी गंभीरता से लिया जा रहा है। मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षा व्यवस्था कई गुना बढ़ा दी गई है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यात्रियों की जांच कड़ी कर दी गई है। मुंबई पुलिस पूरी तरह सतर्क है और हर गतिविधि पर नजर रख रही है। दिल्ली में हाल का बम धमाका अभी ताजा है, इसलिए ऐसी धमकियां सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बन गई हैं। सभी हवाई अड्डों पर यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हवाई अड्डा प्रबंधन ने यात्रियों से अपील की है कि वे समय से पहले पहुंचें ताकि जांच में देरी न हो।

## ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेपी समूह के प्रमुख मनोज गौड़ को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लैटों के निर्माण के लिए घर खरीदारों द्वारा भुगतान किए गए पैसों की कथित हेराफेरी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से गुरुवार को दी गई। ईडी ने मई में मनोज गौड़ की कई कंपनियों के 15 परिसरों पर छापेमारी की थी, जिसमें जेपी इन्फ्राटेक लिमिटेड और जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड एवं कई अन्य कंपनियों का नाम शामिल था। ऑपरेशन के दौरान अधिकारियों ने 1.7 करोड़ रुपए नकद जब्त किए और इसके साथ वित्तीय रिकॉर्ड, डिजिटल डेटा और ग्रुप कंपनियों, परिवार के सदस्यों और कंपनी के प्रमोटर्स के नाम पंजीकृत संपत्तियों को सीज किया था। यह छापे धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत चल रही जांच के तहत दिल्ली, मुंबई, नोएडा और गाजियाबाद में मारे गए। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) द्वारा 526 करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान न करने के बाद, आईडीबीआई बैंक ने सबसे पहले इलाहाबाद स्थित राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के खिलाफ याचिका दायर की थी। एनसीएलटी ने 9 अगस्त, 2017 को दिवालियेपन की प्रक्रिया शुरू की थी। दिवालियापन के इस मामले ने राष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया, क्योंकि जेआईएल की परियोजनाओं में फ्लैट बुक करने वाले 21,000 से अधिक घर खरीदार (मुख्य रूप से नोएडा के विश टाउन में) निर्माण परियोजनाओं से पैसा डायवर्ट होने के कारण मुश्किल में पड़ गए थे। उनके हितों की रक्षा के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप किया।

## मुख्यमंत्री धामी ने की घोषणा : गढ़वाल व कुमाऊं में स्थापित किए जाएंगे स्प्रिचुअल इकानॉमिक जोन

> ✔ मुख्यमंत्री धामी ने नैनीताल में पीजीआईकॉन-2025 अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता, नैनीताल (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड में एक गढ़वाल व एक कुमाऊं में दो स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों के माध्यम से योग, आयुर्वेद, ध्यान, पारंपरिक चिकित्सा और आध्यात्मिक पर्यटन से जुड़े उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा। उक्त घोषणा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'पीजीआईकॉन-2025' के उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए की। नैनीताल जिले के भुजियाघाट स्थित काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में यह तीन दिवसीय आयोजन पाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट, हल्द्वानी द्वारा डब्ल्यूएचओ कोलेबोरेटिंग सेंटर फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (जेपीएनटीसी), एम्स नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह पहल राज्य की 'स्पिरिचुअल और वेलनेस अर्थव्यवस्था' को नई दिशा देगी तथा युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के अवसर प्रदान करेगी। उत्तराखंड योग, औषधियों और जड़ी-बूटियों की भूमि है। यहां की वनस्पतियाँ आयुर्वेद की नींव हैं। हमारा उद्देश्य है कि उत्तराखंड प्राकृतिक चिकित्सा और वेलनेस टूरिज्म का प्रमुख गंतव्य बने। इसी दिशा में राज्य के आयुर्वेदिक कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और योग ग्रामों को सशक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीनतम चिकित्सा प्रणाली ही नहीं, बल्कि एक जीवनदर्शन है, जो मन, शरीर और आत्मा के संतुलन पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों ने स्वास्थ्य को 'संतुलन की अवस्था' के रूप में परिभाषित किया था जो आयुर्वेद की मूल आत्मा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष मंत्रालय की स्थापना के बाद भारत ने आयुर्वेद को नई वैश्विक पहचान दिलाई है। उत्तराखंड सरकार भी राज्य को 'वेलनेस और आयुर्वेद का वैश्विक केंद्र' बनाने के मिशन पर कार्य कर रही है। सांसद अजय भट्ट ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आयुर्वेद और आयुष के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज भारत ही नहीं, पूरी दुनिया इस चिकित्सा पद्धति की ओर आकर्षित हो रही है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद हमारी संस्कृति की आत्मा है, इसे जन-जन तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि आयुर्वेद केवल उपचार नहीं, बल्कि भारतीय जीवन शैली और परंपरा का प्रतीक है। इस अवसर पर विधायक नैनीताल श्रीमती सरिता आर्या, विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा, मंडी परिषद अध्यक्ष अनिल कपूर (डब्बू), दर्जा राज्य मंत्री शंकर कोरंगा, आयुक्त कुमाऊँ दीपक रावत, आईजी कुमाऊँ रिद्धिम अग्रवाल, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, एसएसपी मंजूनाथ टी.सी. सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पाल ग्रुप के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# टैक्स अधिवक्ताओं का वार्षिक समारोह के साथ सम्पन्न हुआ शपथ ग्रहण कार्यक्रम




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सम्भल ज़िला टैक्स बार एसोसिएशन का वार्षिक समारोह एवं नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह नगर के हम सफ़र रिसोर्ट मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम मे टैक्स अधिवक्ताओं की एकता, निष्ठा और पेशेवर उत्कृटता का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। नई कार्यकारिणी के अध्यक्ष एडवोकेट मौहम्मद अकरम, महासचिव महफूज़ हुसैन, कोषाध्यक्ष एडवोकेट ईश्वरचन्द्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट मुश्फ़िक़ हुसैन तथा अन्य पदाधिकारियों ने अपने पद की गरिमा, निष्ठा और कर्तव्य निर्वहन की शपथ ली। शपथ ग्रहण की औपचारिता राज्य कर डिप्टी कमिश्नर लल्लन प्रसाद द्वारा सम्पन्न कराई गई। शपथ ग्रहण के पश्चात् योग्य सदस्यों को मोमेंटो तथा सम्मान प्रमाण पत्र तथा सार्टिफिक्रेट वितरित किए गए। जिन्होने बार के विकास एवं सेवा मे उत्कृट योगदान दिया। कार्यक्रम के मध्य मे सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिली। स्थानीय कलाकारों ने गीत संगीत माध्यम से उपास्थित जनो का मन मोह लिया। कार्यक्रम मे उ0 प्र0 उपकास के प्रदेश अध्यक्ष तथा सम्भल फोजदारी एवं तहसील बार के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। संचालन एडवोकेट ईश्वरचन्द्र ने किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट आरपी यादव ने अपने सम्बोधन मे टैक्स अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, उनके अधिकारों की लड़ाई और हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता अखिल कुमार जैन को उनकी स्मृति और योगदान के लिए भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का समापन भव्य भोज के साथ हुआ। कार्यक्रम मे एडवोकेट संजीव कुमार, एडवोकेट ज़ियाउद्दीन, एडवोकेट शाने आलम, एडवोकेट आरिफ खान, एडवोकेट मौहम्मद आज़म, एडवोकेट गुफ़रान खान, एडवोकेट अज़ीम, एडवोकेट मौहम्मद शुऐब, एडवोकेट फैज़ान अहमद, एडवोकेट विभोर रस्तोगी, एडवोकेट हमज़ा, एडवोकेट अज़मत, एडवोकेट कृष्णपाल, एडवोकेट नवनीत कुमार, एडवोकेट मौहम्मद साद आदि मौजूद रहे।

# मिशन इंटरनेशनल एकेडमी में हुआ दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**संभल।** मिशन इंटरनेशनल एकेडमी सिनियर सेकेंड्री स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम का आरंभ में मुख्य अतिथि हुदा खान, विशिष्ट अतिथि मैनेजर मुशीर खान तरीन, डायरेक्टर शबाना कौसर, प्रिंसिपल विल्सन राजन ने मशाल रिबन काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ करा तत्पश्चात स्कूल के मैदान में सभी ने मशाल जलाकर मुख्य कार्यक्रम की शुरुआत करी। स्पोर्ट्स कैप्टन मोहम्मद वकी तथा वाइस कैप्टन सृष्टि सिंह को मशाल दी जिसको लेकर उन्होंने पूरे ग्राउंड का चक्कर लगाया उसके बाद स्कूल के प्रिंसिपल विल्सन राजन ने दोनों ही कप्तान और वाइस कैप्टन को खेल की नैतिकता की शपथ दिलाई। सबसे पहले 100 मीटर की दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल से तीन वर्गों में विभाजीत किया गया। अलग-अलग प्रतिभागियों ने अपने बिजली जैसी से दौड़ से सभी दर्शकों को आत्ममुग्ध कर दिया।, लंबी कूद के बालिकाओं ने बाजी मारी। रिले रेस मैं चारों हाउस के बच्चों ने अपनी हैंड , आई का गजब ताल मिलाया। पिरामिड में जहां बच्चों ने हिंदुस्तान का झंडा बुलंद किया वही , एरोबिक के बच्चे पूरे प्रोग्राम सभी का मनोरंजन करते रहे। रस्सी खींच में जहां एक तरफ स्कूल मैनेजर, प्रिंसिपल ने हाथ आजमाए। वही बालिकाओं के लिए डॉयरेक्टर शबाना कौसर और हुदा खान ने मैदान ने पहुंच कर हौसलों बढ़ाया। दिन का समापन मुख्य अतिथि डॉ. हूदा खान जो कि स्कूल मैनेजर की भतीजी है और अपना एमबीबीएस पूरा करने के बाद पहली बार स्कूल आई थी। उनके के प्रेरणादायक वक्तव्य से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, ये हमें अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास सिखाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का आधार हैं, और ऐसी प्रतियोगिताएँ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। विद्यालय की डायरेक्टर शबाना कौसर ने कहा कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल के प्रति रुचि और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजर मुशीर खान तरीन ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास का आधार हैं, और ऐसी प्रतियोगिताएँ उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। विद्यालय के प्रिंसिपल ने अपने वक्तव्य में कहा कि खेलकूद न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। बच्चों का उत्साह देखकर सभी ने आज के कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों एवं अभिभावक सभी स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

# कुराश प्रतियोगिता मे तराना और आयुषी ने जीता गोल्ड मेडल




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** 69 वीं विद्यालय प्रदेशीय मे कुराश प्रतियोगित का आयोजन 10 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित की गई जिला बाराबंकी के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में की गई। इसमें मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधि करते हुए जिला संभल से त्यागी स्पोर्ट स्कूल एवं कन्या गुरुकुल के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया 14 वर्षीय बालिका वर्ग में 48 किलो हर वर्ग में डोली यादव ने कांस्य पदक जीता बसंती देवी इंटर कॉलेज रूस्तमपुर नियावाली की छात्रा आयुषी सागर पिता राजेंद्र सिंह ग्राम असलतपुर बिलारी 48 .किलो भार वर्ग मे जीता चंदावली इंटर कॉलेज की छात्रा तराना जहां पिता इरफान ग्राम भारतल सिरसी की छात्रा ने 70 . किलो भार वर्ग मैं जीता गोल्ड मेडल कोच भोले सिंह त्यागी ने बताया कि सहारनपुर में होने वाली राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक सहारनपुर में आयोजित कराई जाएगी। जिसमें की तराना और आयुषी भाग लेंगे। उत्तर प्रदेश का मन सम्मान बढागी खिलाड़ी वापस घर आने पर बहुत ही बहुत स्वागत किया। जिसमें विजयपाल त्यागी, पुष्पेंद्र त्यागी, चंदावली इंटर कॉलेज के मैनेजर जयंत सिंह ने भी फूल माला पहनकर खिलाड़ियों का सम्मान किया।

# एचडीएफसी बैंक के शिविर मे युवाओं ने आगे आकर किया रक्तदान




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** असमोली क्षेत्र मे एचडीएफसी बैंक असमोली शाखा के तत्वाधान मे प्रत्येक वर्ष की तरफ इस बार भी रक्तदान शिविर का आयोतन किया गया। जिसमे रक्तदान के फायदे समझाकर लोगों को जन कल्याण हित मे जागरूक कराने का कार्य किया गया। जिसमे शाखा के प्रबंधक कौसर रज़ा, तरूण, अनवर अली, एवं डॉ0 रितु सक्सैना द्वारा रक्तदान शिविर सम्पन्न कराया गया। इस दौरान कैम्प मे मौ0 इस्माइल, रजब अली, गंगाधर, रजत शर्मा, अकरान, गुलफराज़, अक्षय तोमर आदि ने रक्तदान करके जनहित मे अति सरहानीय कार्य किया। जिसके लिए एचडीएफसी बैंक असमोली एवं डॉ0 सचिन सक्सैना चैरिटेबिल ब्लड सेन्टर सम्भल द्वारा रक्तदाताओं को सार्टिफिक्रेट देकर सम्मानित करते हुए उनकी हौंसला अफजाई की गई और रक्तदान जैसे सामाजिक कार्य मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेने का आहवान किया गया।

# जनसुनवाई का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान डीआईजी सहारनपुर ने आमजनमानस की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से किया जाए और शिकायतकर्ता को उसकी प्रगति से अवगत कराया जाए।

# डीएम ने लगाई फतेहपुर शमसोई मे चौपाल सुनी ग्रामीणों की समस्यायें



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** विकासखंड बहजोई के ग्राम फतेहपुर शमसोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में चकबंदी चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने चकबंदी से संबंधित ग्राम वासियों की समस्याओं को सुना उन्होंने कहा कि जितनी भी चकबंदी से संबंधित समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।
उन्होंने सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें और चकबंदी के कार्य में तेजी लाएं जिलाधिकारी ने समस्याओं को सुना और आश्वस्त करते हुए कहा कि चकबंदी का कार्य शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से किया जाएगा उसका सभी लोग सहयोग करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी से संबंधित जो भी कार्य लंबित हैं उनको संज्ञान में लेते हुए यथाशीघ्र पूर्ण किया जाएगा। ग्राम वासियों के द्वारा पूर्व में रहे चकबंदी लेखपाल एवं अन्य संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारियों से संबंधित समस्या के विषय में जिलाधिकारी को जानकारी दी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सात दिवस के अंदर पूर्व में रहे अधिकारी एवं कर्मचारी का विवरण प्रस्तुत किया जाए जिससे उनके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जा सके। जिलाधिकारी में समस्त ग्राम वासियों से कहा कि विकसित भारत 2047 को लेकर अपने-अपने सुझाव अवश्य दें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तेली रोड बहजोई स्थित राजस्व निरीक्षण भवन के परिसर में निर्माणधीन बैडमिंटन कोर्ट का निरीक्षण किया एवं आवश्यक सुविधाओं को चेक करते हुए संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, खंड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह, चकबंदी सी ओ, चकबंदी एसीओ, चकबंदी लेखपाल सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भीख से सीख अभियान के तहत चंदौसी क्षेत्र मेंएक बालक को कराया गया मुक्त




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जिला प्रशासन सम्भल एवं वीनस शुगर मिल्स के सहयोग से उम्मीद संस्था द्वारा चलाए जा रहे भीख से सीख कार्यक्रम के अंतर्गत आज चंदौसी क्षेत्र में एक विशेष बचाव अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम द्वारा गांधी पार्क के समीप एक बालक को सड़क पर भीख माँगते हुए पाया गया। तत्परता दिखाते हुए टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बालक को उसके माता-पिता सहित बाल कल्याण समिति (सीडब्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया। बाल कल्याण समिति द्वारा मामले की संज्ञान में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई तथा बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत यह प्रयास किया जा रहा है कि सड़क पर भीख माँगने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ा जाए और उनके परिवारों को आजीविका के वैकल्पिक साधन उपलब्ध कराए जाएँ। भीख से सीख अभियान के माध्यम से प्रशासन का उद्देश्य समाज में बाल भिक्षावृत्ति को समाप्त कर बच्चों को सम्मानजनक जीवन व शिक्षा का अधिकार दिलाना है। इस दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, प्रोबेशन कार्यालय से बाल संरक्षण अधिकारी, तथा उम्मीद संस्था की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क पर सीवर बहता देख नगरायुक्त ने ठेकेदार को लताड़ा



**–नगरायुक्त ने किया सीएम ग्रिड के तहत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज दोपहर निगम अधिकारियों के साथ सीएम ग्रिड के तहत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिली खामियों पर गहरी नाराजगी जताते हुए नगरायुक्त ने ठेकेदार को लताड़ा। नगरायुक्त ने कार्यदायी कंपनी पर पेनॉल्टी लगाने और उसके ठेकेदार के खिलाफ पूर्व में करायी गयी एफआईआर के संदर्भ में पुलिस को नये तथ्यों से अवगत कराने के निर्देश दिए।
नगरायुक्त शिपू गिरि आज दोपहर मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव के साथ सीएम ग्रिड के तहत कलक्ट्रेट तिराहे से आईएमए भवन होते हुए दीवानी कचहरी तिराहे तक बनायी जा रही सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे। क्षेत्रीय पार्षद अमित त्यागी व राइटस के प्रतिनिधि सत्यजीत भी साथ में मौजूद थे। नगरायुक्त निरीक्षण के दौरान यह देखकर दंग रह गए कि आईएमए भवन के पास एसडीए की ओर जाने वाली सड़क पर सीवर का पानी बहाया जा रहा है जिससे वहां रहने वाले लोगों एवं आने जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नही कंपनी के ठेकेदार द्वारा आईएमए भवन के सामने सड़क पर पानी की निकासी के लिए पाइप डालकर उसके ऊपर काफी मिट्टी डालकर उसे बहुत ऊंचा उठा दिया गया है, जिससे जाम लग रहा है और आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन रोड पर एक चैम्बर भी खुला पाया गया। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। पाया गया कि ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर लापरवाही के साथ काम किया जा रहा है। इस पर नगरायुक्त ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कंपनी पर पेनॉल्टी लगाने तथा कंपनी ठेकेदार के खिलाफ गत 31 जुलाई 2025 को करायी गयी एफआईआर के सम्बंध में आज निरीक्षण के दौरान पायी गयी लापरवाही एवं सुरक्षा मानकों के विरुद्ध किये जा रहे कार्य से भी अवगत कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि सीएम ग्रिड की कार्यदायी कंपनी डीएवी कन्स.प्रा. लि. है, जिससे उक्त सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। पूर्व में भी कंपनी के ठेकेदार पर सड़क खोद कर छोड़ने, सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा कार्य तीव्रगति से न करने आदि के आरोप में ठेकेदार के खिलाफ गत 31 जुलाई 2025 को भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 125 के अंतर्गत एफआईआर दर्ज करायी गयी थी।

# पीस कमेटी की बैठक मे कानून व्यवस्था और भाईचारा बनाये रखने की अपील



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलेक्ट्रेट सभागार, बहजोई में जिलाधिकारी सम्भल डॉ0 राजेन्द्र पैंसिया तथा पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में कानून एवं शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने तथा आपसी सौहार्द बनाए रखने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारीएवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व धर्मगुरुओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सम्भल जनपद की गंगा-जमुनी तहज़ीब हम सबकी पहचान है, इसे बनाए रखना हम सबका दायित्व है।

# दिल्ली बलास्ट की घटना मे मरने वालों कों कांग्रेसियों ने दी श्रद्वांजलि



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दिल्ली मे हुई ब्लास्ट की घटना पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख प्रकट करते हुए कैंडल जलाकर मृत्कों को श्रद्वांजिल दी।
गुरूवार को नगर के हल्लू सराय स्थित सरदार भगत सिंह स्मारक मे एकत्र हुए जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने बीते दिनो दिल्ली मे हुई ब्लास्ट की घटना पर गहरा दुख प्रकट करते हुए मरने वालों को कैडल जलाकर श्रद्वांजलि अर्पित की। हाजी मौहम्मद आरिफ ने बोलते हुए कहा कि दिल्ली की घटना दिल हिला देने वाली है, हमारे और हमारी पार्टी की संवेदनाये परिवार के साथ हैं। वरिष्ठ नेता मुशीर खां तरीन ने कहा कि यह बेहद अफसोसनाक घटना है जिसकी जितनी निन्दा की जाये कम ही कम हैं। पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने कहा कि आज इस तरह के हादसे सिर्फपरिवार नहीं बल्कि अनेकों परिवार और समाज की उम्मीद उजाड़ देते हैं। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम, पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुशीर खान तरीने , जिला सचिव अकील अहमद, शहर उपाध्यक्ष सुब्हानी मियां, उपाध्यक्ष फुरकान कुरैशी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष इरफान खान, मोअज़्ज़म, डॉ मरगूब, मास्टर, सुनील कुमार, अंकुर कुमार, शिशुपाल जाटव महताब आलम तुर्क, तौसीम, बब्बू भाई, कलीम भाई, सोनू सागर आदि मौजूद रहे।

# सपा जिला सचिव ने की अवैध अस्पताल संचालित करने की शिकायत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव शाहिद हुसैन सैफी ने मुख्य चिकित्साधिकारी के नाम शिकायती पत्र सौंपकर अवैध रूप से अस्पताल संचालित करने की शिकायत की है। पत्र मे कहा गया कि नगर पंचायत सिरसी मौहल्ला गिन्नौरी कुरैशी चौराहे पर अवैध अस्पताल खोल रखा है। जिसमे डॉ0 इकराम खान व एक डॉक्टर और हैं जिसमे बच्चों का और बड़ो का इलाज किया जाता है। इनके पास किसी भी तरह की कोई डिग्री नहीं है और नहीं सीएमओ ऑफिस का कोई रजिस्ट्रेशन। लोगों की ज़िन्दगी से खिलवाड़ कर रहे है।

# एआरटीओं कार्यालय पहुंचे नगर मजिस्ट्रेट तो दलालों ने लगाई दौड़




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** एआरटीओ कार्यालय मे दलालो की मौज बहार और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए अधिकारी सर्तक हो गये है। शिकायत मिलने पर तुरन्त संज्ञान लिया तो दलाल भाग खड़े हुए।
गुरूवार को एआरटीओ कार्यालय मे नगर मजिस्टेऊट सुधीर कुमार ने आईजीआरएस पर मिली शिकायत का सज्ञान लेते हुए मौके पर पहुंचकर जानकारी की। उनके साथ एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। एआरटीओ कार्यालय मे दोनो अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान दलाल भाग खड़े हुए। पूरा एआरटीओ कार्यालय चोरो और से घेरा गया था। अधिकारियों और कर्मचारियों से फाईलो के बारे मे जानकारी की गई। रजिस्टर चैक किया गया लाईसेंसों के बारे मे पूछताछ की गई।
जिस तरह की शिकायत की गई थी ऐसा कुछ भी नहीं मिल सका। साथ ही यहां लाईसेंस आदि बनाने के लिए आये आवेदकों से भी बातचीत कर जानकारी की गई।

# एसआईआर कार्य मे हो रही परेशानियों के प्रति ज़रा भी गम्भीर नहीं राजनीतिक दल

*** किसी के पास नहीं 2023 की वोटर लिस्ट तो किसी को नहीं फार्म भरने की जानकारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** एसआईआर का कार्य चल रहा है और राजनीतिक दलो के जिम्मेदार अभी तक अपनी ज़िम्मेदारी को पूर्ण करना ज़रा भी महसूस नहीं कर रहे। वोटर लिस्टो का न होना और सही व गलत फार्म भरने जैसी समस्याओं से मतदाता जूझ रहे हैं। दरअसल इन दिनो एसआईआर का कार्य चल रहा है। बीएलओ घरो पर जाकर दस्तक दे रहे हैं। अभी हर जगह बीएलओ नहीं भी पहुंच पाये हैं। लेकिन जहां बीएलओ पहुंचे हैं और फार्म मतदाता को दिये गये हैं उन लोगों के सामने अनेकों अनेक समस्यायें हैं। 2003 की वोटर लिस्ट का पास मे न होना या फिर वोटर लिस्ट पाने के लिए जानकारी का न होना। ऐसे मे राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों को चाहिए की वह एसआईआर के कार्य के लिए मतदाताओं के फार्म कम्पलीट कराने के लिए व्यवस्था बनाये और अपनी ज़िम्मेदारी को पूर्ण करें। कुछ ही राजनीतिक दलों के ज़िम्मेदार बीएलए टू बनाकर ही अपना फर्ज़ अदा कर रहे हैं बाकि तो बस ब्यान बाज़ी और सोशल मीडिया पर सिर्फ फारमेल्टी पूरी कर रहे हैं। वास्तव मे जो दिक्कते मतदाताओं के सामने हैं और जिस चीज़ की आवश्यकता फार्म को कम्पलीट करने के लिए है उसका कोई इंतेज़ाम नहीं है। इसके लिए चुने गए जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष, शहर अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, विधानसभा अध्यक्ष, प्रत्याशी, या पूर्व प्रत्याशी, सभासद, या पूर्व सभासद या फिर किसी पार्टी के प्रदेश स्तरीय व जिला स्तरीय पदाधिकारियों को ज़रा भी एसआईआर के कार्य की न तो चिन्ता है और न आगे आकर ज़िम्मेदारी समझने को फिक्रमन्द है जबकि उनको चाहिए कि वह एसआईआर के फार्मो को कम्पलीट कराने मे मतदाताओं का सहयोग करें। 2003 की वोटर लिस्ट का प्रबंध करें और जो खामियां हैं उसको कैम्प लगाकर दूर करें या फिर मतदाताओं के द्वार द्वार जाये। जिस तरह वोट मांगने के लिए जनता के द्वार दस्तक देते हैं ठीक वैसे ही एसआईआर मे भी अपनी ज़िम्मेदारी को निभाना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। एसआईआर को लेकर ज़िम्मेदार ज़रा भी गम्भीर नज़र नहीं आ रहे। लोग परेशान है और उनकी परेशान को लेकर तिनक भी समझने को तैयार नहीं है।

# जश्न ए एन्जेल्स मे शामिल होंगें न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव

**संभल।** नगर के सराय शरमीन एसडीएम कार्यालय के पीछे एन्जेल्स पब्लिक स्कूल का आगामी 16 नवम्बर को 10 पूर्ण होने पर जश्न ए एन्जेल्स शाम साढ़े चार बजे से मनाया जायेगा। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि हाईकोर्ट इलाहबाद के न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव शामिल होंगे।

P-03:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 9:55 PM Page 1



# एमसीडी ने पारित किया दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने का प्रस्ताव

**लिशा शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में सम्पन्न हुई। इस दौरान महापौर राजा इकबाल सिंह ने नागरिकों के हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। नगर निगम की साधारण सभा की बैठक की शुरूआत में दिल्ली में लाल किले के पास हुए आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उन्होंने नगर निगम के करुणामूलक आधार पर नियुक्त दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने का प्रस्ताव पारित किया। महापौर राजा इकबाल सिंह ने बताया कि बैठक के दौरान, पूर्व की भांति, आम आदमी पार्टी (आआपा) के कुछ पार्षदों ने चर्चा में व्यवधान डालने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी नागरिक हितों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं करना चाहती और बार-बार सदन की कार्यवाही में हंगामा करती है। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद



पार्षदों ने चर्चा में भाग लिया और सदन की कार्वाई लगभग एक घंटे तक चली। महापौर ने बताया कि निगम ने एक अप्रैल, 2010 से 31 मार्च, 2015 तक करुणामूलक आधार पर नियुक्त सभी दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने के प्रस्ताव को पारित किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम अपने सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी इन्हें नियमित करने के लिए कदम उठाए जाते रहेंगे। राजा इकबाल सिंह ने बताया कि बैठक में दिल्ली नगर निगम ने 361.42 करोड़ की लागत से 5100 मीट्रिक टन प्रतिदिन की निस्तारण क्षमता वाले चार नए ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने बताया कि लगभग छह माह के भीतर ये संयंत्र चालू हो जाएंगे, जिसके बाद लैंडफिल साइटों पर नया कचरा डालना बंद हो जाएगा। महापौर ने बताया कि साधारण सभा की बैठक में विभिन्न वार्डों से संबंधित मुद्दों, नागरिक सुविधाओं, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं बुनियादी ढांचे से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर और सुलभ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## दिल्ली के प्रदूषण के लिए पड़ोसी राज्य जिम्मेदार – मंत्री आशीष सूद बोले, बॉर्डर पर बढ़ते उद्योगों से राजधानी में बढ़ रहा धुआं

**दीया शर्मा**

**उत्तम भारत, नई दिल्ली।** दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने गुरुवार सुबह भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया और राजधानी में बढ़ते प्रदूषण को लेकर गंभीर चिंता जताई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण का मुख्य कारण केवल स्थानीय गतिविधियाँ नहीं हैं, बल्कि पड़ोसी राज्यों में तेजी से बढ़ता औद्योगिकीकरण भी है। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली की सीमाओं के पास — विशेषकर हरियाणा के खरखौदा और आसपास के क्षेत्रों में — बड़ी संख्या में फैक्ट्रियाँ और चिमनियाँ स्थापित की जा रही हैं, जो लगातार प्रदूषण फैला रही हैं। उन्होंने कहा, बॉर्डर इलाकों में उद्योगों की संख्या बढ़ने से प्रदूषण का दबाव दिल्ली पर पड़ रहा है। दिल्ली के प्रयास तब तक कारगर नहीं होंगे, जब तक पड़ोसी राज्य भी प्रदूषण नियंत्रण के उपायों को सख्ती से लागू नहीं करते। उन्होंने भलस्वा लैंडफिल साइट की स्थिति का जायजा लेते हुए इसे प्रदूषण हॉटस्पॉट घोषित करने की



आवश्यकता बताई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइट पर स्प्रिंकलरों की संख्या बढ़ाई जाए और कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया को तेज किया जाए ताकि धूल और धुएं का स्तर कम हो सके। आशीष सूद ने बताया कि भलस्वा लैंडफिल पर प्रतिदिन भारी मात्रा में कूड़ा डंप हो रहा है, जिसे हाइड्रोलिक वाहनों से खाली किया जाता है। यह प्रक्रिया हवा में सूक्ष्म धूल कणों को फैलाती है और स्थानीय प्रदूषण को और गंभीर बनाती है। इस बीच, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 404 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं, स्विस मॉनिटरिंग एजेंसी आईक्यू एयर ने इसे 659 पर दर्ज किया, जो बेहद खतरनाक श्रेणी में माना जाता है। हालांकि मौसम विभाग का अनुमान है कि शाम तक हवा की गति बढ़ने से वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार हो सकता है। वर्तमान में राजधानी का न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जबकि अधिकतम तापमान 27 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। मंत्री सूद ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है, लेकिन यदि सीमा पार के क्षेत्रों में औद्योगिक धुआं और कचरा नियंत्रण में नहीं आया, तो दिल्ली की हवा को स्वच्छ रखना लगभग असंभव हो जाएगा।

## दिल्ली के महिपालपुर में धमाके की अफवाह : डीटीसी बस का टायर फटने से आई थी तेज आवाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महिपालपुर में धमाके की खबर से हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीमें सूचना मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंचीं। हालांकि, पुलिस को जांच के दौरान कुछ नहीं मिला है। सामने आई जानकारी के अनुसार, महिपालपुर में रेडिशन होटल के नजदीक धमाके की आवाज सुनी गई। इस बारे में दमकल विभाग को भी सूचना दी गई थी। दमकल के मुताबिक, गुरुवार सुबह लगभग 9 बजकर 18 मिनट पर धमाके के बारे में कॉल आई थी, जिसके बाद तीन गाड़ियों को भेजा गया। दिल्ली पुलिस का कहना है कि आसपास जांच पड़ताल की गई है, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार, कॉल करने वाले से संपर्क किया गया तो उसने बताया गया कि जब वह गुरुग्राम जा रहा था, तभी एक तेज आवाज सुनाई दी। हालांकि, एक गार्ड ने बताया कि धौला कुआं जा रही एक डीटीसी बस का पिछला टायर फट गया था, इसलिए यह आवाज आई थी। महिपालपुर में धमाके की खबर उस समय फैली, जब दिल्ली पुलिस और एजेंसियां कार धमाके की जांच में जुटी हैं। लाल किले के पास सोमवार को हुए कार ब्लास्ट के बाद दिल्ली में संवेदनशील परिस्थितियां हैं। 10 नवंबर को हुए इस ब्लास्ट में 12 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। जांच में खुलासा हुआ कि डॉक्टर उमर उन नबी वह आतंकी था, जो ब्लास्ट के समय कार को चला रहा था। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि इसकी पुष्टि डीएनए रिपोर्ट से हुई है। उमर मोहम्मद उर्फ उमर उन नबी के बारे में बताया जाता है कि विस्फोट करने से पहले वह मस्जिद भी गया था। विस्फोट वाले दिन, 10 नवंबर की सीसीटीवी फुटेज में उमर को पुरानी दिल्ली के तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास टहलते हुए देखा गया था।

## दुष्कर्म मामला: दिल्ली पुलिस ने कारोबारी समीर मोदी के खिलाफ दाखिल किया आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कारोबारी समीर मोदी के खिलाफ कथित दुष्कर्म मामले में आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। यह आरोपपत्र साकेत जिला अदालत में दायर किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय को भी जानकारी दी है। वर्तमान में समीर जमानत पर हैं। उन्होंने अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए याचिका दायर की हुई है। मंगलवार को न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ को दिल्ली पुलिस ने बताया कि उसने आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। अदालत समीर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्होंने छह नवंबर को पारित आदेश में संशोधन की मांग की थी। न्यायमूर्ति नरूला ने आदेश में उल्लेख किया कि याचिकाकर्ता की शिकायत यह है कि जांच अधिकारी ने उनके द्वारा दिए गए दस्तावेजों पर विचार किए बिना ही आरोपपत्र दाखिल कर दिया है। स्थायी वकील संजय लाओ ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने अपने दस्तावेज सात नवंबर की शाम को ही सौंपे थे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 193(2) के अनुसार, जांच अधिकारी को 60 दिन के भीतर आरोपपत्र दाखिल करना होता है। यदि दस्तावेजों की जांच की जाती तो यह अवधि समाप्त हो जाती। उन्होंने अदालत को बताया कि जांच अधिकारी अब इन दस्तावेजों की जांच करेगा और ट्रायल कोर्ट की अनुमति से उन्हें पूरक आरोपपत्र के साथ दाखिल करेगा।

**25 सितंबर को मिली थी समीर को जमानत**

वहीं, समीर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम शर्मा और अधिवक्ता सिद्धार्थ यादव ने कहा कि नोटिस मिलने के बाद उन्हें दस्तावेज जमा करने का अवसर सात नवंबर की शाम को ही मिला था। इससे पहले छह नवंबर को दिल्ली उच्च न्यायालय ने समीर की उस याचिका पर नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्होंने प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की थी। बता दें कि समीर को 25 सितंबर को साकेत जिला अदालत से जमानत मिली थी। उन्हें 18 सितंबर को लंदन से लौटने के बाद आईजीआई एयरपोर्ट पर लुक आउट सर्कुलर के आधार पर हिरासत में लिया गया था।

## गर्वमेंट को-एड सिनीयर सेकेंडरी विद्यालय ई-ब्लॉक में एमटीएस चेकर मेघराज सिंह हुए सम्मानित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र ने विधायक रवि नेगी के वार्ड 198 वेस्ट विनोद नगर में दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के उप स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय हांडा, कीट विशेषज्ञ डॉ शालिनी कोहली, एसएमआई अशोक पारचा, पीएचआई महेश कुमार मीणा के आदेशानुसार ई-ब्लॉक स्थित गर्वमेंट को-एड सिनीयर सेकेंडरी विद्यालय में डेंगू जागरूकता अभियान के तहत सफल क्रियान्वयन के लिए मलेरिया निरीक्षक संजीव कौशिक के नेतृत्व में मलेरिया विभाग के एमटीएस चेकर मेघराज सिंह को विद्यालय के प्रधानाचार्या हेमचंद, मुकेश कुमार, वन्दना, सुमनलता, धर्मपाल, श्री हेमचन्द, अरविन्द, गीतांजलि, विनय, सुमित, मनोज, निधि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचाय हेमचंद



ने सभी को बताया कि हमारे विद्यालय में लगभग 1300 छात्र-छात्राएं है। पिछले 2 सालों में विद्यालय में कोई भी बच्चा डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया से बीमार नहीं हुआ । विद्यालय के बच्चों को समय- समय पर मेघराज जी द्वारा डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया के मच्छरों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी जाती है। बच्चों को इनसे बचने का तरीका बताया जाता है ताकि ये बीमारियों से बच सके। मेघराज सिंह एमटीएस ने बच्चों को स्कूल में बहुत अच्छी तरह से दोनों मच्छरों के बारे में समझाया। एडीज मच्छर से डेंगू और चिकनगुनिया फीमेल के काटने से होती है एनाफिलीज मच्छर से मलेरिया फैलता है यह मच्छर रात को काटता है दोनों फीमेल के काटने से ही संक्रामक बीमारी फैलती है। मेघराज सिंह समय-समय पर हमारे विद्यालय व वार्ड में लोगों को डेंगू व चिकनगुनिया के बारे में जागरूक करते रहते है। मेघराज जी का काम करने का तरीका सभी को अच्छा लगता है।

## हाईकोर्ट ने वकील के आत्मसमर्पण की अवधि बढ़ाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को एक महिला वकील द्वारा दर्ज दुष्कर्म के मामले में एक वकील के आत्मसमर्पण की अवधि 17 नवंबर तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने 51 वर्षीय वकील को उसकी जमानत रद्द होने के बाद निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया था। पीठ ने आरोपी को महिला वकील से संपर्क न करने का निर्देश दिया है। अगर वह ऐसा करता है, तो दिल्ली पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। सुनवाई के दौरान आरोपी के वकील ने पीठ से उसके आत्मसमर्पण के लिए एक सप्ताह का समय बढ़ाने का आग्रह किया। तर्क दिया गया कि उन्होंने जमानत रद्द करने के आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में अपील दायर की है। सोमवार को इसे सूचीबद्ध किए जाने की संभावना है। अपनी शिकायत में 27 वर्षीय महिला वकील ने आरोप लगाया कि वह एक दोस्त के जरिए आरोपी से मिली थी। उसके घर एक पार्टी में गई थी, जहां उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में उसने शादी का वादा किया, क्योंकि वह विधुर था। उसने आरोप लगाया कि वह व्यक्ति उसे भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करके शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस साल मई में वह गर्भवती हो गई। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी के कुछ न्यायिक अधिकारियों के साथ अच्छे संबंध हैं।

## दिव्यांग व निर्धन बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह का होगा आयोजन

**नई दिल्ली।** छतरपुर मंदिर परिसर में दिव्यांग व निर्धन बेटियों का सामूहिक विवाह समारोह का रविवार को किया आयोजन जाएगा। बेटी फाउंडेशन की ओर से आयोजित समारोह में 31 जोड़े विवाह के बंधन में बंधेंगे। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता में बृहस्पतिवार को फाउंडेशन के चेयरमैन सतीश लोहिया ने बताया कि यह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोजन केवल एक सामाजिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि फाउंडेशन द्वारा उन बेटियों के भव्य विवाह के सपने को साकार करने का प्रयास है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः आठ बजे से होगा। आयोजन में सात हजार से अधिक अतिथियों की उपस्थिति की संभावना है। समारोह को सफल बनाने के लिए 24 अलग-अलग टीम का गठन किया गया है। यह टीम अतिथि स्वागत, भोजन, सुरक्षा, चिकित्सा, मंच व्यवस्था, विवाह की रस्में, विदाई व अन्य व्यवस्थाओं का संचालन करेंगी। इस दौरान फाउंडेशन के संस्थापक अनुज भाटी, मनीष तंवर व पंकज गौड़ सहित कई लोग शामिल रहे।

## सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने दिल्ली विस्फोट के घायलों पर सौरभ भारद्वाज के ट्वीट को बताया शर्मनाक

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज द्वारा किए गए ट्वीट को बेहद शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी झूठ की बुनियाद पर बनी है, अब दिल्ली विस्फोट पीड़ितों पर भी राजनीति करने से नहीं चूक रही है। यह सीधे तौर पर बेरोजगार नेता का राजनीतिक दिवालियापन है।

उल्लेखनीय है कि सौरभ भारद्वाज ने विस्फोट के घायल के हाथ में प्लास्टर को लेकर सवाल उठाते हुए और घायलों से मिलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का फोटो ट्वीट किया था।

खंडेलवाल ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सौरभ भारद्वाज विस्फोट के पीड़ितों पर भी झूठ की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह 11 नवंबर को दोपहर करीब 12:15 बजे खुद एलएनजेपी अस्पताल गया था, तब तक पीड़ित का इलाज शुरू हो चुका था और प्लास्टर भी लग चुका था। जब मैं गया



था, उसी समय सौरभ भारद्वाज भी अस्पताल में मौजूद थे। उन्होंने भी चित्र लिए होंगे। यदि हिम्मत है तो वे वो तस्वीरें सार्वजनिक करें — दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा।

सांसद खंडेलवाल ने कहा कि हार ने सौरभ भारद्वाज और आआपा को इस हद तक गिरा दिया है कि अब वे न केवल पीड़ितों पर सवाल उठा रहे हैं, बल्कि उसी तरह सेना पर भी पहले सवाल उठाने का इतिहास दोहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब झूठ फैलाकर सवाल उठाना आआपा की आदत बन चुकी है। जनता को तो मुंह दिखा नहीं सकते, ऊपर वाले को क्या जवाब दोगे। खंडेलवाल ने कहा की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 10 नवंबर की रात को ही एलएनजेपी अस्पताल में ब्लास्ट पीड़ितों से मुलाकात की थी। विस्तृत चिकित्सकीय जांच के बाद उसी दिन मरीज को प्लास्टर लगाया गया था जबकि मैं 11 नवंबर को दोपहर 12:15 बजे अस्पताल पहुंचा और घायलों से मुलाकात की और मेरे अस्पताल से बाहर निकलते ही सौरभ भारद्वाज भी उसी समय पहुंचे। प्रधानमंत्री के आने से एक दिन पहले। पीड़ित का पूरा इलाज पहले ही शुरू हो चुका था। इससे सौरभ भारद्वाज के झूठ की कलई खुल गई है। बेहद शर्मनाक राजनीति सौरभ भारद्वाज कर रहे हैं। उन्हें पीड़ितों से कोई सहानुभूति नहीं है, केवल राजनीति करना ही उनका मकसद है।

## दिल्ली धमाका: धमाके ने छीनी अंकुश के आंख की रोशनी, राहुल के कान का फटा पर्दा

**नई दिल्ली।** लालकिले के सामने बीते सोमवार को हुए बम धमाके ने राजधानी को दहला कर रख दिया। यही बम धमाका ईस्ट रोहतास नगर में एक ही मकान की अलग-अलग मंजिलों पर रहने वाले दो दोस्तों को भी जिंदगीभर का जख्म दे गया। अंकुश शर्मा (28 वर्ष) और राहुल कौशिक (20 वर्ष) प्रत्येक सोमवार की तरह ही उस दिन भी गौरी शंकर मंदिर में दर्शन करने के लिए बाइक पर सवार होकर निकले थे। लालकिले के सामने लालबत्ती के खुलने का इंतजार कर रहे थे कि अचानक कार में बम धमाके से दोनों उछल कर दूर जाकर गिर पड़े। इस हादसे ने अंकुश की दाईं आंख की रोशनी छीन ली है, जबकि राहुल के बाएं कान का पर्दा फट गया है। धमाके के तीन दिन बाद भी दोनों घायलों के परिवार सहमे हुए हैं और अपने बच्चों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

**सर्जरी के बाद आईसीयू में भर्ती हैं अंकुश**

अंकुश अपने परिवार के साथ ईस्ट रोहतास नगर के ई-ब्लॉक स्थित मकान की तीसरी मंजिल पर रहते हैं। उनके पिता सुधीर शर्मा निजी नौकरी करते हैं और मां मीनाक्षी शर्मा गृहिणी हैं। पिता ने बताया कि अंकुश करोलबाग स्थित गहनों की दुकान पर काम करते हैं। परिवार को आर्थिक सहारा देने के लिए दिन-रात मेहनत करते थे। धमाके में उनका आधे से अधिक शरीर झुलस गया है। बुधवार को एलएनजेपी अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई और फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती हैं। हादसे वाले दिन बाइक अंकुश ही चला रहे थे और राहुल पीछे बैठे थे। धमाके के बाद अंकुश को बैटरी रिक्शा में बैठाकर अस्पताल ले जाया गया था। मां ने रोते हुए कहा कि बिना रोशनी के अब उनके बेटे का जीवन अंधकार में ही बीतेगा। परिवार ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। हादसे ने छीनी सुनने की क्षमता, पहुंचा मानसिक आघात राहुल अपने परिवार के साथ उसी मकान की दूसरी मंजिल पर रहते हैं। उनके पिता पुरुषोत्तम सरकारी नौकरी करते हैं और मां दुर्गेश शर्मा गृहिणी हैं। मां ने हिन्दुस्तान से बातचीत में बताया कि बम धमाके में राहुल के बाएं कान का पर्दा फट गया है, जिसकी वजह से वह कुछ भी ठीक से सुन नहीं पा रहे हैं। उनका दायां पैर अधिक झुलस गया है और बाल पूरी तरह जल चुके हैं। हादसे से उनके काफी मानसिक आघात पहुंचा है, जिसके कारण वह एक भी रात ठीक से सो नहीं पाए हैं।

## फर्जी संपत्ति दस्तावेजों के जरिये एसबीआई को चार करोड़ का चूना, आर्थिक अपराध शाखा ने तीन जालसाजों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक ऐसे संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है, जिसने जाली संपत्ति दस्तावेजों के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से चार करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त कर धोखाधड़ी की। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपितों जतिन प्रसाद, राजेंद्र कुमार उर्फ राजा और संदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह मेसर्स जुकिटो इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से फर्जी पहचान व संपत्ति प्रमाणपत्र तैयार कर बैंकों से ऋण प्राप्त करता था। मामले का खुलासा तब हुआ जब द्वारका सेक्टर-12 के निवासी ने शिकायत दर्ज कराई कि उसकी संपत्ति के दस्तावेजों और व्यक्तिगत पहचान प्रमाणों (पैन और आधार कार्ड) की जालसाजी कर किसी ने बैंक से ऋण ले लिया है।

## समाचार

### लाल किला मेट्रो स्टेशन अगली सूचना तक बंद रहेगा: डीएमआरसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने गुरुवार को कहा कि सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन अगली सूचना तक बंद रहेगा। दिल्ली के अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से कार्यरत हैं। डीएमआरसी ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया है, सुरक्षा कारणों से लाल किला मेट्रो स्टेशन अगली सूचना तक बंद रहेगा। अन्य सभी स्टेशन सामान्य रूप से कार्यरत हैं। यह कदम लाल किले के पास हुए कार विस्फोट के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कड़ी सतर्कता और एहतियाती उपायों के बीच उठाया गया है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियां लाल किले के पास सोमवार शाम को हुए विस्फोट की जांच कर रही हैं, जिसके कारण स्टेशन को बंद कर दिया गया है। इस विस्फोट में अबतक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि दिल्ली मेट्रो की वायलेट लाइन स्थित यह मेट्रो स्टेशन ऐतिहासिक लाल किला, जामा मस्जिद और व्यस्त चांदनी चौक क्षेत्र सहित कई प्रमुख स्थलों के लिए प्रमुख प्रवेश बिंदु के रूप में कार्य करता है। इसके अस्थायी रूप से बंद होने से पुरानी दिल्ली आने वाले दैनिक यात्रियों और पर्यटकों पर असर पड़ने की उम्मीद है।

### सीबीआई ने एमसीडी के कनिष्ठ अभियंता को 10 लाख की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नजफगढ़ जोन में तैनात एक कनिष्ठ अभियंता को 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार, यह मामला 11 नवंबर को दर्ज किया गया था, जिसमें नजफगढ़ जोन के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोप है कि इन अभियंताओं ने शिकायतकर्ता से लगभग तीन करोड़ रुपये के लंबित बिलों को पास करने के एवज में 25 लाख 42 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई ने 11 नवंबर को जाल बिछाकर आरोपी कनिष्ठ अभियंता को शिकायतकर्ता से 10 लाख रुपये रिश्वत की पहली किस्त लेते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। एजेंसी ने इसके बाद आरोपितों के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया, जिसमें भारी मात्रा में नकदी, आभूषण और संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद किए गए। मामले में नामजद अभियंताओं में कार्यपालक अभियंता आरसी शर्मा, सहायक अभियंता नवीन कौल और कनिष्ठ अभियंता अजय बब्बरवाल शामिल हैं। इनमें अजय बब्बरवाल को गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने कहा कि मामले की जांच जारी है।

### आईपीयू के कुलपति एनएएमएस में प्रोफेसर एमेरिटस की उपाधि से सम्मानित

**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) के कुलपति प्रो. (डॉ.) महेश वर्मा को गुरुवार को राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान अकादमी (एनएएमएस) में प्रोफेसर एमेरिटस की उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हरियाणा के राज्यपाल द्वारा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन ऐंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ में आयोजित एनएएमएस सभागार में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. महेश वर्मा मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज, नई दिल्ली में प्रोफेसर एमेरिटस भी हैं और अंतरराष्ट्रीय डेंटल रिसर्च एसोसिएशन (इंडिया) के अध्यक्ष और वर्ल्ड डेंटल फेडरेशन, स्विट्जरलैंड के उपाध्यक्ष सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। डॉ. वर्मा के योगदान को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिनमें डेंटिस्ट्री के क्षेत्र में उच्चतम मान्यताओं में से एक – डॉ. बीसी रॉय पुरस्कार भी शामिल है।

### डीयू कार्यकारी परिषद की 1279वीं बैठक आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय कार्यकारी परिषद (ईसी) की 1279वीं बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुआ। इस बैठक में डीयू की 102वीं वार्षिक रिपोर्ट के मसौदे को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। डीयू कुलसचिव डॉ. विकास गुप्ता ने बताया कि यह वार्षिक रिपोर्ट 01.04.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि के लिए तैयार की गई है, जिसमें वर्ष 2024-2025 के दौरान दिल्ली विश्वविद्यालय की गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया है। इस रिपोर्ट में दो भाग हैं – जिनमें से पहले भाग में संबंधित अवधि की उपलब्धियों और गतिविधियों के मुख्य बिंदु, संकायों, विभागों, केंद्रों, महाविद्यालयों और वित्त सहित दिल्ली विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी शामिल है जबकि दूसरे भाग में सूचना और आंकड़े दिए गए हैं।

### घर में घुसकर दो वर्षीय बच्ची के साथ पड़ोसी ने की दरिंदगी, पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर से इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने अपने ही पड़ोसी की दो साल की मासूम बच्ची के साथ शर्मनाक हरकत की। आरोपी जब दरिंगगी की वारदात को अंजाम दे रहा था, इसी बीच बच्ची की मां वहां आ गई। इसके बाद परिजनों ने आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बच्ची की मां के बयान मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता दंपती रेहड़ी लगाकर गुजारा करते हैं और गोद ली हुई दो वर्षीय बेटी के साथ किराये पर रहते हैं। घटना वाले दिन बच्ची गली में अन्य बच्चों संग खेल रही थी। उसकी मां कुछ देर के लिए घर के अंदर चली गई। कुछ देर बाद लौटने पर बच्ची गायब मिली। पूछताछ में एक व्यक्ति ने बताया कि उसे पड़ोसी लेकर गया है। जब महिला पड़ोसी के घर पहुंची तो उसने मासूम को आरोपी के बिस्तर पर अश्लील हालत में पाया और वह बच्ची के साथ अश्लील हरकत कर रहा था। शोर मचाने पर आसपास के लोग और महिला का पति मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस को सूचित कर आरोपी को परिजनों ने पुलिस को सौंप दिया। एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल से सुराग जुटाए हैं। बिस्तर की चादर और अन्य सामग्री इत्यादि को जब्त किया गया है। पुलिस पॉक्सो एक्ट की धारा छह समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** राजधानी के युवा एथलीट अब मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना के तहत वित्तीय और प्रशिक्षण सहायता के पात्र होंगे। शिक्षा निदेशालय ने 68वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों 2024-25 में भाग लेने वाले एथलीट को लेकर यह घोषणा की है। पात्र खिलाड़ी शिक्षा निदेशालय के खेल पोर्टल के माध्यम से 2024-25 चक्र के लिए 14 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की हार्ड कॉपी, आवश्यक दस्तावेजों के साथ मॉडल टाउन स्थित छत्रसाल स्टेडियम में जमा करनी होगी।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09252546A | रिपेयर किट | 8100 सेट | 04-12-25 |
| 02 | 77256719 | चेक रेल असेंबली फॉर लेवल क्रासिंग | 4272 सेट | 08-12-25 |
| 03 | 09252539A | न्यू डोरवे स्टिफनिंग क्रोस बार | 5565 नग | 08-12-25 |
| 04 | 19250657 | किट फॉर इ –70 ब्रेक कंट्रोल यूनिट | 53 सेट | 09-12-25 |
| 05 | 09252504 | कांस्टेंट कांटेक्ट पोलीरेथेन साइड बेयरर पैड असेंबली | 4028 नग | 09-12-25 |
| 06 | 09252529 | पैकिंग | 9199 नग | 10-12-25 |
| 07 | 77256610 | एन सी आर जी आर एस पी फॉर 1 इन 12, 60 किलो ग्राम टर्न आउट | 1338 सेट | 15-12-25 |
| 08 | 09252535 | कास्ट स्टील बोल्स्टर | 91 नग | 17-12-25 |

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 59/2025–2026 दिनांक 12.11.2025 3519/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

P-04:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 9:31 PM Page 1



# नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का माध्यम है युवा महोत्सव: कुलगुरु



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय युवा महोत्सव "शंखनाद-6" के दूसरे दिन रंग, संगीत और सांस्कृतिक उत्सव की गूंज चारों ओर रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी, देव प्रसाद भारद्वाज, सोनिया यादव पार्षद, प्रसिद्ध उद्यमी एवं समाजसेवी विनोद मित्तल, सुशील बदरवाल, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील जिंदल, जगदीश ग्रोवर, चिदाम्बर, प्रसिद्ध गायक राज महावर, संजीत सिरोहा, यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. संजय अरोड़ा उपस्थित रहे। माननीय अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर दिनभर चलने वाली प्रतिस्पधाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। प्रसिद्ध गायक राज महावर और संजीत सरोहा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर छात्र-छात्राएँ देर तक थिरकते रहे और पूरा कैंपस तालियों की गूंज से भर गया। दूसरे दिन विभिन्न विधाओं जैसे वन-एक्ट-प्ले, माइम, मिमिक्री, क्लासिकल डांस, सोलो डांस (फोक)फीमेल, सोलो डांस (फोक)मेल, ग्रुप डांस (सामान्य), इंडियन क्लासिकल म्यूजिक (वोकल), इंडियन क्लासिकल म्यूजिक (इनस्ट.)तालवाद्य, लोकगीत (हरियाणवी), लोकगीत (सामान्य), डिबेट -हिंदी & इंग्लिश,डाक्यूमेंट्री, शार्ट फिल्म, स्पॉट फोटोग्राफी, कोलाज, कार्टूनिंग, बेस्ट ऑफ ऑफ वेस्ट का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अपने संबोधन में कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक ने कहा कि भारत का भविष्य इन युवाओं के हाथों में है, जो न केवल शिक्षा बल्कि कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इसी जोश और अनुशासन के साथ जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ें। तीन दिवसीय युवा महोत्सव का यह दूसरा दिन विश्वविद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के लिए यादगार पलों से भरा रहा, जिसने यह साबित किया कि गुरुग्राम विश्वविद्यालय न केवल अकादमिक उत्कृष्टता बल्कि सांस्कृतिक ऊँचाइयों का भी प्रतीक है। इस मौके पर गुरुग्राम मेयर राजरानी मल्होत्रा, ओम स्वीट्स से ओमप्रकाश कथूरिया, चंडीगढ़ से प्राचार्य डॉक्टर अजय शर्मा भी उपस्थित रहे।

# डीसी अजय कुमार ने वजीराबाद तहसील में पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया का किया निरीक्षण

● नागरिकों से लिया फीडबैक, कहा — पारदर्शी और आधुनिक व्यवस्था की दिशा में बड़ा बदलाव



**गुरुग्राम।** डीसी अजय कुमार ने आज वीरवार को वजीराबाद तहसील का औचक निरीक्षण कर पेपरलेस ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने तहसील कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों से पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली तथा रजिस्ट्री कराने आए नागरिकों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव और सुझाव भी सुने।निरीक्षण के दौरान डीसी ने सबसे पहले हेल्प डेस्क का दौरा किया, जहां उन्होंने उपस्थित नागरिकों से पूछा कि क्या उन्हें दस्तावेज अपलोड करने, अपॉइंटमेंट लेने या भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है। अधिकांश नागरिकों ने बताया कि नई प्रणाली से रजिस्ट्री प्रक्रिया में काफी सरलता आई है और अब उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। डीसी अजय कुमार ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली नागरिकों को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम है। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हेल्प डेस्क पर पर्याप्त प्रशिक्षित कर्मी तैनात रहें, ताकि किसी भी नागरिक को प्रक्रिया समझने में कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि सभी तहसील और उपतहसील कार्यालयों में इस प्रणाली के सफल संचालन के लिए निरंतर निगरानी रखी जा रही है। डीसी अजय कुमार ने बताया कि नागरिक ई-रजिस्ट्री के लिए पोर्टल पर जाकर आवेदन, दस्तावेज सत्यापन और अपॉइंटमेंट की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे नागरिकों को इस सुविधा के प्रति जागरूक करें ताकि अधिक से अधिक लोग डिजिटल रजिस्ट्री का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी नागरिक इस नई प्रणाली से असुविधा का सामना न करे। पेपरलेस प्रणाली शासन के पारदर्शिता और सुशासन के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसे सफल बनाने में नागरिकों की सहभागिता सबसे महत्वपूर्ण है।

## समाचार

# 13 दिसंबर को लगाई जाएगी राष्ट्रीय लोक अदालत : सीजेएम राकेश कादियान

**गुरुग्राम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरमैन वाणी गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश कादियान के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को गुरुग्राम जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा।इस लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से त्वरित व स्थायी समाधान करना है। इसमें विशेष रूप से ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, जमानती फौजदारी केस, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, राजस्व मामले और अन्य छोटे-मोटे वादों का निपटारा किया जाएगा।सीजेएम राकेश कादियान ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित विवादों को लोक अदालत के माध्यम से निपटवाकर त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

# मोहन लाल बड़ौली ने दी अमित भारद्वाज को जन्मदिवस की बधाई

**गुरुग्राम।** गुरूग्राम महानगर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित भारद्वाज ने हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली से अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर सोनीपत स्थित निवास पर पहुंचकर उनका स्नेह,



मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उनके साथ बिताए गए यह क्षण इस दिन को और भी यादगार बना गए।साथ ही प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय आहूजा की गरिमामयी उपस्थिति ने इस अवसर को और भी विशेष बना दिया।मेरे लिए यह क्षण गर्व और प्रेरणा दोनों का प्रतीक रहा इस अवसर पर हमारे संगठन के कई सम्मानित साथी भी मौजूद रहे जिला महामंत्री किसान मोर्चा धर्मेन्द्र तंवर, जिला सचिव वाई के चौहान, जिला प्रवक्ता पवन भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष रिंकू शर्मा सहित अन्य गणमान्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।यह जन्मदिन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि परिवार, संगठन और विचारधारा के प्रति समर्पण का प्रतीक बना।

# जमीन का फर्जी मालिक बनकर बेची बेशकीमती जमीन में एक काबू

**गुरुग्राम।** जमीन का फर्जी मालिक बनकर फर्जी तरीके से जमीन को बेचने के मामले में शामिल एक आरोपी को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह जमीन फर्जी तरीके से प्लॉट का मालिक बनकर उसने एक करोड़ 83 लाख 22 हजार रुपए में बेची थी। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने गुरुवार को बताया कि अपराध शाखा-1 ने इस मामले की जांच करके फर्जीवाड़े का खुलासा किया। जानकारी के अनुसार पीड़ित विनीत कश्यप व विनोद कश्यप ने शिकायत में बताया कि वर्ष-1989 में गांव खत्रिका सोहना में लगभग 46 कनाल जमीन उन्होंने खरीदी थी। 12 अगस्त 2024 को उन्हें पता चला कि उनकी इस जमीन को उनके नाम से विनीत उर्फ विपिन कश्यप (फर्जी व्यक्ति) व विनोद कश्यप (फर्जी व्यक्ति) द्वारा मालिक बनकर व उनके आधार कार्ड, पेन कार्ड व उनकी जमीन के फर्जी कागजात बनवाकर किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी। इस शिकायत पर पुलिस थाना शहर सोहना में केस दर्ज किया गया। इस मामले आर्थिक अपराध शाखा-1 को जांच के लिए सौंपा गया। 30 जनवरी 2025 को आर्थिक अपराध शाखा-1 गुरुग्राम की ओर से फजीर्वाड़े से जमीन बेचने की जांच के बाद मामला थाना को सौंपा दिया गया। पुलिस टीम द्वारा इस मामले में 12 नवंबर 2025 को अलीगढ़ उत्तर-प्रदेश से एक आरोपी को काबू किया। आरोपी की पहचान ओमवीर उर्फ फर्जी विनीत कश्यप (उम्र-44 वर्ष, शिक्षा-8वीं) निवासी गांव चांदौस, जिला अलीगढ़ (उत्तर-प्रदेश) के रूप में हुई। आरोपी से प्रारंभिक पुलिस पूछताछ में पताच ला कि वह अलीगढ़ एक स्कूल की वैन पर ड्राइवर है। उसने ने जुलाई-2024 में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी डॉक्यूमेंट के आधार पर फर्जी विनीता कश्यप (शिकायतकर्ता) बनकर व फर्जी आधार कार्ड व फर्जी जमीन कागजात बनाकर उपरोक्त जमीन को किसी अन्य व्यक्तियों को 01 करोड़ 83 लाख 22 हजार 500 रुपए में बेच दिया था। इस रकम में से करीब 84 लाख उसके बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। आरोपी को गुरुवार को न्यायालय में पेश करके चार दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है।हुए कहा कि उक्त स्थान पर आधुनिक शौचालय बनाकर लोगों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

# बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट व बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों के काटे चालान




**गुरुग्राम।** बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट व बिना नम्बर प्लेट वाले वाहनों पर गुरुग्राम पुलिस ने शिकंजा कसा है। एक वाहनों की धरपकड़ करते हुए पुलिस ने अक्टूबर-2025 में 19309 वाहनों की जांच की। नियम की अवहेलना में उन पर एक करोड़ 43 लाख 78 हजार 500 रुपये का जुमार्ना ठोंका गया। पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन ने गुरुवार को बताया कि भविष्य में भी पुलिस ऐसे वाहन चालकों पर सख्त रहेगी, ताकि हर कोई नियमों का पालन करे। पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन की देखरेख में यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा बिना नम्बर प्लेट और बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करते हुए एक अक्टूबर 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक गहन जांच की। इस दौरान 19309 वाहनों के चालान किए गए। उन पर एक करोड़ 43 लाख 78 हजार 500 रुपयों का जुमार्ना लगाया गया। एक माह में बिना नम्बर प्लेट के 5603 चालान किए, जिनकी कुल जुमार्ना राशि 46 लाख 33 हजार 500 रुपये है। बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट के 3630 चालान सीसीटीवी कैमरों सहित कुल 13706 चालान किए गए। जिनकी कुल जुमार्ना राशि 97 लाख 45 हजार रुपये है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा यातायात का संचालन सुगम, व्यवस्थित व सुरक्षित करने के उद्देश्य से यातायात के नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त यातायात डॉ. राजेश मोहन ने कहा कि सभी वाहन चालक अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना सुनिश्चित करें, बगैर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के वाहन ना चलाए। यदि सभी वाहन चालक हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाकर वाहन चलाए तो पुलिस को शरारती/अपराधी तत्व को पकड़ने में सहायता होगी। अपराधिक, असामाजिक तत्वों को इसका फायदा नहीं मिल जाएगा। हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट का प्रयोग करने से सुरक्षा सुनिश्चित होगी और अपराधी/शरारती तत्वों पर आसानी से नकेल कसी जा सकेगी। गुरुग्राम पुलिस आप सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट जरूर लगाए। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा इस प्रकार के चालान अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे।

# सीवर लाईन डालने के कार्य का हुआ शुभारंभ

**गुरुग्राम।** नगर निगम वार्ड 9 के सरस्वती एंक्लेव क्षेत्र में सीवर लाईन डालने के कार्य का शुभारंभ नगर निगम पार्षद अवनीश राघव ने क्षेत्र की आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया। क्षेत्रवासियों का



कहना है कि पिछले काफी समय से क्षेत्र की सीवर लाईन न केवल जर्जर हो चुकी थी, अपितु बार-बार जाम होने के कारण सीवर का गंदा पानी सडक पर बहता रहता था, जिसके कारण आम लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही थी। इस बारे में क्षेत्र के पार्षद को अवगत कराया गया, उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान करते हुए सीवर लाइन डालने के कार्य की शुरूआत करा दी है। पार्षद का कहना है कि पुरानी सीवर लाइन कई जगह पर जाम होने के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नई लाइन डलने के बाद क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिल जाएगी। इस अवसर पर निगम पार्षद महावीर यादव, पूर्व पार्षद उदयवीर अंजना, आरडब्ल्यूए के रणवीर अत्री, पंडित हरिओम प्रधान, जयभगवान मांढी मौजूद रहे।

# शहर के चारों जोनों में सक्रियता से जुटी हैं सफाई टीमें

● ग्रेप चरण-3 की पालना पर निगम आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश




**गुरुग्राम।** नगर निगम द्वारा शहरभर में सफाई एवं प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ा व्यापक कार्य अभियान तेजी से चल रहा है। निगम की टीमें चारों जोनों में अलग-अलग सडकों पर धूल-मिट्टी, झाडिड्ढां, मलबा, प्लास्टिक वेस्ट, बागवानी वेस्ट तथा अन्य कचरा उठाने का कार्य निरंतर कर रही हैं। संयुक्त आयुक्त स्वयं मौके पर पहुंचकर सफाई कार्यों की निगरानी कर रहे हैं और फील्ड में तैनात टीमों का उत्साहवर्धन भी कर रहे हैं। वीरवार को निगमायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में संयुक्त आयुक्तों ने अभियान की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अधिकारियों ने बताया कि वाटिका चौक से सुभाष चौक, ओल्ड व न्यू रेलवे रोड, हुडा सिटी सेंटर से अतुल कटारिया चौक और श्याम चौक से शोभा सिटी रोड तक सफाई और कचरा हटाने का कार्य लगभग पूर्ण होने की ओर है। इसके पश्चात निगम अन्य प्रमुख सडकों पर अभियान को आगे बढ़ाएगा। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) की समीक्षा करते हुए कहा कि शहर में ग्रेप के तीसरे चरण के तहत लागू दिशा-निदेशों का सख्ती से पालन कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिबंधित निर्माण व तोडफोड़ गतिविधियों, खुले में निर्माण सामग्री रखने, मलबा या कचरा डंपिंग, और आग लगने की घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान और कानूनी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि मैकेनाइज्ड सफाई और शोधित पानी से सडकों पर छिडकाव लगातार किया जा रहा है ताकि धूल को नियंत्रित किया जा सके। निगम आयुक्त ने यह भी कहा कि फील्ड में सफाई कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति जांच की जाए और सफाई एजेंसियों से कार्य आदेश के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करवाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के गार्बेज वर्नेबल पॉइंट्स (जीवीपी) की संख्या को कम करने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए। सभी सेकेंडरी पॉइंट्स से कचरा नियमित रूप से उठाया जाए और किसी भी स्थान पर कूड़ा फैलने न दिया जाए।

# श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष पर हिंद की चादर शहीदी नगर कीर्तन आज पहुंचेगा गुरुग्राम

● डीसी ने अधिकारियों के साथ की तैयारियों की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**गुरुग्राम।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही हिंद की चादर शहीदी नगर कीर्तन यात्रा आज फरीदाबाद से गुरुग्राम पहुंचेगी। यह यात्रा गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान, शिक्षाओं और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का प्रतीक है। यात्रा के सुचारू संचालन को लेकर डीसी अजय कुमार ने अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में यात्रा मार्ग, सुरक्षा, सफाई, यातायात और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। डीसी ने निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें। 14 नवंबर की शाम यह यात्रा डीएलएफ फेज-1 गुरुद्वारा में पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु संगत इसका भव्य स्वागत करेगी। गुरुग्राम पहुंचने पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह श्रद्धालुओं के साथ यात्रा का स्वागत करेंगे। 15 नवंबर को नगर कीर्तन गुरुग्राम शहर के विभिन्न गुरुद्वारों से होते हुए 16 नवंबर की सुबह करीब 10:30 बजे रेवाड़ी जिले में प्रवेश करेगा। यह यात्रा आगे विभिन्न जिलों से होती हुई 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र पहुंचेगी, जहां राज्य स्तरीय भव्य समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे हरियाणा में एक माह तक हिंद की चादर श्रृंखला के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें कीर्तन, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य गुरु जी के आदर्शों, त्याग और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। बैठक में सीईओ जिला परिषद सुमित कुमार, एसडीएम बादशाहपुर संजीव सिंगला और सीटीएम सपना यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आतंकी हमले के मृतकों को छात्रों ने किया नमन

**गुरुग्राम।** गत दिवस दिल्ली के लाल किले के निकट हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को जहां कादीपुर क्षेत्र स्थित स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए, वहीं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी छात्र-छात्राओं ने की। संस्था के अध्यक्ष राजेश पटेल का कहना है कि बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं



ने शहीद हुए मृतकों को कैंडल प्रज्जवलित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि यह आतंकी घटना कायरता को दशार्ती है। आतंकी हमले किसी भी सूरत में सहन नहीं किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी स्पष्ट कर दिया है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। देश की सुरक्षा एजेंसियां मामले की छानबीन पूरी गहनता से कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि वे फिर से इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देने का दुस्साहस न कर सकें।

# गुरुग्राम को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन



**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के निवासियों को बढ़ते प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को उजागर करने और स्वच्छ एवं हरित गुरुग्राम के निर्माण के लिए सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देने के लिए नगर निगम द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत यूनाइटेड वे ऑफ दिल्ली के सहयोग से सैक्टर 34 स्थित निगम सभागार में गुरुग्राम को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ सौरभ ने विस्तार से बताया कि गुरुग्राम जैसे तेजी से विकसित हो रहे शहर में औद्योगिक गतिविधियाँ, वाहन उत्सर्जन, निर्माण कार्यों से उत्पन्न धूल, और खुले में कचरा जलाने जैसी गतिविधियाँ वायु गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं का समाधान केवल प्रशासनिक कदमों से नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता और व्यवहारिक बदलाव से संभव है। उन्होंने अपने प्रेजेंटेशन में प्रदूषण के प्रमुख स्रोतों, उसके स्वास्थ्य पर प्रभावों और उससे निपटने के व्यावहारिक उपायों जैसे — सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाना, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करना, वृक्षारोपण करना और वाहनों की नियमित सर्विसिंग कराने — पर विशेष रूप से प्रकाश डाला। कार्यशाला के दौरान "स्वच्छ गुरुग्राम - प्रदूषण मुक्त गुरुग्राम विषय पर खुली चर्चा भी आयोजित हुई, जिसमें सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने शहर को हरित बनाने हेतु कई सुझाव दिए। वहीं, बैलेंसिंग बिट के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए सैक्टर 43 स्थित कम्पोस्टिंग साइट का शैक्षिक दौरा आयोजित किया। नगर निगम की टीम ने सैक्टर 10ए मार्किट में दुकानदारों को कचरा प्रबंधन और पॉलिथिन का उपयोग न करने के प्रति जागरूक किया।

# भोंडसी थाने से मात्र दूरी पर महिला का शव पेड़ से मिला लटका, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**सोहना।** भोंडसी थाने के पास मात्र थोड़ी दूरी पर एक 35 वर्षीय महिला का शव पंचायती भूमि में पेड़ पर लटका मिला। मृतक महिला के घुटने जमीन पर टिके हुए थे। तथा गले में लगा फांसी के फंदे का दूसरा सिरा सूखे हुए कीकर के पेड़ से बंधा था। पुलिस ने मृतक महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम व पहचान के लिए रखवा दिया है। तथा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।बुधवार को सुबह भोंडसी थाने में तैनात पुलिस कर्मी थाने से लगती घामडोज ग्राम पंचायत की खाली पड़ी भूमि में शौच करने के लिए गया था तभी पुलिस कर्मी को कीकरों के बीच युवती पेड़ से लटकी नजर आई। जिसकी सूचना पुलिस कर्मचारी ने तुरंत ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार को दे दी। थाना प्रभारी ने सीएफएसएल टीम को सूचना देकर मौके पर बुला लिया। करीब आधे घण्टे तक टीम ने घटनास्थल की जांच करके शव को गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम व जांच के लिए रखवा दिया ।जहां महिला का नाम मालूम नहीं हों पाया ।लेकिन नेपाल की बताई जा रही है। जो सेंट्रल पार्क में घरों में काम करती थी।जो पिछले 7 नवंबर से गायब थी।वहां बताया जा रहा है महिला शादीशुदा थी जिसके दो बच्चे भी हैं।परिजनों को सूचित कर दिया है।

**युवती के पेंट से मिला फोन।** मृतक युवती के पेंट से मोबाइल फोन मिला है। जिसकी बैटरी समाप्त पाई गई है। युवती के शरीर व बाजुओं पर टेंटु छपे हुए थे। जिसका बदन नीला पड़ा हुआ था।जहां उसका पर्स भी उसके पीछे पड़ा मिला। घटना को लेकर भोंडसी थाना प्रभारी को कई बार फोन लगाया लेकिन फोन ही उठाया।

# भीम सेना के सतपाल तंवर को एक बार फिर मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस को दी शिकायत

**गुरुग्राम।** भीम सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर को कथित तौर पर बिश्नोई गैंग अनमोल बिश्नोई के नाम से जान से मारने की धमकी एक बार फिर मिली है। धमकी देने वाले ने खुद को बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया है। धमकी देने वाले ने सतपाल तंवर को 24 घंटे में जान से मारने की बात कही है। व्हाट्सएप पर मैसेज करने वाले ने बोला है कि 5 लाख दो वरना जान से मार देंगे, शाम तक का टाइम है तुम्हारे पास, शूटर लगे हैं तुम्हारे साथ। सतपाल तंवर का कहना है कि गत दिवस उनके मोबाईल नंबर पर अज्ञात नंबर से वाट्सअप आया था। इस मामले की शिकायत सेक्टर 37 पुलिस थाना को दे दी गई है और आग्रह किया गया है कि अज्ञात बदमाशों के खिलाफ कार्यवाही कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। सतपाल तंवर का कहना है कि पुलिस को लिखित में सूचित कर दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने कोई मामला दर्ज नहीं किया था। तंवर का कहना है कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हालांकि पुलिस ने 2 जवान उनको पहले ही सुरक्षा में लगाए हुए हैं।

# नेत्रदान अभियान के तहत प्राप्त 4 कॉर्निया से मिलेगी 2 दृष्टिहीन व्यक्तियों को रोशनी : डा. आहूजा

**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था निरामया चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे नेत्रदान जागरुकता अभियान का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। लोगो में जहां नेत्रदान के प्रति जागरुकता आई है, वहीं संकल्प पत्र भरकर अपनी सामाजिक भावना का परिचय भी दे रहे हैं। निरामया चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डा. टीएन आहूजा व डायरेक्टर डा. हितेंद्र आहूजा ने बताया कि स्व. प्रशांत चंद्रकांत व स्व. गीता चावला द्वारा मृत्योपरांत किए गए नेत्रदान के चलते आई बैंक को 4 कॉर्निया प्राप्त हुए। इन कॉर्निया से अब 2 दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी की संभावना बनी है। प्राप्त हुई कॉर्निया को संरक्षित किया गया है और उनका प्रत्यारोपण शीघ्र ही जरुरतमंद रोगियों को किया जाएगा। उन्होंने नेत्रदान कराने वाले लोगों का आभार प्रकट किया है कि नेत्रदान एक पुनीत कार्य है। जिससे किसी को जीवन की सबसे महत्वपूर्ण रोशनी मिलती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करें, ताकि अधंता की समस्या को काफी कम किया जा सके।

# आम आदमी पार्टी की रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो की पदयात्रा पहुंचेगी 24 को इलाहाबाद




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** रोजगार दो ,सामाजिक न्याय दो की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी की 12 नवंबर से अयोध्या से शुरू हुई पदयात्रा 24 नवंबर को इलाहाबाद संगम पर समाप्त होने वाली इस यात्रा के प्रारंभ में हुई जनसभा को संबोधित करते हुए भारत के वरिष्ठ समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि देश में गरीब अमीर के बीच खाई बढ़ रही है। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की मर्यादा एवं उनके राज्य का विस्तार से जिक्र करते हुए कहा कि रामराज बात करने वाले भाजपाई अमर्यादित हैं। रामराज में प्रभु श्री राम सबकी सुनते थे लेकिन भाजपा राज में विपक्षियों की आवाज को कुचला जाता है। दिल्ली लाल किले के समीप हुए विस्फोट पर मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री निवास से मात्र 3 किलोमीटर दूरी पर हुए इस विस्फोट से यह साबित होता है कि मोदी जी, देश की सुरक्षा करने में असफल साबित हुए हैं। उन्होंने यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा सांसद संजय सिंह जी से राज्यसभा में रोजगार को मौलिक अधिकार बनाने का बिल लाने के लिए कहा। सभा को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने यात्रा की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा उत्तर प्रदेश के अंदर बड़े पैमाने पर दलितों के साथ अन्याय हो रहा है बेरोजगार निराशा हैं तथा उत्तर प्रदेश पेपर लीक प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 24 नवंबर को पहले पड़ाव पूरा करेगी। आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश के सांगठनिक ढांचे में बने आठों प्रन्तों में की जाएगी तथा जन-जन तक रोजगार दो और सामाजिक न्याय दो के सवाल को पहुंचने का काम किया जाएगा। आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने बताया के उत्तर प्रदेश के पार्टी के प्रत्येक जिले से बड़ी संख्या में पदाधिकारीयों ने हिस्सा लिया है तथा यात्रा के संदेश ने सभी को उत्साहित किया है। मथुरा से इस यात्रा में जिला अध्यक्ष भगत सिंह के साथ-साथ व्यापार प्रकोष्ठ प्रांतीय महासचिव मधुर सेठ, पार्टी जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, किसान प्रकोष्ठ नेता प्रांतीय नेता चेतन सिंह ,एससी एसटी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह सोनू फौजी एवं राजेंद्र सिंह ने हिस्सा लिया।

# निगम ने शुरु किया ढमोला नदी का सौंदर्यीकरण व सफाई

**-महापौर व नगरायुक्त ने श्रमदान कर शुरु किया अभियान**
**-ढमोला किनारे सीढ़ियोंनुमा कच्चे घाट बनाकर किया जायेगा वृहद वृक्षारोपण**




**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला सफाई व हरियाली अभियान शुरु किया। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने ढमोला किनारे पौधारोपण व श्रमदान कर अभियान की शुरुआत की। ढमोला नदी पर स्थित सभी सात पुलों के किनारे घाट की तर्ज पर अस्थायी कच्ची सीढ़िया बनायी जायेंगी और उन पर वृहद वृक्षारोपण किया जायेगा। दिसम्बर तक अभियान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दो पोकलेन और दो जेसीबी के साथ नगर निगम द्वारा आज से ही कार्य शुरु कर दिया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि निगम अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ विश्वकर्मा चौक के निकट ढमोला नदी पर पहुंचे और ढमोला किनारे प्रतिंधित पॉलीथिन व अन्य कचरा चुनते हुए श्रमदान और पौधारोपण किया। अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव, जेडएसओ राजीव चौधरी व पार्षद अमित त्यागी और गौरव कपिल ने भी श्रमदान व पौधारोपण में भागेदारी की।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने महापौर डॉ. अजय कुमार को बताया कि करीब नौ किलोमीटर लंबी ढमोला नदी पर सात पुल बने हैं। इन पुलों के दोनों ओर ढमोला नदी के किनारे करीब सौ-सौ मीटर क्षेत्र में पूर्व में ढमोला नदी से सफाई के दौरान निकाली गयी मिट्टी तथा अब ढमोला की सफाई के दौरान निकलने वाली मिट्टी से घाट की तर्ज पर अस्थायी कच्ची सीढ़िया बनायी जायेंगी, और उन सीढ़ियों पर वृहद वृक्षारोपण किया जायेगा। नगरायुक्त ने गैराज प्रभारी को बाहर से और अधिक पोकलेन किराये पर लेकर 24 घण्टे लगातार कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग को गेंदा व सूरज मुखी का बीज लेकर ढमोला किनारे बनायी जा रही कच्ची सीढ़ियों पर बिखरवाने के भी निर्देश दिए।

महापौर डॉ. अजय कुमार ने आसपास रहने वाले लोगों से निगम द्वारा ढमोला सफाई व हरियाली अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता के बिना कोई भी अभियान सफल नहीं हो सकता। ढमोला में बाढ़ आने पर आस पास रहने वाले लोगों को उससे कोई हानि न हो इसके लिए निगम लगातार ढमोला की सफाई करा रहा है और पुलों के आसपास सौंदर्यीकरण करने का अभियान चला रहा है। उन्होंने लोगों से पांवधोई व ढमोला नदियों में कूड़ा कचरा न डालने की अपील की। इस दौरान मुख्य सफाई निरीक्षक इंद्रपाल, परमानंद व निगम के अनेक अवर अभियंताआ, सफाई निरीक्षक तथा आईटीसी मिशन सुनहरा कल उमंग व फोर्स के वालंटियर्स मौजूद थे।

# संस्कृति विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने निकाली महिला जागरूकता रैली




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा मिशन शक्ति चरण 5.0 के अंतर्गत छाता गाँव में महिला जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। बताते चलें महिला जागरूकता रैली एक ऐसा कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना है। इन रैलियों में अक्सर छात्राएं, महिला पुलिसकर्मी और स्वयंसेवी संगठन भाग लेते हैं, जो नारे लगाकर, बैनर और तख्तियां लेकर लोगों तक महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाते हैं। इनका मुख्य उद्देश्य समाज में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना और महिलाओं के जीवन में बाधाएं दूर करना है।

रैली की शुरुआत संस्कृति विश्वविद्यालय परिसर से की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने हाथों में तख्तियाँ लेकर नारे लगाते हुए गाँव की गलियों में भ्रमण किया। 'बेटी बचाओ दू बेटी पढ़ाओ ', 'महिला सशक्तिकरण देश का गौरव है' जैसे नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इस रैली में विश्वविद्यालय के अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ग्रामीण महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। संस्कृति विवि के नर्सिंग कालेज के प्राचार्य डा. केके पाराशर ने इस मौके पर गांव में लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए लगभग 10 महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं,

इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केंद्र सरकार की योजना है, सुकन्या समृद्धि योजना, बालिका समृद्धि योजना, सीबीएसई उड़ान स्कीम, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए। छात्रों को इस तरह की गतिविधि आयोजित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज महिला सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, वे सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, चिकित्सा विभाग और यहां तक कि प्रशासनिक सेवाओं में भी कार्यरत हैं। संस्कृति विवि के स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने देश की कई प्रमुख महिलाओं की ओर से चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यक्रमों पर अपने विचारों को प्रस्तुत करने वाले छात्रों को उनके प्रयासों के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्वयंसेवकों और कैडेट को समाज की महिलाओं को प्रेरित करने के लिए अपने गांवों के कोने-कोने में शिक्षा प्राप्त करने के लिए महिलाओं को जागरूक करने लिए कहा। रैली में संस्कृति विवि के विद्यार्थियों के अलावा एनएसएस विंग की डा. नीलम, प्रो. डॉली, डा. रीना रानी के अलावा अन्य शिक्षकगण भी मौजूद रहे।

# 6 आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना।** चिलकाना पुलिस व राजस्व विभाग टीम द्वारा संयुक्त रूप से अवैध खनन परिवहन करने वाले तीन वाहन डंपर को पड़ा व मौके पर आपस में आमदा फसाद कर शांति भंग करने वाले दोनो पक्ष के 6 आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। चिलकाना थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि चिलकाना थाना प्रभारी विनोद कुमार, उप निरीक्षक चंद्रपाल सिंह, हेड कांस्टेबल मोहित शर्मा,कांस्टेबल दुर्गेश कुमार आदि पुलिस टीम व राजस्व विभाग की टीम द्वारा संयुक्त रूप से अवैध खनन सामग्री के परिवहन की रोकथाम हेतु क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अवैध खनन परिवहन करने वाले तीन डंपर को पकड़े गए तथा मौके पर चालको द्वारा उपरोक्त वाहनों मे ओवरलोड खनन सामग्री भरकर परिवहन किया जा रहा था । पुलिस द्वारा तीन वाहनों को पकड़ कर थाना चिलकाना लाकर सीज कर दिया तथा इसी क्रम में उपरोक्त डंपरों के पकड़े जाने को लेकर दोनों पक्ष के मध्य विवाद उत्पन्न हो गया जिसमें पुलिस द्वारा कार्य करते हुए प्रथम पक्ष के आरिफ पुत्र तैय्यब निवासी बछेड़ा थाना कैराना जनपद शामली, इरफान पुत्र माँगा निवास केरटू थाना झिझना जनपद शामली, अफसर पुत्र जमालुद्दीन निवासी मोहल्ला चामजली कोर्ट थाना ननौता जनपद सहारनपुर व द्वितीय पक्ष के मुर्तजा पुत्र नाजिम निवासी ग्राम धलापड़ा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर, सोहेल पुत्र फुरकान निवासी ग्राम बुढनपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर, महताब पुत्र युसूफ निवासी खानपुर गुर्जर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर को मौके पर आपस में एक दूसरे पर उनका डंपर पकड़वाने का आरोप लगाकर आपस में आमदा फ़साद कर शांति भंग करने पर पुलिस द्वारा उपरोक्त सभी 6 आरोपी अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है ।

# सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 28 नवम्बर को

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 28 नवम्बर 2025 को सर्किट हाउस सभागार में अपरान्ह 04:00 बजे आहूत की गयी है। प्राधिकरण के सचिव श्री शंकर जी सिंह ने बताया कि बैठक में मोटर गाडी अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त परमिट हस्तांतरण व मार्ग विस्तार के प्राथना पत्रों एवं धारा 86 के अन्तर्गत स्थानीय, अन्य जनपद, अन्य राज्यों से प्राप्त चालानों आदि के प्रकरणों के निस्तारण हेतु प्राधिकरण की बैठक में विचार किया जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि वाहन स्वामी संबंधित मामलों में समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

# सामूहिक विवाह योजना में दूल्हा-दुल्हन की लगेगी बायोमेट्रिक हाजिरी, आधार में नवीन फोटो अपडेट करना अनिवार्य

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा समस्त वर्गो के गरीब व्यक्ति जिनके परिवार की वार्षिक आय 03 लाख रूपये तक हो, की पुत्रियों की शादी हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजनान्तर्गत पूर्व निर्धारित पात्रता की शर्ते एवं उपलब्ध कराये जाने वाले लाभ में वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासन स्तर से संशोधन किया गया है, जिससे अधिक से अधिक पात्र व्यक्ति अपनी पुत्रियों की शादी सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्पन्न कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सके। योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने वाले समस्त जोड़ों की प्रवेश एवं निकास के समय बायोमेट्रिक व फेशियल उपस्थिति लगायी जायेगी। उक्त उपस्थिति लाभार्थियों के आधार बेस डाटा के अनुसार लगायी जाएगी।

जिला समाज कल्याण अधिकारी अर्चना ने बताया कि योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकरण कराने वाले आवेदक वधू-वर अपने आधार कार्ड को अपडेट करा लें। जिन जोड़ों के आधार कार्ड में बाल्यावस्था की अथवा अधिक पुरानी फोटो लगी हुई है और जिन्होंने अपना बायोमेट्रिक अपडेट नहीं कराया है, वे तत्काल इसे करा लें। बायोमेट्रिक एवं फेस स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। यदि कार्यक्रम स्थल पर बायोमेट्रिक (फिंगरप्रिन्ट व चेहरा) मैच नहीं होता है, तो पंजीकरण के बावजूद शादी की प्रक्रिया में समस्या उत्पन्न हो सकती है। निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ से प्राप्त बायोमेट्रिक एवं फेस स्कैनिंग की इस नवीन व्यवस्था से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों के सम्बन्ध में अधिक पारदर्शिता से कार्य किया जा सकेगा। सरकार ने इस वित्तीय वर्ष से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में प्रति जोड़े पर व्यय होने वाली राशि 51000 रूपये से बढ़ाकर 100000 रूपये कर दी है।

# दो घंटे तक हुए सर्वे के दौरान : आई0आई0टी0 रुड़की की एक सदस्यीय टीम ने किया श्रीबांके बिहारी मंदिर का गहन निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** ठा. श्रीबांके बिहारी मंदिर में होने वाली अधिकतम भीड़ को नियंत्रण करने के लिए वृंदावन आई आईआईटी रुड़की की एक सदस्यीय टीम ने अवलोकन किया। मंदिर के दोनों जगमोहन, पीछे का आंगन और चबूतरे का बारीकी से अध्यन किया है। एक सदस्यीय टीम में स्वयं टीम लीडर प्रो. संजय ने कई बिन्दुओं को लेकर सेवायतों और मंदिर के मैनेजर से चर्चा की। प्रो. संजय ने एक सप्ताह के बाद विभिन्न विशेषज्ञों के साथ आकर सर्वे करने की बात कही है।

गुरुवार को ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर में सर्वे के लिए आईआईटी रुड़की के टीम लीडर प्रो. संजय ने सुबह 9:30 तक प्रवेश किया। उन्होंने प्रवेश के साथ ही ठाकुर श्रीबांके बिहारी जी के दर्शन किए। उनके साथ मंदिर के आईआईटी रुड़की से एक सहायक, सेवायत दिनेश गोस्वामी और मंदिर के मैनेजर मुनीश शर्मा भी साथ रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं के प्रवेश करने और निकलने के सभी रास्तों दिखाया। टीम लीडर प्रो. संजय ने दोनों जगमोहन, पीछे और बाहर का आंगन, चबूतरा आदि का अवलोकन किया। दो घंटे तक हुए सर्वे के दौरान ठा. श्रीबांके बिहारी जी के दर्शनों को प्रभावित नहीं होने दिए गए। प्रो. संजय के मुताबिक आज के सर्वे की रिपोर्ट को तैयार कर कमेटी में मौजूद अन्य सदस्यों के साथ चर्चा की जाएगी। अगले सप्ताह टीम के सभी सदस्य फिर आएंगे। यहां सर्वे में किन-किन उपकरणों की आवश्यकता होगी यह भी तय किया जाएगा। आईआईटी रुड़की की टीम में छह अगल-अलग विशेषज्ञों का रखा गया है। आज सिर्फ टीम लीडर प्रोफेसर संजय के अलावा इसमें पांच सदस्य और हैं। टीम के पांच इंजीनियर अभी विशेष प्रशिक्षण पर हैं उनका प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद फिर से मंदिर का सर्वे किया जाएगा। इस संबंध में डीएम सीपी सिंह ने बताया कि दो दिन आईआईटी के प्रोफेसर मंदिर भवन का बारीकी से परीक्षण करेंगे

# जनपद के युवक भविष्य के संचालक, विजन डॉक्यूमेंट 2047 के नीति निर्माण में उत्साह के साथ करें सहभागिता

*** मोबाइल में क्यू आर कोड स्कैन कर दें प्रगतिशील सुझाव**
*** जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की अपील, जनभागीदारी से निर्मित होने वाले विजन डाक्यूमेंट 2047 में दें अधिकतम फीडबैक**
*** जनपद को समर्थ, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के लिए आमजन की अधिकतम सहभागिता आवश्यक**
*** 15 नवम्बर सुझाव देने की अंतिम तिथि**
*** छात्र-छात्राओं के सुझाव हेतु महाविद्यालयों में नोडल अधिकारी किये गये नामित**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 समृद्धि का शताब्दी पर्व महाभियान में ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों, नगर पंचायतों, नगर पालिकाओं एवं नगर निगम के वार्डों में अधिकतम जनसहभागिता हेतु सुझाव दिये जाने की समय सीमा 15 नवम्बर तक बढाई गयी है। अभियान के अन्तर्गत जनपद से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं के सुझाव पोर्टल पर अथवा क्यूआर कोड को स्कैन कर अंकित कराने हेतु जनपद में स्थित महाविद्यालयों में नोडल अधिकारी नामित किये गये है। नोडल अधिकारियों द्वारा महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्रों को पोर्टल पर अपने सुझाव फीड करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

श्री बंसल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में वृहद रूप से आयोजित हो रही गोष्ठियों में आमजन द्वारा बहुमूल्य फीडबैक दिये जा रहे है। जनपद फीडबैक देने के संबंध में सर्वोच्च स्थान पर रहे इसके लिए प्रयास किया जाए कि 15 नवम्बर तक प्रत्येक घर से फीडबैक आए। इसमें सभी वर्गों के लोग सम्मिलित हों। पुरूष, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, संभ्रान्तजन, सेवानिवृत्त व्यक्ति शामिल हों जिससे विचारों में समग्रता रहे। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से विजन डाक्यूमेंट बनाना माननीय मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में शामिल है। यह एक साझा लक्ष्य है जोकि जनता के विश्वास और सक्रिय सहभागिता से आगे बढता है। यह परिकल्पना हर प्रदेशवासी के सहयोग से ही साकार होगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि शताब्दी मिशन अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति एवं जीवन शक्ति की थीम पर चिन्हित 12 सैक्टरों कृषि एवं सम्बद्ध, पशुधन संरक्षण,औद्योगिक विकास, आईटी एवं इमर्जिंग टैक्नोलोजी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन के तहत अपने मत को अधिक से अधिक जनभागिदारी से विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश शताब्दी संकल्प 2047 में समृद्धि का शताब्दी पर्व मनाने के लिए अधिक से अधिक फीडबैक क्यूआर कोड या वेबसाइट के माध्यम से देकर विजन डाक्यूमैंट बनाने में सहयोग दें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

*** आपात्काल ड्यूटी में तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ चिकित्सालय में रहना सुनिश्चित करें**
*** चिकित्सक पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य को करना सुनिश्चित करें**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी चिकित्सा केंद्रों पर अग्निशमन यन्त्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करायें। निर्देशों का पालन एवं कार्य नहीं करने वाली आशाओं को हटाया जाए। सभी सी एच सी एवं पी एच सी पर शत प्रतिशत ड्यूटी चार्ट डिस्प्ले हो।

श्री बंसल ने सख्त निर्देश दिये कि आपात्काल ड्यूटी में तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ चिकित्सालय में रहना सुनिश्चित करें। इमरजेंसी केस मे यदि कोई उपस्थित नहीं मिला तो उसके विरुद्ध कड़ी कारवाई की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि चिकित्सालय में तैनात सभी चिकित्सक एवं कर्मी अपनी निर्धारित ड्रेस मे रहें। इसके साथ ही सभी की ड्रेस पर नेम प्लेट हो। रामानंदी, चौकी सराय, खाताखेडी एवं कमेला कॉलोनी पर एएनएम की तत्काल तैनाती की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आमनजों की स्वास्थ्य सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। चिकित्सक पूर्ण संवेदनशीलता के साथ कार्य को करना सुनिश्चित करें। जो एम ओ आई सी गम्भीरता से कार्य नहीं करते उनको तत्काल हटाते हुए योग्य चिकितस्कों को तैनाती दी जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रवीण कुमार, सीएमएस डॉ0 इंद्रा, डॉक्टर सुधा, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड तथा समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से चिकित्सक मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को मिला नया नेतृत्व : रघुराज किशोर तिवारी बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**-मध्य प्रदेश के विंध्य क्षेत्र का बढ़ा गौरव**

**रीवा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में एजी कॉलेज रीवा के प्राध्यापक डॉ. रघुराज किशोर तिवारी का चयन किया गया है। इसे मप्र के रीवा जिले समेत विंध्य क्षेत्र में गौरव के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि संगठन के इतिहास में पहली बार इस क्षेत्र से किसी व्यक्ति को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जैसे ही उनके नाम की औपचारिक घोषणा हुई, रीवा स्थित उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों और समाज के विभिन्न वर्गों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दे रहे हैं।

**सेमरिया के कपसा गांव से राष्ट्रीय नेतृत्व तक की यात्रा**

उल्लेखनीय है कि रीवा जिले के सेमरिया क्षेत्र के कपसा गांव के निवासी डॉ. तिवारी की जीवन यात्रा मेहनत, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा की मिसाल है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मॉडल स्कूल, रीवा से प्राप्त की। छात्र जीवन के दौरान ही उन्होंने राष्ट्र निर्माण के विचार से प्रेरणा लेकर वर्ष 1987 में अभाविप से जुड़ाव स्थापित किया। एक छात्र कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने संगठन में सक्रिय भूमिका निभाई और शीघ्र ही कृषि महाविद्यालय रीवा के छात्र संघ के निर्वाचित अध्यक्ष बने। इसके बाद वे महाकौशल प्रांत के प्रदेश सचिव के रूप में कार्य करते हुए विद्यार्थी परिषद के कार्यों को ग्रामीण अंचलों तक पहुंचाने में जुटे रहे।

**कृषि विज्ञान में उच्च शिक्षा और अध्यापन का समर्पण**

डॉ. रघुराज किशोर तिवारी ने कृषि महाविद्यालय रीवा से उच्च शिक्षा प्राप्त की और बाद में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर से कृषि विज्ञान में डॉक्टरेट उपाधि (पीएचडी) हासिल की। शिक्षा पूर्ण करने के बाद उन्होंने अपने ही महाविद्यालय में अध्यापन कार्य प्रारंभ किया और छात्रों को वैज्ञानिक सोच एवं अनुसंधान के प्रति प्रेरित किया। वर्तमान में वे अध्यापक के साथ ही कृषि अनुसंधान और छात्र गतिविधियों के क्षेत्र में भी एक मार्गदर्शक के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।

एक शिक्षक के रूप में डॉ. तिवारी को कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुए हैं।

# गणेशरा स्टेडियम में हुआ प्रदेशस्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं यू0पी0 कुश्ती एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेशस्तरीय समन्वय सीनियर पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता 13 से 15 नवम्बर 2025 तक जिला खेल कार्यालय स्व0 मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में आयोजित करायी जा रही है। प्रदेशीय सीनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का उद्घाटन डा आरपी सिंह निदेशक खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ के कर कमलों द्वारा किया गया। निदेशक का स्वागत सुरेश उपाध्याय महासचिव उप्र कुश्ती संघ तथा जिला अध्यक्ष कुश्ती राजकुमार शर्मा एवं राकेश कुमार यादव कीडा अधिकारी मथुरा द्वारा बुकें देकर, पटुका तथा पगड़ी पहनाकर किया गया। निदेशक खेल द्वारा बजरंगवली की तस्वीर पर माल्यार्पण किया तथा प्रदेश के विभिन्न मण्डलों से आये खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर प्रदेशीय सीनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उक्त अवसर पर समस्त खिलाडीगण, स्टेडियम स्टाफ एवं समस्त खेलों के प्रशिक्षक आदि उपस्थित रहे।

**कुश्ती प्रतियोगिता के परिणाम में ये रहे विजयी**

50 कि0ग्रा0 भार वर्ग में शीतल यादव अलीगढ बनाम रितिका कुमारी देवीपाटन के मध्य मैच खेला गया, जिसमें रितिका कुमारी देवीपाटन विजयी रही। किरन प्रयागराज एवं नैना बरेली के मध्य खेला गया जिसमें किरन विजयी रही, शालू पाल कानपुर एवं राधा मुरादाबाद के मध्य खेला गया, जिसमें शालू पाल विजयी रही। तन्नू यादव आजमगढ एवं सुप्रिया यादव बस्ती के मध्य खेला गया, जिसमें तन्नू यादव विजयी रही। अकाक्षा कुमारी मेरठ एवं रितिका कुमारी देवीपाटन के मध्य मैच खेला गया जिसमें अकाक्षा कुमारी मेरठ विजयी रही। किरन कुमारी प्रयागराज एवं अकृति गोरखपुर के मध्य खेला गया, जिसमें अकृति गोरखपुर विजयी रही । नेहा पाल वाराणसी एवं शालू पाल कानपुर के मध्य मैच खेला गया जिसमें नेहा पाल वाराणसी विजयी रही तन्नू यादव आजमगढ एवं रितिका आगरा के मध्य मैच खेला गया जिसमें रितिका आगरा विजयी रही। आज प्रातः 9.00 बजे से प्रदेशीय सीनियर महिला कुश्ती प्रतियोगिता के मैच प्रारम्भ होंगें।

# शिव महापुराण कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के धुल जाते हैं पाप : टीकम शरण महाराज

**धमतरी।** देवांगन परिवार द्वारा अन्नपूर्णा सदन, देवांगन चौक, हटकेशर में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रवचनकर्ता आचार्य टीकम शरण महाराज ग्राम हरदी छुरा, जिला गरियाबंद ने भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। भगवान शंकर भोले हैं और वे भाव के प्यासे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य के भीतर अहंकार और अभिमान रहेगा, तब तक परमात्मा से दूरी बनी रहेगी।


**कार्यालय सचिवालय सौराना, विकास खण्ड सरसावा सहारनपुर।**

पत्रांक:-मीमो/मनरेगा/2025-26 दिनांक:-12/11/2025

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

समस्त शासकीय ठेकेदारों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सरसावा की ग्राम पंचायत सौराना में मनरेगा व राज्य वित्त से होने वाले कार्य की अनुमानित लागत 6 लाख है। 1. सौराना में मेन सड़क से सतबीर के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। 2. सतबीर के घर से यशपाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु दिनांक 13-11-2025 से 20-11-2025 को दोपहर 12 बजे तक निविदा आमन्त्रित की जानी है। सबसे कम दर की निविदा को स्वीकृत किया जायेगा। कार्य की शर्ते व नियम किसी भी कार्य दिवस में सचिवालय में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाये दिनांक 25-11-2025 को अपरान्ह 3 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कोई कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(ग्राम सचिव) ग्राम पंचायत सौराना (ग्राम प्रधान) ग्राम पंचायत सौराना

P-06:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 6:08 PM Page 1



# सम्पादकीय

## आतंकवाद के डाक्टर

परिस्थितिजन्य तफसील से यह स्पष्ट हो चुका है कि दिल्ली विस्फोट आतंकी हमला ही था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सामान्य धमाके में साजिशकार नहीं होते। बुधवार को प्रधानमंत्री की ही अध्यक्षता में कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। अक्सर यह युद्ध और आतंकी हमले के बाद ही बुलाई जाती है। इस समिति में प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, विदेश मंत्री, वित्त मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि होते हैं। युद्ध की स्थिति में तीनों सेना प्रमुखों को भी बुलाया जाता है। गृह सचिव और आईबी निदेशक भी बैठक में सम्मिलित होते हैं। दिल्ली विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है, जिसे आतंकी हमलों की गहन जांच की विशेषज्ञता हासिल है। इस संदर्भ में फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी आतंकवाद के नए अड्डे के तौर पर उभरी है। फरीदाबाद के गांवों से जो 2900 किग्रा. विस्फोटक रसायन बरामद किया गया था, उसकी भूमिका भी साफ हो गई है। जो डॉ. उमर मुहम्मद कार-विस्फोट में मारा गया है, वह इसी मेडिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था। वह जिस तरह मरा है, उसे हम एक नए किस्म का फिदायीन बॉम्बर मान सकते हैं, क्योंकि उसकी कार में विस्फोटक था और उसी ने उसे सक्रिय किया होगा! जांच से बिल्कुल पारदर्शी स्पष्ट हो जाएगा। उमर कश्मीर के पुलवामा के कोइल गांव का निवासी था। विस्फोटक रसायन वाला आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील भी इसी गांव का रहने वाला था। वह इस आतंकी यूनिवर्सिटी में ही एसोसिएट प्रोफेसर था। तीसरा डॉ. सज्जाद अहमद भी पुलवामा का था। अलफलाह यूनिवर्सिटी में ही 45 वषीर्या डॉ. शाहीन सईद पदस्थ थी और एमबीबीएस, एमडी स्तर की फार्मकोलॉजी विशेषज्ञ थी। वह जैश-ए-मुहम्मद के सरगना आतंकी मसूद अजहर और उसकी बहन सादिया के नेतृत्व में आतंकी संगठन की महिला विंग जमात उल मोमिनात की भारत में मुखिया थी। उसे संगठन में जेहादी औरतों की भर्ती का जिम्मा दिया गया था। उसके भाई डॉ. परवेज को भी उप्र एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। 38 वर्षीय डॉ. आदिल कश्मीर के काजीकुंड का निवासी था और सहारनपुर, उप्र में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर था। यदि कश्मीर के नौगाम में जैश के धमकी वाले पोस्टर नहीं लगते, तो शायद आतंकवाद के डॉक्टर मॉड्यूल का पदार्फाश न होता! इस गिरोह के 8 आतंकियों में 4 डॉक्टर कश्मीरी, 2 उप्र के हैं और दो मौलवी-इमाम शामिल हैं। सभी पुलिस की गिरफ्त में हैं। उमर विस्फोट में भस्म हो चुका है। दरअसल यह राष्ट्रीय चिंता का विषय है कि उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर अब आतंकी बन रहे हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है।

# विशेष

## बीजेपी के माहौल के लिए एग्जिट पोल

-शकील अख़्तर-

17 एक्जिट पोल एनडीए को जिता रहे हैं। खासतौर से भाजपा की सीटें बढ़ा चढ़ाकर। भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ी है। और एक एक्जिट पोल उसे 95 सीटों पर जिता रहा है। स्ट्राइक रेट कितना हुआ? 95 ही हुआ ना! या 94 हो जाएगा! और वफादारी पूरी दिखाने के लिए महगठबंधन को केवल 32 सीटें! बिहार में पूरा चुनाव मोदी के नाम लड़ा गया। नीतीश को मुख्यमंत्री का उम्मीदवार भी घोषित नहीं किया गया। इसलिए मोदी पर ही फैसला होना है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक्जिट पोल पर खुशी जता रहे हैं। वे यह भूल गए कि यह तो एक्जिट पोल हैं 2015 में जब वास्तविक नतीजे निकलना शुरू हुए थे तो यही टीवी चैनल अपने दिखा चुके एक्जिट पोल को दिख रहे रुझानों से उपर रखकर उन्हें हरा रहे थे और भाजपा की सरकार बना रहे थे। 2015 में भी इसी तरह टीवी चैनलों ने भाजपा की सरकार बनते हुए एक्जिट पोल जारी किए थे।

मगर गोदी मीडिया के एक्जिट पोलों ने इस बार और गजब का काम किया है। भाजपा को जिताने के लिए जिसे नीतीश अपनी जीत समझ रहे हैं इतने ऊंचे आंकड़ें दिए हैं कि जो भी इन अनुमानों को सच में बदलने की कोशिश करे उसे कोई डर नहीं लगे। भाजपा को 95 प्रतिशत का स्ट्राइक रेट। 17 एक्जिट पोल एनडीए को जिता रहे हैं। खासतौर से भाजपा की सीटें बढ़ा चढ़ाकर। भाजपा 101 सीटों पर चुनाव लड़ी है। और एक एक्जिट पोल उसे 95 सीटों पर जिता रहा है। स्ट्राइक रेट कितना हुआ? 95 ही हुआ ना! या 94 हो जाएगा! और वफादारी पूरी दिखाने के लिए महगठबंधन को केवल 32 सीटें!

हरियाणा में अभी सभी टीवी चैनलों को एक्जिट पोलों ने और ग्राउन्ड पर रहे पत्रकारों ने साफ कांग्रेस की जीत बताई थी। मगर वहीं बीजेपी को जिता दिया गया। खुद बीजेपी के उम्मीदवारों को यकीन नहीं था। मगर मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के मुंह से निकल गया था कि हम जीत रहे हैं। हमने सारी व्यवस्थाएं कर ली हैं। वह व्यवस्थाएं क्या थीं यह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अभी एक प्रेस कान्फेंस करके सबूतों के साथ बता दिया कि चुनाव वोट चोरी से जीता गया। 25 लाख फर्जी वोट डलवाए गए। राहुल का कहना है कि यही काम बिहार में किए जाने की साजिश है। इसलिए एनडीए की जीत के इतने ऊंचे आंकड़े एक्जिट पोल के माध्यम से दिखाए जा रहे हैं। हरियाणा में लोगों ने बीजेपी की जीत पर आश्चर्य व्यक्त किया था बिहार में वह न हो। लोग अपने आप कहने लगें कि एक्जिट पोल ने ऐसा ही दिखाया था। 14 नवंबर को नतीजा कुछ भी हो चुनावों को किस हद तक मैनेज किया जा रहा है यह चिंता की सबसे बड़ी बात है। बीजेपी जीत जाए। एनडीए या महागठबंधन यह अलग मुद्दा है। मगर इस तरह इकतरफा एक्जिट पोल दिखाना एक बिल्कुल अलग मुद्दा। यह लोगों के दिमाग को पहले से अनुकूलित करने की कोशिश है। झूठ को सच मनवाने की। आपरेशन सिंदूर के समय इन टीवी चैनलों ने ऐसा ही किया। इतना झूठ दिखाया कि सेना को खंडन करना पड़ा। 11 साल में इन्हें आदत पड़ गई है। पहले लोग लड़ जाते थे कि अखबार में छपा है। मतलब सही है। आज इसलिए लड़ जाते हैं कि टीवी पर है। मतलब झूठ है। गोदी मीडिया को खबर के सही गलत होने से अब कोई फर्क नहीं पड़ता है। उसे अपनी विश्वसनीयता की भी कोई चिंता नहीं है। अभी मंगलवार को प्रमुख टीवी टैनलों ने प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेन्द्र को मार दिया। ब्रेकिंग न्यूज चला दी। मंत्रियों के भी शोक संदेश आ गए। लंबे प्रोग्राम कर दिए। फिर पत्नी हेमामालिनी और बेटी ईशा का गुस्से में भरा हुआ बयान आया कि यह क्या बदतमीजी है। और अब धर्मेन्द्र अस्पताल से वापस घर आ गए हैं। मगर किसी टीवी चैनल ने माफी नहीं मांगी। और जो इस टीवी इंडस्ट्री के टाप एंकर इस खबर को दिखा रहे थे उनसे भी कोई पूछने वाला नहीं है कि इतनी बड़ी खबर थी कन्फर्म तो कर लेते!

# लाल किला धमाका: जब आतंक ने बदल ली अपनी शक्ल

-किशन सनमुखदास भावनानी-

वैश्विक स्तरपर दिल्ली, जो भारत की आत्मा का प्रतीक है, सत्ता, संस्कृति, और सुरक्षा का संगम। जब इसी दिल में लाल किला जैसे ऐतिहासिक, संरक्षित और उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्र में विस्फोट होता है, तो यह केवल एक सुरक्षा चूक नहीं रह जाता, यह राष्ट्रीय चेतना को झकझोर देने वाला संदेश बन जाता है। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत अब उस दौर में प्रवेश कर चुका है जहाँ आतंकवाद केवल बंदूकों और बमों से नहीं, बल्कि ब्रेनवॉश, बौद्धिक आतंक और साइकोलॉजिकल रिक्रूटिंग के जरिए अपना विस्तार कर रहा है। यह धमाका उस नए युग की शुरूआत का संकेत है जिसमें आतंकी नेटवर्क ने पारंपरिक रणनीतियों को त्याग कर, सॉफ्ट टेररिज्म यानी मानसिक और वैचारिक आतंकवाद की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि आज भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर वह डिजिटल और वैचारिक शक्ति का केंद्र बन रहा है, दूसरी ओर वही क्षेत्र आतंक के व्हाइट-कलर अवतार का मैदान भी बनता जा रहा है। लाल किला विस्फोट इस नई वास्तविकता की सबसे भयावह चेतावनी है, कि आतंक अब हमारी सीमाओं के बाहर नहीं, बल्कि हमारे विश्वविद्यालयों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और दफ्तरों के भीतर प्रवेश कर चुका है। इसलिए भारत को अब पारंपरिक नेशनल सिक्योरिटी पॉलिसी के साथ एक नेशनल माइंड- सिक्योरिटी पॉलिसी भी तैयार करनी होगी, जो शिक्षा, सूचना, साइबर और वैचारिक सुरक्षा को एक समग्र रणनीति में जोड़े आखिरकार, जब आतंकी हथियारों से नहीं, विचारों से हमला करते हैं, तो देश को भी केवल सुरक्षा बलों से नहीं, बल्कि सतर्क नागरिकों, जागरूक संस्थानों और सशक्त विचारधारा से जवाब देना होगा। यही उस अदृश्य युद्ध का सटीक प्रतिकार होगा जो आज भारत के मस्तिष्क पर लड़ी जा रही है।

साथियों बात अगर हम लाल किला विस्फोट, एक प्रतीकात्मक हमला, एक गहरी साजिश को समझने की करें तो, लाल किला केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि भारतीय गणराज्य की गरिमा का प्रतीक है। जब इस धरोहर को निशाना बनाया गया, तो इसका उद्देश्य केवल भय फैलाना नहीं बल्कि भारत की आत्मा पर प्रहार करना था। प्रारंभिक जांच से यह संकेत मिले कि इस हमले की योजना अत्यधिक शिक्षित, सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित और प्रोफेशनल लोगों ने तैयार की थी, यानी वह वर्ग, जिसे अब तक समाज सम्मानित नागरिक कहता आया है। यहीं से इस घटना की गंभीरता कई गुना बढ़ जाती है। यह केवल आतंकवाद नहीं, बल्कि व्हाइट कलर टेरर नेटवर्क का उदाहरण है, एक ऐसा नेटवर्क जो हथियार नहीं, बल्कि विचार, शिक्षा, तकनीक और मनोविज्ञान को हथियार बनाता है। इस नेटवर्क का खतरनाक पहलू यह है कि यह समाज की मुख्यधारा में रहकर, उसी के ताने-बाने को भीतर से नष्ट करता है।

साथियों बात अगर हम व्हाइट कलर टेरर नेटवर्क, विश्वविद्यालय और पेशेवर संस्थान आतंकवाद की नई पोशाक को समझने की करें तो, पारंपरिक आतंकवाद में बंदूक, विस्फोटक और गुप्त ठिकाने शामिल होते थे, लेकिन अब यह युग समाप्त हो रहा है। नई पीढ़ी का आतंकवाद व्हाइट कॉलर हो गया है, यानी वो लोग जो शिक्षित हैं, डॉक्टर हैं, प्रोफेसर हैं, इंजीनियर हैं, आईटी एक्सपर्ट हैं। ये लोग किसी सीमा पार के कैंप में नहीं, बल्किविश्वविद्यालयों, डिजिटल प्लेटफॉर्मों और थिंक टैंकों के माध्यम से भर्ती किए जाते हैं। यह आतंकवाद अब रॉकेट लांचर से नहीं, बल्कि री- प्रोग्राम किए गए माइंड से काम लेता है। व्हाइट कलर टेरर नेटवर्क की यह अवधारणा आज के समय में वैश्विक स्तर पर सबसे खतरनाक मानी जा रही है। अमेरिका में लोन वुल्फ टेररिज्म, यूरोप में स्लीपर सेल प्रोफेशनल्स और दक्षिण एशिया में इंटेलेक्चुअल रेडिकलिज्म, यह सब एक ही श्रेणी में आते हैं। भारत में यह मॉडल धीरे-धीरे सक्रिय हुआ है, खासतौर पर सोशल मीडिया, डार्क वेब और विश्वविद्यालय परिसरों के जरिए। विश्वविद्यालय और पेशेवर संस्थान, वैचारिकरेडिकलाइजेशन के नए ठिकाने- लाल किला विस्फोट के संदिग्धों में कुछ विश्वविद्यालय- शिक्षित लोग शामिल होना कोई संयोग नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि भारत के कुछ शैक्षणिक संस्थानों में विचारधारात्मक चरमपंथ ने धीरे- धीरे जड़ें जमाई हैं। कट्टरपंथी संगठन अब हथियारों की बजाय ब्रेनवॉशिंग पर अधिक निवेश कर रहे हैं। वे छात्रों को सिस्टम के खिलाफ, राज्य के विरोध में और सांस्कृतिक अस्मिता से दूर करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। विश्वविद्यालयों का माहौल जहां स्वतंत्र चिंतन का केंद्र होना चाहिए वहीं कुछ स्थानों पर यह सॉफ्ट रिक्रूटमेंट जोन में बदल गया है। ये युवा न तो सीधे आतंक मेंशामिल होते हैं, न ही हथियार उठाते हैं, बल्कि वे वैचारिक वाहक बन जाते हैं, जो आगे चलकर साइकोलॉजिकल टेरर के वाहक होते हैं। साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया, आतंक का नया भर्ती तंत्र व बौद्धिक आतंकवाद को समझने की करें तो, 21वीं सदी का आतंकवाद अब जंगलों या पहाड़ों में नहीं, बल्कि मोबाइल स्क्रीन और चैट ग्रुपों में पलता है। लाल किला विस्फोट की जांच में सामने आया कि कुछ अभियुक्तों की ऑनलाइन इंडोक्ट्रीनेशन विदेशी प्रोफाइलों के माध्यम से की गई थी। यह नेटवर्क डिजिटल स्लीपर सेल्स की तरह काम करता है जहाँ व्यक्ति सामान्य नागरिक की तरह दिखता हैपर धीरे- धीरे उसे चरमपंथ की विचारधारा में खींच लिया जाता है। साइकोलॉजिकल टेररिज्म का यह डिजिटल चेहरा वैश्विक है। सीरिया, अफगानिस्तान, और अफ्रीका से लेकर यूरोप और अब भारत तक, यह नेटवर्क डिजिटल जिहाद, साइबर रिक्रूटमेंट और फेक नरेटिव प्रोपेगेंडा के माध्यम से युवाओं को जोड़ रहा है। भारत में भी इस खतरे के संकेत स्पष्ट हैं। इसलिए यह जरूरी है कि सरकार केवल फिजिकल टेररिज्म पर नहीं, बल्कि साइबर-सोशल रेडिकलाइजेशन पर भी कठोर निगरानी रखे। बौद्धिक आतंकवाद, जब शब्द बनते हैं हथियार- आधुनिक आतंकवाद का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह अब केवल गोली से नहीं, बल्कि विचार से भी हत्या करता है। यह वही स्थिति है जब शिक्षित, सभ्य और प्रतिष्ठित लोग, अपने विचारों के माध्यम से युवाओं के मन में नफरत, विभाजन और हिंसा का बीज बो देते हैं। इसे ही सुरक्षा विशेषज्ञ बौद्धिक आतंकवाद या इंटेलेक्चुअल रेडिकलिज्म कहते हैं। लाल किला विस्फोट इसी प्रवृत्ति की परिणति है, जहां विचारधारा ने विस्फोटक का रूप ले लिया। आतंक अब उन विश्वविद्यालयों और प्रोफेशनल सर्किलों में पैठ बना रहा है जहां सोचने-समझने की शक्ति को हथियार बना दिया गया है। इस स्थिति से निपटने के लिए केवल सुरक्षा एजेंसियों की भूमिका पर्याप्त नहीं, समाज, शिक्षा प्रणाली और परिवारों को भी जागरूक होना होगा।

साथियों बात अगर हम वैश्विक संदर्भ, सुरक्षा तंत्र की चुनौती, दुनियाँ में बढ़ता व्हाइट कलर टेररिज्म को समझने की करें तो, लाल किला विस्फोट कोई अलग घटना नहीं है; यह उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो यूरोप, अमेरिका और एशिया के कई देशों में देखी जा रही है। अमेरिका में 9/11 के बाद यह महसूस किया गया कि कुछ उच्च शिक्षित इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने इस हमले की योजना बनाई थी। इसी तरह ब्रिटेन में 2005 का लंदन ब्लास्ट और फ्रांस में 2015 का पेरिस अटैक, दोनों में ऐसे लोग शामिल थे जो उच्च शिक्षित और सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित थे। यह प्रवृत्ति बताती है कि आतंकवाद अब गरीबी, अशिक्षा या बेरोजगारी से नहीं, बल्कि विचारधारात्मक हाइजैकिंग से पैदा हो रहा है। भारत के लिए यह एक गंभीर चेतावनी है कि यदि समय रहते इस दिशा में वैचारिक और डिजिटल सुरक्षा नहीं बढ़ाई गई, तो आने वाले वर्षों में इंटेलेक्चुअल टेररिज्म सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है। सुरक्षा तंत्र की चुनौती, जब दुश्मन हमारे भीतर हो-भारत की सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह नई परिस्थिति सबसे कठिन है। पहले आतंकवादी सीमाओं के पार से आते थे, पर अब वह हमारे बीच रहकर हमारे जैसा जीवन जीते हुए, हमारे खिलाफ साजिश रचते हैं। ऐसे में पारंपरिक खुफिया प्रणाली पर्याप्त नहीं रह जाती। सुरक्षा तंत्र को अब साइकोलॉजिकल प्रोफाइलिंग, इंटेलेक्चुअल सर्विलांस और डिजिटल पैटर्न एनालिसिस जैसे आधुनिक तरीकों का उपयोग करना होगा। इसके साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, विश्वविद्यालय प्रशासन और कॉरपोरेट संस्थानों को भी सुरक्षा साझेदार बनाना होगा।

# साजिश :जिंदगी बचाने वाले डॉक्टर कैसे बने आतंक के सौदागर ?

-मनोज कुमार अग्रवाल-

लालकिला विस्फोट साजिश मामले में उच्च शिक्षित छह डॉक्टरों के नाम जुड़ जाने के बाद कई मिथक टूट रहे हैं जैसे अशिक्षा और बेरोजगारी आतंकवाद को जन्म देती है आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। इस मामले में शिक्षित और लाखों मासिक की तनख्वाह पाने वाले सभी मुस्लिम दहशतगर्दी की साजिश से जुड़े मिले हैं। सवाल है कि इन्हें कौन रेडिक्क्लाइज (उग्र कट्टरपंथी) बना रहा है? जिंदगी देने वाले डॉक्टर ही दहशत फैलाने का औजार कैसे बन गए? ये कौन सी मजहबी तालीम है जो उच्च शिक्षित एम डी डॉक्टर्स का भी ब्रेनवॉश कर उन्हें दहशत फैलाने के नापाक मंसूबों से जोड़ देती है?

पिछले कुछ दिनों से देश के अलग-अलग शहरों में आतंकियों की गिरफ्तारी और विस्फोटक सामग्रियों की बरामदी के बीच सोमवार शाम को लाल किले के पास जोरदार धमाका होना इस बात का प्रमाण है कि संभवत आतंकियों ने इस घटना को बौखलाहट में अंजाम दिया है, लेकिन इसके साथ यह भी साबित होता है कि आतंकी देश के विभिन्न हिस्सों में अपनी जड़े जमा चुके है। आतंक का जाल पूरे देश में फैल चुका है। दिल्ली में लाल किले के पास हुए जोरदार धमाके में 12 लोगों की मौत और दो दर्जन से ज्यादा लोगों का घायल होना काफी दुःखद और हृदयविदारक घटना है, क्योंकि यह विस्फोट इतना भयानक था कि लोगों के चिथड़े उड़ गए। धमाके की वजह साफ नहीं है, क्योंकि दिल्ली पुलिस ने इस संबन्ध में कुछ नहीं कहा है, लेकिन माना जा रहा है कि आतंकियों ने ही अपने नापाक मनसूबों को अंजाम दिया है।

संभवत दिल्ली में विस्फोट कर आतंकी पूरे देश में यह संदेश देना चाह रहे हैं कि तमाम गिरफ्तारियों के बीच उनका मनोबल गिरा नहीं है। दिल्ली, जो देश की प्रशासनिक और राजनीतिक धुरी है, में लाल किले जैसा ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक स्थान पर धमाका होना, सीधे-सीधे देश की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया एजेंसियों को चुनौती है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल, शोपियां, फरीदाबाद और सहारनपुर में व्यापक छापेमारी चल रही थी और सात संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी। इसलिए यह मानना तर्कसंगत होगा कि यह धमाका आतंकियों की बौखलाहट में की गई कार्रवाई हो सकती है, लेकिन इसकी भयावहता इस बात में है कि यह दिखाता है कि नेटवर्क अब भी सक्रिय और संगठित है। आंकड़े और घटनास्थल की विस्तृत जानकारी ने यह संकेत दिया है कि यह कोई साधारण विस्फोट या हमला नहीं था, बल्कि लंबी परतों में फैला एक नेटवर्क चल रहा था। देश में विभिन्न स्थानों से कुल मिलाकर लगभग तीन टन के आसपास विस्फोटक पदार्थ और संबंधित सामग्री बरामद हुई है, और मामला एक व्हाइट कलर आतंकी मॉड्यूल से जुड़ा बताया जा रहा है यानी प्रोफेशनल्स, छात्र और नागरिक का भी शामिल होना समझ को झकझोर देता है। सबसे स्तब्ध करने वाली बात यह है कि जिन लोगों पर संदेह हुआ उनमें मेडिकल डॉक्टर भी शामिल थे। रिपोर्ट बताती ताती हैं कि अनंतनाग के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज से एके-47 राइफल बरामद की गई और दो-तीन डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद यहीं से छानबीन आगे बढ़ी। जिन डॉक्टरों का नाम सामने आया है, उनमें अब जिन्हें हिरासत में लिया गया जिस कार में विस्फोट किया गया उसे भी एक डॉक्टर उम्र चला रहा था कुल छह डॉ के नाम सामने आ चुके हैं। इस से पता चल रहा है कि कैसे ईमानदार पेशेवर आड़ लेकर संवेदनशील स्थानों और सामाजिक विश्वास के ऊपर से भी आतंकी गतिविधियों को संचालित किया जा सकता है। इससे पहले गुजरात से तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया गया था, जिन्होंने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं। आतंकियों ने हमले की तैयारी के लिए अहमदाबाद, लखनऊ और दिल्ली जैसे शहरों की रेकी की थी और आतंकी घटनाओं से इन्हें दहलाने की साजिश भी रची थी। आतंकियों के मुताबिक अहमदाबाद के भीड़भाड़ वाले इलाकों का नक्शा तैयार किया गया था। वहीं लखनऊ में आरएसएस के कार्यालय को भी निशाना बनाने के मंसूबे थे। दिल्ली में आतंकियों की नजरें आजादपुर मंडी इलाके पर थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आतंकी राइसिन नामक जहर बना रहे थे जिससे हजारों लोगों को जान से मारने की तैयारी थी। पुलिस पूछताछ में एक अहम खुलासा यह भी हुआ था कि आतंकवादी आजाद शेख एक हफ्ते तक जम्मू-कश्मीर में रहा था, जहां पर उसने कुछ संवेदनशील इलाकों की जानकारियां भी जुटाई थीं। आतंकियों ने हर जगह पर मौसम, शहरी बनावट और ट्रैफिक की पुख्ता जानकारी जुटाई थी। सभी आतंकी पाकिस्तान से संपर्क में थे और अपने आकाओं के इशारों पर काम कर रहे थे। पाकिस्तानी आकाओं के इशारों पर ही आतंकियों ने भारत में बड़े नरसंहार की योजना रची थी। वह लोगों को राइसिन नाम का जहर देकर मारने की प्लानिंग कर रहे थे। आतंकी अहमद सैयद कई दिनों से राइसीन पॉइजन इकट्ठा कर रहा था, ताकि मंसूबों को अंजाम दिया जा सके। निःसंदेह यह दौर बहुआयामी चुनौतियों का है। एक ओर केंद्र तथा राज्य एजेंसियों की त्वरित कार्रवाई और अंतर-एजेंसी समन्वय का जो नमूना हमें इन छापों से दिखा, वह सराहनीय है, सही सूचना-इंटेलिजेंस के भरोसे तेजी से छापे हुए गए और संभावित बड़े हादसों को रोका गया। दूसरी ओर यह भी स्पष्ट है कि हमारी जांच-विधान, संस्थागत निगरानी और पंजीकरण तंत्र में ऐसे षड्यंत्रों को पकड़ने-समेत रोकने के लिए और सुधार की जरूरत है। आज जिस तरह से आतंकवाद का चेहरा परिवर्तित हो रहा है, निःसंदेह वह भयभीत करने वाला है। लेकिन इससे कल होशियार होना भी आसान है, क्योंकि जब हमें पता चल गया है कि डॉक्टर, प्रोफेशनल्स, छात्र संघ, कहीं-कहीं सामान्य दिखने वाला व्यक्ति भी हमारी सुरक्षा व्यवस्था के लिए खतरा बन सकता है, तो हमें सिर्फ चिन्ता नहीं करनी, बल्कि सटीक कार्रवाई करनी होगी। आतंक को मात देने का समय अब है। हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना, बल्कि आगे बढ़ना है, सामूहिक रूप से, सतर्क रूप से, अडिग रूप से। मगर इतना तय है कि लाल किले के पास धमाका कोई साधारण घटना नहीं है, यह एक तरह से देश पर हमला है। यह हम सबको यह याद दिलाता है कि आतंक का जाल अब हमारी गलियों, विश्वविद्यालयों, डिजिटल चैट ग्रुपों और वित्तीय तंत्रों में घुस चुका है। अब यह युद्ध सिर्फ सैनिकों या पुलिस का नहीं, बल्कि नागरिक समाज, तकनीकी संस्थानों, शिक्षकों, और नीति निमार्ताओं सहित हम सबका है। हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना होगा जहां सुरक्षा सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि विश्वास, शिक्षा, न्याय और एकता से सुनिश्चित की जाए। आतंकवाद को हराने का अर्थ सिर्फ आतंकियों को मारना नहीं, बल्कि उस मानसिकता को खत्म करना है जो उन्हें जन्म देती है। इसके लिए सबसे पहले खुफिया एजेंसियों को देश में फैले आतंक के जाल को तोड़ना होगा और यह काम सभी केंद्र और राज्य एजेंसियों को मिलकर करना होगा। यह काम आम नागरिकों के सहयोग के लिए बिना संभव नहीं है। देश के राजनीतिक पार्टियों को भी चाहिए कि इस विषय पर राजनीति नहीं करते हुए सरकार का साथ दें।

# देश मे आतंकवाद की बढ़ती निरंतर चुनौती के बीच गुजरात एटीएस की महत्वपूर्ण कार्रवाई

-कांतिलाल मांडोत-

देश में आतंकवाद की निरंतर बढ़ती चुनौती के बीच, गुजरात एटीएस द्वारा हाल ही में की गई एक महत्वपूर्ण कार्रवाई ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। गुजरात एटीएस ने गांधीनगर के अडालज क्षेत्र से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया, जिनका देशव्यापी आतंकी हमले की साजिश से संबंध पाया गया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में एक डॉक्टर शामिल है, जो हैदराबाद का निवासी बताया गया। अभियुक्तों के कब्जे से दो गलोक पिस्टल, एक बेरेटा पिस्टल, 30 जिंदा कारतूस तथा 4 लीटर अरंडी (कैस्टर) तेल बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच से यह खुलासा हुआ कि इस तेल का इस्तेमाल अत्यंत विषैले पदार्थ रिसिन बनाने में किया जाना था, जिसे बड़े पैमाने पर जनहानि के लिए कार्य में लाया जा सकता था। आरोपियों ने बताया कि हथियार आपूर्ति करने के लिए पाकिस्तान सीमा के पास ड्रोन का उपयोग किया गया था। आरोपियों द्वारा दिल्ली, लखनऊ, अहमदाबाद समेत अन्य संवेदनशील जगहों की रेकी करने की बात सामने आई। गिरफ्तार डॉक्टर का नाम अहमद मोइनुद्दीन सैयद बताया गया है, जिसने एमबीबीएस चीन से किया था और कथित रूप से इस साजिश में प्रमुख भूमिका निभा रहा था। अन्य दो आरोपियों का संबंध उत्तर प्रदेश के रहने वालों से है।

प्रारंभिक पूछताछ में ये पता चला कि ये दोनों उत्तर प्रदेश निवासी व्यक्ति विभिन्न मॉड्यूल से सम्बद्ध हैं और हथियारों व विषैले पदार्थों की सप्लाई चेन में शामिल थे।

आरोपियों ने देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी हमले को अंजाम देने की योजना बनाई थी। हथियारों व विषैले पदार्थों का संयोजन इस तरह था कि बड़ी संख्या में जनहानि संभव हो सकती थी। राज्य-स्तर के आतंकी मॉड्यूल के साथ अंतर-राष्ट्रीय कनेक्शन भी सामने आए हैं। जांच में कथित रूप से इस्लामिक स्टेट खोरासन प्रोविंस (आईएसकेपी) व अन्य अंतरराष्ट्रीय तंत्रों का नाम जुड़ा है। गुजरात एटीएस ने बताया कि इस मॉड्यूल पर पिछले एक साल से निगरानी चल रही थी। गिरफ्तारी के बाद संदिग्धों को यूएपीए के तहत कार्रवाई के दायरे में लिया गया है। आगे की जांच में यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि इस साजिश में कितने और लोग शामिल थे तथा हथियार व विषैले पदार्थ किस तरह सप्लाई हो रहे थे। जन-सुरक्षा की बड़ी सफलता हासिल हुई है। इस तरह की साजिश को समय रहते पकड़ना, जहाँ हथियार, जिंदा कारतूस व विषैले पदार्थ मौजूद थे, स्पष्ट संकेत है कि एटीएस ने बड़ी तबाही को रोका है। खुफिया व पड़ताल प्रणाली की क्षमता बहुत पिछले एक वर्ष से जारी निगरानी व अपराध-इनपुट प्रणाली की सक्रियता ने यह संभव बनाया कि कार्रवाई समय पर हो सके।

मॉड्यूल-आधारित आतंकवाद की चुनौती से सामना किया है। यह मामला दिखाता है कि आतंकवादी नेटवर्क सिर्फ एक-दो व्यक्ति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राज्यों व देश तक फैले व हल्के-हल्के शुरूआत करके बड़े हमलों की तैयारी कर सकते हैं। मादक पदार्थ व रासायनिक हथियार का खतरा बढ़ गया था। अरंडी के तेल से रिसिन बनाने की योजना यह संकेत देती है कि आतंकवाद सिर्फ शारीरिक हथियारों तक सीमित नहीं रहा है। अब रासायनिक हथियार व विषैले पदार्थों का इस्तेमाल भी संभव हो गया है। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव बढ़ता जा रहा है। गुजरात जैसी सीमा-राज्य में ऐसी साजिश पकड़ना न सिर्फ स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। संदिग्धों का पिछले एक साल से निगरानी में होना बताता है कि आतंकवादी नेटवर्क कितने छिपे होकर काम कर सकते हैं। सोशल-मीडिया, टेलीग्राम जैसे माध्यमों पर संपर्क उनकी योजना को गति देते हैं। हथियारों का आदान-प्रदान, सीमा पार ड्रोन सप्लाई आदि ये संकेत हैं कि आतंकवाद जगत ने पारंपरिक तरीके से विस्तार लिया है। इससे रोकना और समस्या बन गया है।

**रासायनिक व विषैले हथियारों का जोखिम**

रिसिन जैसे अत्यंत विषैले तत्वों का उपयोग संभव हो जाना सुरक्षा व्यवस्था के लिए नया खतरा है। इसे रोकने के लिए खुफिया व रासायनिक सुरक्षा प्रणालियों को सुदृढ़ करना होगा। आरोपियों की गतिविधियाँ अनेक राज्यों में पाई गई थीं। इसलिए राज्य एटीएस, केंद्र सरकार, सीमांत एवं खुफिया संस्थाओं के बीच समन्वय-वर्धन महत्वपूर्ण है। रिस्क ग्रुप्स का पतन नहीं हुआ है। आतंकवादी विचारधारा के प्रसार, युवाओं की भर्ती आदि अभी भी बड़ी समस्या हैं। गिरफ्तारी तो कर ली गई, लेकिन अन्य सदस्य हो सकते हैं, योजना अभी पूरी तरह निष्प्रभावित नहीं हुई। खुफिया सूचना-संग्रह व साझा करना होगा। प्रत्येक राज्य के आतंकी-निरोधी दस्ते (एटीएस) को एक राष्ट्रीय खुफिया नेटवर्क से जोड़ना चाहिए, जिससे सूचना-विनिमय तुरंत हो सके। समाज-स्तर पर सूचना बढ़ानी चाहिए। नागरिकों को संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। हथियार व विषैले पदार्थों की आपूर्ति मार्गों पर विशेष नजर रखनी होगी, ड्रोन व सीमा पार गतिविधियों को रोकने के लिए सीमा निगरानी को और कड़ा करना होगा। रासायनिक सुरक्षा मामलों में विशेष प्रशिक्षण व उपकरण देना होगा, ताकि रिसिन जैसे तत्वों के निर्माण व उपयोग को न्यूनतम किया जा सके।

**ब्रेनवॉशिंग व भर्ती को रोकना**

ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर आतंकवादी विचारधारा के प्रसार पर नियंत्रण बढ़ाना होगा। सोशल मीडिया मॉडरेशन, संदिग्ध चैनल्स की निगरानी करनी होगी। युवाओं में राष्ट्रीय-एकता व सामाजिक समावेश की भावना बढ़ाना होगा, ताकि उन्हें कट्टर विचारधारा की ओर प्रभावित होना कम हो। केन्द्र, राज्य, सीमांत और खुफिया एजेंसियों के बीच समन्वय व ताल-मेल बढ़ाना बेहद आवश्यक है। चाहे पुलिस हों, सीमा सुरक्षा बल हों या रासायनिक सुरक्षा संगठन हो। उन्हें एक संयुक्त प्लेटफार्म पर काम करना होगा। नियमित ट्रेनिंग, अभ्यास और आकस्मिक ड्रिल्स के माध्यम से तैयार रहना होगा कि किसी हमले की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। नागरिकों को सक्रिय नागरिक-रक्षा भागीदार बनाना होगा, सूचना हॉटलाइन आदि। शिक्षा संस्थानों में आतंकवाद, साम्प्रदायिक सौहार्द, सामाजिक समावेशिता जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करना चाहिए। जहाँ गुजरात एटीएस ने हथियारों व रासायनिक हथियार बनाने के प्रयास में शामिल तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया, न सिर्फ एक बड़ी सफलता है बल्कि आने वाले समय की चुनौतियों का संकेत भी है। आतंकवाद अब सिर्फ बम-गोला या बंदूक तक सीमित नहीं है। अब वो रासायनिक हथियारों, सीमापार सप्लाई-चेन, ऑनलाइन रिक्रूटमेंट और वैश्विक तंत्रों के सहयोग से काम कर रहा है। हमें यह समझना होगा कि सुरक्षा-प्रणाली सिर्फ गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रह सकती-सतर्कता, साझेदारी, जागरुकता और तकनीकी तैयारियों का मिश्रण आवश्यक है। इस घटना से हमें यह सिखने को मिलता है कि राज्य-स्तर पर सक्रियता, समय-पर खुफिया कार्रवाई और समन्वित प्रयासों से आतंक-साजिश को नाकाम किया जा सकता है।

स्वामी: गायत्री मीडिया, मुद्रक: रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादक: शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 7:10 PM Page 1



# महिला आयोग की अध्यक्ष द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण





**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने बबीता सिंह चौहान ने अस्पताल का निरीक्षण कर रसोईघर का फीता काट कर उद्घाटन किया आज बृहस्पतिवार 13 नवंबर 2025 को महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबंध संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती रोगियों एवं उनके एक तीमारदार के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था के लिए आज माननीय महिला आयोग अध्यक्ष ने नई बिल्डिंग में स्थानांतरित रसोईघर का फीता काटकर वो भगवान के आगे दीपक जला कर उद्घाटन किया। बाद में महिला अस्पताल का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने दवाइयां को भी उठा कर देखा तथा वहां पर काफी महिला रोगियों से भी जानकारी करी बाद में उपरी मंजिल पर बच्चा वार्ड में भी जाकर जच्चा बच्चा के हाल-चाल मालूम किया ।

उन्होंने बताया कि मैं यहां 2 महीने पहले भी निरीक्षण करने आई थी जब मुझे काफी कमियां मिली थी जो आज कोई कमी उनके द्वारा नहीं पाई गई । उनके के साथ इस मौके पर महिला सीएमएस डॉक्टर प्रभा रानी एवं मेडिकल की प्रिंसिपल उर्मिला कार्य के मध्य मतभेद होने की भी बात बताई गई जिसको उन्होंने दोनों के मध्य बैठकर इसको सुलझाने की बात भी कहीं । इस मौके पर उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर उर्मिला कार्य वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर तुहील वशिष्ठ,महिला सी एम एस डॉक्टर प्रभा रानी, डॉक्टर सुनील मलिक, डॉक्टर विदित प्रताप, डॉक्टर पूजा शर्मा और डॉक्टर रेखा चौधरी उपस्थित रही

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर की धनौरा रोड स्थित जेपी पब्लिक स्कूल ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'उड़ान 2025' का आयोजन बड़े उत्साह और ऊर्जा के साथ किया। स्कूल के मैदान को 'उड़ान - सीमाओं से परे उड़ान' की थीम पर खूबसूरती से सजाया गया था।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, उपजिलाधिकारी नितिन तेवतिया , जेपी पब्लिक स्कूल की प्रबंधिका नीतू गुप्ता , उपप्रबंधक आर्यन गुप्ता , विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने मशाल प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत चारों सदनों द्वारा मार्च पास्ट के साथ हुई, जिसके बाद शपथ ग्रहण समारोह और खेल भावना तथा टीम वर्क पर ज़ोर देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया गया।छात्रों ने 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, रिले, गोला फेंक और योग प्रदर्शन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया। प्रतियोगियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर दर्शकों ने पूरे उत्साह से तालियाँ बजाई। इस अवसर पर रंगारंग अभ्यास, नृत्य प्रदर्शन और योग-विज्ञान प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसने उत्सव में चार चाँद लगा दिए। शिक्षकों और अभिभावकों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने छात्रों के समर्पण और खेल भावना की सराहना की और उन्हें शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों, दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का समापन पदक वितरण समारोह और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने ऊर्जा, एकता और उपलब्धि से भरे एक यादगार दिन का अंत किया। सचमुच, 'उड़ान 2025' अपने नाम के अनुरूप रहा - जिसने प्रत्येक छात्र को अपने पंख फैलाने और ऊँची उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया।

# पुलिस अधीक्षक नगर से की भेंट कर दी शुभकामनाएं



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिजनौर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल व प्रदेश वरिष्ठ युवा उपाध्यक्ष शोभित मित्तल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक नगर डॉ कृष्ण गोपाल सिंह से भेंट कर नजीबाबाद कि सर्राफा व्यापारी योगेश तायल के यहां हुई करोड़ की चोरी का पर्दाफाश करने पर पुलिस अधीक्षक नगर और समस्त पुलिस स्टाफ को शुभकामनाएं और बधाई दी । बधाई व शुभकामनाएं देने वालों में जिला अध्यक्ष विनीत राजपूत और प्रदेश सह कोषाध्यक्ष प्रशांत गुप्ता व प्रदेश प्रवक्ता पंडित गोपाल धीमान नगर प्रभारी सुरेंद्र कपूर नगर महामंत्री हिमांशु शर्मा देवेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष नजीबाबाद शाकिर शालू युवा अध्यक्ष नजीबाबाद दीपक शर्मा व आदि समस्त व्यापारी उपस्थित रहे ।

# दिल्ली कार ब्लास्ट के बाद असम में बड़ा एक्शन, 15 लोग गिरफ्तार



**नई दिल्ली/गुवाहाटी।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए भीषण विस्फोट के बाद असम में बड़ा एक्शन हुआ है। पिछले कुछ घंटों में असम पुलिस ने 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इन सभी पर सोशल मीडिया पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि दिल्ली विस्फोटों के बाद आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के सिलसिले में अब तक पूरे राज्य में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को 6 गिरफ्तारियां की गई थीं। इसके बाद रातभर चलाए गए अभियान के दौरान 9 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

रात में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बोंगाईगांव के रहने वाले रफीजुल अली, हैलाकांडी निवासी फोरिद उद्दीन लस्कर, लखीमपुर के इनामुल इस्लाम और फिरुज अहमद उर्फ पोपन, बारपेटा निवासी शाहिल शोमन सिकदर और रकीबुल सुल्तान, होजाई के नसीम अकरम, कामरूप के तस्लीम अहमद और दक्षिण सलमारा के अब्दुर रोहिम उर्फ बप्पी हुसैन के रूप में हुई।

इससे पहले, असम पुलिस ने दरांग के मतिउर रहमान, गोलपाड़ा के हसम अली, चिरांग के अब्दुल लतीफ, कामरूप के वझुल कमाल और बोंगाईगांव के नूर अमीन अहमद को गिरफ्तार किया था। इन सभी पर आरोप है कि इन्होंने दिल्ली धमाके के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भड़काऊ और आपत्तिजनक पोस्ट किए।

सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने साफ कहा कि असम पुलिस हिंसा का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाए हुए है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि असम पुलिस सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके नफरत फैलाने या आतंकवाद का महिमामंडन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ तेजी और सख्ती से कार्रवाई जारी रखेगी। मंगलवार को एक बयान में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि दिल्ली बम विस्फोट की खबर जब सोशल मीडिया पर आई, तो एक विशेष समुदाय के कुछ लोग इस पर मजाक बनाने लगे और 'हा, हा' इमोजी डालने लगे। ये लोग आतंकी समर्थक हैं और हमारी पुलिस इन्हें हर हाल में पकड़ने में जुटी है।

# मुंबई रेलवे पुलिस ने अवैध धरना को लेकर सीएसएमटी के दो कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया

**मुंबई।** मुंबई रेलवे पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर 6 नवंबर को हुए अवैध विरोध प्रदर्शन का संज्ञान लेते हुए सख्त कार्रवाई की है। सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ (सीआरएमएस) के दो कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रेलवे पुलिस ने एस.के. दुबे और विवेक सिसोदिया के खिलाफ सीएसएमटी रेलवे पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। यह प्रदर्शन मुंब्रा स्टेशन पर हुई दुर्घटना में मारे गए पांच लोगों के मामले में दो इंजीनियरों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी वापस लेने की मांग को लेकर किया गया था।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'बिना पूर्व अनुमति के सीएसएमटी परिसर में धरना देना गैरकानूनी है। इससे रेलवे परिचालन बाधित हुआ और यात्री परेशान हुए। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 189(2), 190, 127(2), 221, 223 तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1), 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आईपीसी की धारा 163 के तहत लागू निषेधाज्ञा का भी उल्लंघन हुआ। '

घटना की शुरुआत शाम 4 बजे हुई, जब सीआरएमएस अध्यक्ष प्रवीण वाजपेयी के नेतृत्व में 100-200 रेल कर्मचारी मिलन हॉल में एकत्र हुए। इसके बाद वे शांतिपूर्वक डीआरएम कार्यालय की ओर मार्च करने लगे। आधिकारिक प्रदर्शन समाप्त होने के बाद शाम 5:30 बजे अचानक एस.के. दुबे और विवेक सिसोदिया के नेतृत्व में 30-40 कर्मचारी मोटरमैन लॉबी में घुस गए। उन्होंने लोहे की बेंचों से मोटरमैन, गार्ड और स्टेशन मैनेजर कार्यालय का प्रवेश द्वार अवरुद्ध कर दिया। इससे कर्मचारी अंदर फंस गए और शाम 5:41 बजे से लोकल ट्रेन सेवाएं पूरी तरह ठप हो गईं।

# आर.एस.एम. कॉलेज की छात्रा खुशी गुप्ता को विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक

**- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया सम्मानित**

**उत्तम भारत, संवाददाता**




**धामपुर।** आर.एस.एम. कॉलेज धामपुर की बी.एससी. (कृषि ऑनर्स) की प्रतिभावान छात्रा खुशी गुप्ता ने महात्मा ज्योतिबा फूले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली के 23वें दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक (Gold Medal) प्राप्त कर अपने महाविद्यालय, जनपद और परिवार का नाम रोशन किया है। उन्हें यह सम्मान विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रदान किया गया। खुशी गुप्ता को यह स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए मिला है। उनका कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि खुशी गुप्ता पूर्व में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा (AIEEA) में संपूर्ण भारत स्तर पर 16वीं रैंक प्राप्त कर देश के प्रतिष्ठित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में एम.एससी. (कृषि) में प्रवेश प्राप्त किया है, जिससे आर.एस.एम. कॉलेज परिवार गौरवान्वित है। कृषि संकाय के शिक्षकों ने खुशी की सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और दृढ़ संकल्प का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि खुशी ने अपने निरंतर प्रयासों और सकारात्मक दृष्टिकोण से यह सिद्ध कर दिया है कि समर्पण और परिश्रम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने खुशी गुप्ता को इस उपलब्धि पर आशीर्वाद देते हुए कहा कि 'महाविद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों से यह गौरवशाली क्षण प्राप्त हुआ है। हमें खुशी की उपलब्धि पर गर्व है और आशा है कि वह भविष्य में भी इसी तरह महाविद्यालय और समाज का नाम रोशन करती रहेंगी।' अपनी सफलता पर भावुक प्रतिक्रिया देते हुए खुशी गुप्ता ने कहा – 'मेरी इस उपलब्धि का श्रेय मैं अपने माता-पिता, सभी शिक्षकों और शुभचिंतकों को देती हूं। माता-पिता के निरंतर समर्थन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और साथियों के प्रोत्साहन से ही मैंने यह मुकाम हासिल किया है। '

# हिंदी साहित्य साधना में महीयसी महादेवी वर्मा का योगदान

**उत्तम भारत संवाददाता**





**चांदपुर।** हिंदी साहित्य को समृद्ध बनाने की यात्रा में अनेक कवियों लेखकों एवं नाटक कारों का अद्वितीय योगदान रहा है। साहित्य संवर्धन की इस साधना में महादेवी वर्मा का नाम बहुत ही आदर एवं सम्मान के साथ लिया जाता है। आधुनिक युग की मीरा के नाम से प्रसिद्ध महीयसी महादेवी वर्मा का जन्म 1907 ई. में होलिका दहन के शुभ दिन उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद नगर में हुआ था। इनके पिता श्री गोविंद वर्मा भागलपुर के एक कॉलेज में प्रधानाचार्य थे। महादेवी वर्मा की माता हेमरानी बहुत धार्मिक और साधारण कवयित्री थीं। नो वर्ष की छोटी उम्र में ही इनका विवाह रूप नारायण वर्मा से हो गया। इनके पति डॉक्टर थे परंतु दांपत्य जीवन में उनकी रुचि नहीं थी। उनके जीवन पर महात्मा गांधी का और कला साहित्य साधना पर कवींद्र रवींद्र का गहरा प्रभाव पड़ा। इन्होंने नारी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए नारियों का शिक्षित होना आवश्यक बताया।कुछ वर्षों तक महादेव जी उत्तर प्रदेश विधान परिषद की मनोनीत सदस्य भी रहीं। दर्शन, संगीत तथा चित्रकला में इनकी विशेष अभिरुचि थी। भारत सरकार ने इन्हें पद्म भूषण अलंकार से सम्मानित किया। बहुत समय तक आप प्रयाग महिला विद्यापीठ में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत रहीं। सर्वप्रथम उनकी रचनाएं 'चांद' नामक पत्रिका में प्रकाशित हुई। इसके बाद ये 'चांद' पत्रिका की संपादक भी रहीं। इन्हें शेक सरिया तथा मंगला प्रसाद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत सरकार ने इन्हें पद्म विभूषण की उपाधि से अलंकृत किया।

सन 1983 ई में महादेवी जी को उनके काव्य ग्रंथ यामा पर ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त हुआ और इसी वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने एक लाख रुपए का भारत भारती पुरस्कार देकर उनकी साहित्यिक सेवाओं का सम्मान किया।

अपने मधुर गीतों से जन-जन की प्यास बुझाने वाली यह महान कवयित्री 11 सितंबर 1987 ई को सदैव के लिए हमसे विदा हो गई लेकिन इनके गीत हमारे मानस पटल पर हमेशा हमेशा घूमते रहेंगे।

महादेवी वर्मा में काव्य रचना की विलक्षण प्रतिभा थी। इन्होंने मैट्रिक में ही काव्य रचना प्रारंभ कर दी थी। उनके काव्य में व्यक्त बिरह वेदना अपनी भावनात्मक गहनता के लिए अद्वितीय समझी जाती है।

इसी कारण इन्हें आधुनिक युग की मीरा के नाम से संबोधित किया जाता है। विरह वेदना की भाव अभिव्यक्ति के कारण इन्होंने हिंदी काव्य जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई।

महीयसी महादेवी वर्मा छायावादी युग की कवयित्री थी। करुणा व भावुकता उनके व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएं थीं। उनकी रचना में नारी सुलभ, गहन भावुकता और अंतर्मुखी मनोवृति के दर्शन होते हैं। इसी कारण इनके द्वारा रचित काव्य में रहस्यवाद, वेदना एवं सूक्ष्म अनुभूतियों के कोमल एवं मर्मस्पर्शीय भाव व्यक्त हुए हैं।

महादेवी जी की प्रमुख रचनाएं इस प्रकार हैं- निहार रश्मि, नीरजा, संध्या गीत, दीपशिखा, अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएं, श्रृंखला की कड़ियां, पथ के साथी आदि आपकी गद्य रचनाएं हैं। यामा नाम से आपके विशिष्ट गीतों का संग्रह प्रकाशित हुआ है। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा महादेवी वर्मा के नाम से प्रतिवर्ष माध्यमिक विद्यालयों में प्रदेश स्तरीय महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाता है। वर्ष 2025 हेतु महादेवी वर्मा वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय है 'वर्तमान जीवन प्रणाली एवं पनपता अवसाद'।

उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन जनपद बिजनौर मां सरस्वती की इस अमर सुपुत्री को कोटि-कोटि नमन करती है।

**लेखक: डॉ महेंद्र सिंह त्यागी**

# बालासोर में पुलिस की बड़ी कामयाबी, 26 साल से फरार दो दुर्दांत अपराधी गिरफ्तार

**बालासोर।** कार गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधियों के नाम अनिमेष घोष और कैलाश दास उर्फ कुआन हैं। ये दोनों लंबे समय से बालासोर और पश्चिम बंगाल में आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय थे। पुलिस के मुताबिक, अनिमेष घोष और कैलाश दास पर 32 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या, बलात्कार, दादा-बत्ती (जबरदस्ती उगाही) और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। देवखुंटा पुलिस स्टेशन और टाउन पुलिस स्टेशन में कई मामले इनके खिलाफ पहले से दर्ज थे। अपराधों को अंजाम देने के बाद दोनों फरार होकर पिछले 26 सालों से अलग-अलग राज्यों में छिपते रहे और वहीं अपना आपराधिक नेटवर्क फैलाते रहे।

बालासोर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रत्यूष दिबाकर ने कहा, 'दोनों कुख्यात अपराधी (अनिमेष घोष और कैलाश दास उर्फ कुआन) काफी समय से हमारे रडार पर थे। उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। हमने एक विशेष टीम बनाई थी, जो कई हफ्तों से इन पर काम कर रही थी। '

एसपी ने बताया कि गुरुवार सुबह पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि ये दोनों अपराधी इंडस्ट्रियल एरिया थाना क्षेत्र और सदर थाना क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम हरकत में आई और सटीक कार्रवाई करते हुए दोनों को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने इनके पास से एक हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार और एक बंदूक बरामद की है। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है। पुलिस का कहना है कि शुरुआती पूछताछ में कई पुराने मामलों के तार खुल रहे हैं। आने वाले दिनों में दोनों को रिमांड पर लेकर और गहराई से पूछताछ की जाएगी ताकि इनके नेटवर्क और अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

एसपी प्रत्यूष दिबाकर ने कहा कि बालासोर पुलिस अपराध पर सख्त कार्रवाई जारी रखेगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें ताकि समाज में शांति और कानून-व्यवस्था बनी रहे।

# मध्य प्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0: सीएम मोहन यादव अंतरिक्ष नीति का करेंगे अनावरण, प्रौद्योगिकी, नवाचार और निवेश पर जोर

**इंदौर।** इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में 'मध्य प्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' का आयोजन होने वाला है। मुख्यमंत्री मोहन योदव गुरुवार को इस आयोजन में भाग लेंगे। वे अंतरिक्ष नीति का अनवारण करेंगे।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर 'मध्य प्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' की के बारे में बताया। सीएम इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाले इस कनक्लेव में भाग लेंगे। सरकार इसका आयोजन मध्य प्रदेश को प्रौद्योगिकी, नवाचार और निवेश के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से कर रही है।

राज्य सरकार के अनुसार, यह आयोजन राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तैयार करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि मध्य प्रदेश टियर-2 भारतीय तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके। कॉन्क्लेव के दौरान, मुख्यमंत्री यादव अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के विकास के लिए तैयार की गई राज्य की नई नीति का अनावरण करेंगे, जिसका उद्देश्य उज्जैन को अंतरिक्ष नवाचार के लिए भारत के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करना है।

इससे पहले बुधवार को सरकार ने बताया था, यह मसौदा नीति इन-स्पेस के तहत राष्ट्रीय अंतरिक्ष सुधारों के अनुरूप है, जो उपग्रह डिजाइन, प्रक्षेपण सेवाओं और रिमोट सेंसिंग में निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देती है। सरकार ने कहा, 'पिछले छह महीनों में, मध्य प्रदेश ने नवाचार, बुनियादी ढांचे और निवेश के माध्यम से उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। ड्रोन तकनीक के लिए उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। '

मुख्यमंत्री यादव निवेश और सहयोग के नए अवसरों की तलाश के लिए उद्योग प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठकें भी करेंगे। वह नए उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करेंगे और भूमि आवंटन पत्र भी सौंपेंगे।

यह कार्यक्रम नीति, लोगों और प्रगति के एकीकरण का उदाहरण है, जो दर्शाता है कि कैसे मध्य प्रदेश नवाचार-संचालित समावेशी विकास के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है।

# तमिलनाडु में हल्की-मध्यम बारिश की संभावना, दक्षिणी जिलों में भारी वर्षा का अलर्ट

**चेन्नई।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को ताजा मौसम बुलेटिन जारी किया। इसके अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दक्षिणी जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश भी शामिल है। आईएमडी ने अपने बयान में कहा कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर मौजूदा वातावरण के कारण गुरुवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

विभाग ने आगे कहा कि अगले कुछ दिनों तक इस क्षेत्र में संवहन गतिविधि जारी रहने की उम्मीद है। रामनाथपुरम, तेनकासी, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी जिलों पर नजर रखी जा रही है और आईएमडी ने बारिश की संभावना जताई है। इन इलाकों में पिछले एक हफ्ते से रुक-रुक कर बारिश हो रही है और अधिकारियों को स्थानीय मौसम संबंधी व्यवधानों के लिए सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

आईएमडी ने आगे कहा कि अगले दो दिनों में तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना है, जो मौजूदा बारिश के दौर के जारी रहने का संकेत है। हालांकि बारिश ज्यादा होने की उम्मीद नहीं है, लेकिन अचानक, खासकर शाम और रात के समय, कुछ समय के लिए हल्की बारिश हो सकती है।

चेन्नई में दिन भर के लिए थोड़े-बहुत बादल रहने की संभावना है। कुछ इलाकों में, खासकर शहर के उत्तरी और मध्य भागों में, हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

मौसम विज्ञानियों ने संकेत दिया है कि समुद्र से आने वाली नमी भरी हवाओं के कारण कुछ देर के लिए बारिश हो सकती है। चेन्नई में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है।

# मुलुंड में फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 5 आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई की मुलुंड पुलिस ने एक बड़े साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। मुलुंड पश्चिम के एक आवासीय फ्लैट में चल रहे फर्जी अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर पर छापेमारी कर पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये आरोपी अमेरिका और कनाडा के नागरिकों को ठगने का काम कर रहे थे। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान और नकदी बरामद की है।

मुलुंड पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना मिली थी कि मुलुंड कॉलोनी क्षेत्र में कुछ लोग फर्जी कॉल सेंटर चला रहे हैं। वे खुद को अमेरिका स्थित बैंक या वित्तीय कंपनी का अधिकारी बताकर विदेशी नागरिकों को तुरंत ऋण देने का लालच देते हैं। पीड़ितों से प्रोसेसिंग फीस के नाम पर पैसे वसूलते हैं, लेकिन ऋण कभी नहीं देते।

मुलुंड पुलिस ने जब फ्लैट पर छापा मारा, तब वहां 27 वर्षीय सागर गुप्ता मुख्य संचालक निकला। सागर ने इस धंधे के लिए अभिषेक सिंह, तन्मय धाड़ सिंह, शैलेश शेट्टी और रोहन अंसारी को नियुक्त किया था। सभी आरोपी मौके से गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस को 2 लैपटॉप, 11 मोबाइल फोन, 2 राउटर और 76,000 रुपए नकद बरामद हुए हैं। आरोपी कॉल सेंटर में खुद को 'लेंडिंग पॉइंट' नामक वित्तीय कंपनी का कर्मचारी बताते थे। वे ई-सिम कार्ड का इस्तेमाल कर पीड़ितों से संपर्क करते थे। शिकार को असुरक्षित वेतन-दिवस ऋण (पे-डे लोन) देने का वादा किया जाता था। न्यूनतम प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने के बाद भी पीड़ितों को कुछ नहीं मिलता। इस तरह से लाखों रुपए की ठगी की जा चुकी है। पुलिस ने मामला भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2), 318(2), 338, 340(2), 319(2), 336 और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एक्ट के तहत दर्ज किया है। आरोपी बिना किसी वैध अनुमति के यह अवैध कॉल सेंटर चला रहे थे।

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ने कहा, 'यह एक सुनियोजित अंतरराष्ट्रीय ठगी का गिरोह था। हमने सभी सबूत जब्त कर लिए हैं। पीड़ितों की संख्या का पता लगाने के लिए डिजिटल फोरेंसिक जांच की जा रही है। विदेशी एजेंसियों से भी संपर्क किया जाएगा। '

# हिमाचल में सीजन की सबसे सर्द रात, शून्य से 7 डिग्री नीचे पहुंचा पारा

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में सर्दी अपने पूरे चरम पर है और ठंड ने इस सीजन का अब तक का सबसे सर्द दौर ला दिया है। राज्य के ऊंचाई वाले जनजातीय इलाकों में तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चला गया है। लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिलों में कड़ाके की ठंड के कारण जलस्त्रोत जमने लगे हैं। झीलों, झरनों और अन्य प्राकृतिक जलधाराओं की ऊपरी परत बर्फ में तब्दील हो गई है। कई स्थानों पर सड़कों पर भी बर्फ जम रही है, जिससे वाहनों की आवाजाही खतरे में पड़ गई है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार रात से गुरुवार सुबह तक लाहौल-स्पीति जिले के ताबो में न्यूनतम तापमान -7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। ताबो फिलहाल प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान बना हुआ है। इसी जिले के कुकुमसेरी और केलंग में भी न्यूनतम तापमान क्रमशः -3.3 और -3.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। किन्नौर जिले के कल्पा में न्यूनतम पारा -0.4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया।

हिल स्टेशन मनाली में न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, मैदानी जिलों में भी रातें हड्डियां कंपाने लगी हैं। हमीरपुर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से चार डिग्री कम है। दिलचस्प बात यह है कि हिल स्टेशन शिमला की रातें इस समय कई मैदानी इलाकों से गर्म हैं। शिमला में बीती रात न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

राज्य के अन्य शहरों में ऊना में न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, सुंदरनगर में 4.5, कांगड़ा में 6.5, मंडी में 6.3, पालमपुर में 5.5, सोलन में 2.6, भुंतर में 3.5, नाहन में 9.5, बिलासपुर में 8.5, बरठीं में 7, सराहन में 8 और कसौली में 10.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। औसतन देखा जाए तो प्रदेश का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री नीचे चला गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार अगले छह दिनों तक हिमाचल में मौसम साफ बना रहेगा और कहीं भी बारिश या बर्फबारी की संभावना नहीं है। इस कारण ठंड का असर और बढ़ने की उम्मीद है। ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे ही रहने की संभावना जताई गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि नवंबर माह में अब तक केवल 1.1 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई है, जो सामान्य से 83 प्रतिशत कम है।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 7:52 PM Page 1



# महिलाओं/बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों की दी जानकारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शासन के आदेश के क्रम में बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में विशेष महिला सुरक्षा दल, जनपद स्तर द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत विद्या मंदिर गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं एवं रेलवे स्टेशन पर महिलाओं/बालिकाओं को साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिला सुरक्षा दल, जनपद स्तर द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090- वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस जागरुकता अभियान का उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना है।

# युवा आगे बढ़ें, राष्ट्र को जोड़ें—उप निदेशक माहे आलम

*** 15 नवम्बर को जनपद में सरदार ञ्च150 एकता पदयात्रा का होगा आयोजन**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** माय भारत, रामपुर द्वारा राष्ट्र-एकता के प्रतीक और भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आगामी 15 नवम्बर को प्रातः 9 बजे एक भव्य 'सरदार ञ्च150 एकता पदयात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक पदयात्रा स्टेट बैंक के निकट से प्रारम्भ होकर रामपुर किला तक जाएगी, जो सदियों से रामपुर की सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक चेतना का केंद्र रहा है। इस पदयात्रा को जनसमर्थन, युवा सहभागिता तथा राष्ट्रीय एकता के भाव से एक विराट स्वरूप देने की तैयारी की जा रही है। इस कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान करेंगे मंत्री गुलाब देवी तथा विधायक आकाश सक्सेना, जिनकी उपस्थिति युवा शक्ति के लिए ऊर्जा, प्रेरणा और नेतृत्व का सशक्त संदेश होगी। दोनों जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से यह संदेश मजबूत होगा कि एकता, अखंडता और राष्ट्रीय समर्पण केवल कार्यक्रमों की औपचारिकता नहीं बल्कि भारत की आत्मा हैं। पदयात्रा के दौरान युवाओं, स्वयंसेवकों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, युवा मंडलों, सामाजिक संगठनों और नागरिक समूहों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मार्ग में देशभक्ति के गीत, एकता-संदेश, राष्ट्रीय ध्वज की महिमा, तथा सरदार पटेल के विचारों पर आधारित प्रेरक उद्घोष झंकारित होंगे। रामपुर किले पर समापन के पश्चात एक संक्षिप्त युवा-संवाद एवं एकता-संकल्प भी कराया जाएगा। उपनिदेशक महे आलम ने पदयात्रा से पूर्व अपनी अपील की है कि रामपुर के सभी युवा साथी, छात्र-छात्रा, स्वयंसेवक, महिला समूह, सामाजिक संगठन और नागरिक 15 नवम्बर की सुबह 9 बजे एकता के इस पावन अवसर पर अधिकतम संख्या में शामिल हों। सरदार वल्लभभाई पटेल केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि भारत की अखंडता, साहस, निष्ठा और राष्ट्रीय चरित्र का अमर प्रतीक हैं। उनकी 150वीं जयंती पर यह पदयात्रा हमारी प्रतिबद्धता का सार्वजनिक संकल्प है कि हम भारत की एकता, सद्भाव और भाईचारे को सर्वोपरि रखेंगे। 'उन्होंने कहा कि 'माय भारत के माध्यम से रामपुर के युवा जिस ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ स्वच्छता ही सेवा, नशा-मुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण, खेल, नेतृत्व-विकास, सामुदायिक सेवा एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी गतिविधियों में भाग ले रहे हैं, वह सराहना योग्य है। यह पदयात्रा उसी सेवा-भावना की निरंतरता है। 'अपनी अपील में उन्होंने विशेष रूप से कहा कि 'सभी स्वयंसेवक, युवा व नागरिक mybharat.gov.in पर अवश्य पंजीकरण करें। यह राष्ट्रीय मंच युवाओं को सरकारी कार्यक्रमों, नेतृत्व के अवसरों, प्रशिक्षण गतिविधियों, कौशल-विकास तथा सामुदायिक सेवा से जोड़ता है। पंजीकृत युवा न केवल अधिक अवसर प्राप्त करते हैं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए अपने योगदान को औपचारिक रूप से दर्ज भी करा सकते हैं। 'माय भारत, रामपुर ने जिले के सभी नागरिकों, युवा संगठनों, शिक्षण संस्थानों एवं सामाजिक समूहों से यह भी अनुरोध किया है कि वे इस पदयात्रा को एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन का रूप दें और यह दिखाएँ कि रामपुर की युवा शक्ति—एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के मूल्यों पर दृढ़तापूर्वक खड़ी है।

# कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन ने एसआईआर सर्वे को लेकर किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सर्वे को लेकर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों का जागरूक किया गया और फॉर्म से संबंधित जानकारी दी गई। नगर के मुहल्ला टांडा हुरमतनगर की चांद के पार बस्ती में बुधवार की रात नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन मोहम्मद हसन खां की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में (एसआईआर) को लेकर बताया गया कि यह फॉर्म भारत के रहने वाले नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है, ऐसे में बिल्कुल घबराएं नही और फॉर्म को अच्छे से समझे! पूर्व चेयरमैन ने लोगों को एसआईआर को लेकर स्वयं भी और दूसरों को भी जागरूक रहने को कहा, उन्हें अपने जरूरी कागजात पहले से तैयार रखने का सुझाव दिया और कहा अगर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) फॉर्म भरने आपके घर तक नही आते हैं, तो मतदाताओं को स्वयं उनसे संपर्क करने और जागरूक लोगों की मदद लेने की सलाह दी गई। इस मौके पर मुराद हसन खां, ज़ैद हसन खां, हाजी एजाज, कलीम अहमद, मोमिन मियां, हाफिज मुजाहिद, इमरान अहमद, रवि, कामिल खां, गुड्डू वकील, शावेज़ खांन, अमीर अहमद खां, जिया खांन आदि मौजूद रहे।

# तुरैहा मछुआ समाज पंचायत चुनाव संगठित होकर मजबूती के साथ लड़ेगा: कमल तुरैहा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** तहसील सदर के कस्बा पटवाई ग्राम पीपला की मडैयान में तुरैहा मछुआ समाज के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया। बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि पंचायत चुनाव संगठित होकर मजबूती के साथ लड़ेगा व अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। समाज की अपेक्षा करने वाले राजनीतिक पार्टियों को जवाब भी देगा। उन्होंने बैठक में समाज को कमजोर करने वालों का पर्दाफाश करने तथा युवाओं को संगठन की नीतियों से जोड़ने का भी निर्णय लिया और साथ ही समझ में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की अपील की गई। उन्होंने कहा कि तुरैहा मछुआ समाज की उपेक्षा राजनीतिक दलों को महंगी पड़ेगी। बैठक में समाज को कमजोर करने वालों का पर्दाफाश भी करने तथा युवाओं को संगठन की नीतियों से जोड़ने का निर्णय भी लिया गया। और समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने की अपील की गई। जिला अध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की तुरैहा मछुआ समाज की उपेक्षा राजनीतिक दलों को भारी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि तुरैहा समाज अपने उद्देश्य से भटक गया है और कुरूतियो के जाल में फंस गया समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए समाज के युवा वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि तुरैहा समाज की हालत गुलामी जैसी हो गई है। उन्होंने समाज के कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव को लेकर कमर कसने का आवाहन किया। इस बार समाज की उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दलों को सबक सिखाया जाएगा। इस मौके पर अजय कुमार, मुरारी लाल, लाल सिंह, जबर सिंह, दिलीप चंद, द्वारका प्रसाद, नंदकिशोर, राजीव कुमार, ओमप्रकाश, राम प्रकाश, डालचंद, शिवकुमार, दिनेश कुमार, विनोद कुमार, विजयपाल, हरपाल सिंह, महेंद्र मास्टर, पूरनलाल रामगोपाल, रवि कुमार, राहुल सिंह, मोहित कुमार, संजय, यश तुरैहा, आदि लोग मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को साइबर सुरक्षा और हेल्पलाइन की जानकारी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र के कसमनगला में, मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत, महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों, सम्मान और स्वावलम्बन के महत्व पर जागरूक किया गया। महिला संबंधी अपराधों और उनसे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ, 1930 साइबर क्राइम, 1090 वूमेन पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा सहित अन्य प्रमुख हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के बारे में बताया गया।

# दढ़ियाल में गोशाला का अपर निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**टांडा।** नगर पंचायत दढ़ियाल में गोशाला का अपर निदेशक मंडल मुरादाबाद डॉ. जगदीश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोशाला के विभिन्न पहलुओं की जांच की। सर्दियों के दौरान गोशाला में पशुओं के लिए त्रिपाल लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान नगर के कर्मचारियों में हड़कंप मचा रहा। बृहस्पतिवार को नगर के साप्ताहिक बाजार में स्थित गोशाला का अपर निदेशक मंडल मुरादाबाद डां जगदीश कुमार ने औचक निरीक्षण किया। जैसे ही गोशाला में पशुओं की देखभाल कर रहे कर्मचारियों को अधिकारी के आने की सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोशाला के रजिस्टर, पशुओं के चारे ओर भूसे की गहनता से जांच की। उन्होंने गोवंश के लिए उपलब्ध कराए जा रहे हरे चारे और भूसे की मात्रा व गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। वहीं सर्दियों के मौसम में त्रिपाल नहीं होने पर भड़क गए। अपर निदेशक मंडल मुरादाबाद ने पशुओं के लिए त्रिपाल की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। अधिकारी के जाने पर गोशाला में पशुओं की देखभाल कर रहे कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। इस दौरान गोशाला केयर टेकर मो. फहीम, नगर पंचायत के लिपिक कृष्ण कुमार और नगर पंचायत कर्मचारी नवी अहमद सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मियाद पूरी कर चुका भाखड़ा डैम का पुराना पुल अब रामपुर की धरोहर में होगा शामिल

*** कृषि राज्यमंत्री ने पुराने पुल के बराबर में नया पुल निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** 99 साल पूर्ण कर मियाद पूरी कर चुका भाखड़ा डैम का पुराना पुल अब रामपुर की धरोहर में शामिल होने वाला है। कृषि राज्यमंत्री ने पुराने पुल के बराबर में नया पुल निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। नगर के भाखड़ा पर सन् 1926 में अंग्रेजों के जमाने में निर्माण हुए पुराने पुल के 99 साल पूर्ण होने के बाद मियाद पूरी कर चुके इस पुल के जर्जर होने पर सिंचाई विभाग ने भारी वाहनों के लिए लगभग एक वर्ष पूर्व प्रतिबंध लगा दिया था। जबकि दुपहिया व पैदल आने जाने वालों के लिए आवागमन जारी है। इसके बाद नागरिक इस पुल का ध्वस्तीकरण न करते हुए रामपुर की धरोहर के रूप में रखने की मांग कर रहे थें। इस पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने नागरिकों की मांग को संज्ञान में लेते हुए पुराने और नए पुल के बराबर में एक और नए पुल निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है, और यह पुराना पुल रामपुर की धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं कृषि राज्यमंत्री ने बताया कि प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद पुल का निर्माण कराया जाएगा। इससे जाम की समस्या आदि से नागरिकों को राहत मिलेगी। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता नंदलाल आर्या ने बताया इस पुल को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा। साथ ही नए पुल के लिए प्रस्ताव भेजा है, प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद पुल निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया वर्तमान में नए निर्माण कराए जा रहे पुलों की मियाद पचास साल है।

# शिव महापुराण कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के धुल जाते हैं पाप : टीकम शरण महाराज

**धमतरी।** देवांगन परिवार द्वारा अन्नपूर्णा सदन, देवांगन चौक, हटकेशर में संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रवचनकर्ता आचार्य टीकम शरण महाराज ग्राम हरदी छुरा, जिला गरियाबंद ने भगवान शिव की महिमा का बखान करते हुए कहा कि संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा सुनने से जन्म-जन्मांतर के पाप धुल जाते हैं। भगवान शंकर भोले हैं और वे भाव के प्यासे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मनुष्य के भीतर अहंकार और अभिमान रहेगा, तब तक परमात्मा से दूरी बनी रहेगी।

जीवन के हर कार्य को दिल और विश्वास से करना चाहिए—चाहे वह भजन-कीर्तन हो या कोई अन्य कार्य। ऐसा करने से जीवन में सुख और शांति प्राप्त होती है। उन्होंने विवाह संस्कार को जीवन का पवित्र संस्कार बताते हुए कहा कि आज का मानव धीरे-धीरे संस्कारों से दूर होता जा रहा है। बिना संस्कारों के जीवन का कोई मूल्य नहीं रहता। माता-पिता की आज्ञा के बिना कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए और भक्ति में कभी दिखावा नहीं होना चाहिए। आचार्य महाराज ने मां भगवती के सती रूप, उनके अग्नि में लीन होने, तथा हिमालय पर महाराज हिमालय और मैना देवी के यहां पार्वती के जन्म की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि मां पार्वती ने भगवान भोलेनाथ को पाने के लिए घोर तपस्या की थी। कथा का आयोजन आठ नवंबर से चल रहा है और यह 14 नवंबर 2025, शुक्रवार तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम छहबजे तक अन्नपूर्णा सदन, देवांगन चौक, हटकेशर, धमतरी में आयोजित किया जा रहा है। गुरुवार को कथा में श्री कार्तिक जन्म, तारका वध, श्री गणेश जन्म और शिव पुत्रियों के जन्म की कथा का वर्णन हुआ। शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 2 बजे से त्रिपुट निर्माण, त्रिपुरासुर दमन, पूर्णाहूति, सतधरा स्नान और भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा। परायणकर्ता पं. नूतन प्रसाद महाराज (ग्राम हरदी छुरा, जिला गरियाबंद) हैं। इस अवसर पर रमेश कुमार देवांगन, अन्नपूर्णा देवांगन, आशीष देवांगन, एकता देवांगन, कविता देवांगन, नारायण देवांगन, शशी देवांगन सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

# तंबाकू मुक्त भारत के तहत चलाया अभियान विद्यालयों में जागरूक भी किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** डीएम के निर्देश पर तम्बाकू मुक्त अभियान के अंतर्गत जिला सलाहकार डॉक्टर शहजाद हसन खान द्वारा बृहस्पतिवार को कोटपा अधिनियम 2003 के अनुपालन में कलेक्ट्रेट परिसर में धारा 4 के अनुपालन में जुर्माना अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत 15 व्यक्ति जो कि विभिन्न प्रकार के तंबाकू उत्पाद का प्रयोग करते हुए पाए गए का तत्काल जुर्माना किया गया और उपस्थित जनसामान्य को तंबाकू संबंधी बीमारियों एवं इससे होने वाले रोगों तथा इलाज के बारे में समुचित जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न टीमों द्वारा अलग-अलग विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें उच्चतर प्राथमिक विद्यालय कोयला, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय पत्थर खेड़ा चमरौआ तथा राजकीय इंटर कॉलेज टांडा, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय किसरौल आदि विद्यालय शामिल रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में पोस्टर प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एवं सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों को तंबाकू को अपने जीवन में कभी प्रयोग न करने एवं अन्य को प्रयोग न करने देने तथा जनपद रामपुर को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

# मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मुंशी, मौलवी, आलिम परीक्षा हेतु आवेदन करने की समय सारणी जारी

**रामपुर।** प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत ने बृहस्पतिवार को बताया कि उप्र मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) आलिम (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) परीक्षा वर्ष 2026 हेतु आवेदन करने की समय सारणी जारी की गई है। समय सारणी के अनुसार परीक्षाओं का आयोजन 1 फरवरी, 2026 से 15 फरवरी, 2026 के मध्य किया जाना है। उन्होंने बताया कि मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं की परिषद की मुंशी/मौलवी (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) आलिम (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) परीक्षा वर्ष 2026 के आवेदन पत्रों को ऑनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ होने की तिथि 20 नवम्बर 2025, परीक्षा वर्ष 2026 हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से राजकीय कोष में जमा करने की अवधि 20 नवम्बर से 19 दिसम्बर, 2025 तक, आवेदन पत्रों को आनलाइन मदरसा पोर्टल पर भरने की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर एवं मदरसे के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा छात्र-छात्राओं के आवेदन पत्रों को नियमानुसार मदरसा पोर्टल पर लॉक करने की अन्तिम तिथि 22 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

# रामपुर की आंचल जैन ने पीएचडी कर बढ़ाया जिले का मान, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दी उपाधि




**रामपुर।** गंगापुर आवास विकास कॉलोनी की प्रतिभाशाली शिक्षिका आंचल जैन ने शिक्षा शास्त्र में शोध कार्य कर डॉक्टरेट (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त कर जनपद का नाम गौरवान्वित किया है।

एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में आयोजित 23वें दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने उन्हें उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया।

आंचल जैन ने क्वालिटी एसेसमेंट एंड इट्स मैनेजमेंट इन द हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस एफिलिएटिड टू एमजेपी रोहिलखंड यूनिवर्सिटी विषय पर अपना शोध कार्य पूरा किया। यह शोध प्रो. रश्मि अग्रवाल (डीन एवं विभागाध्यक्ष, शिक्षा शास्त्र विभाग, एमजेपीआरयू) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

गौरतलब है कि इससे पूर्व भी आंचल जैन को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए पूर्व राज्यपाल एवं कुलाधिपति राम नाईक द्वारा एम.एड. में विश्वविद्यालय टॉपर बनने पर गोल्ड मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

वर्तमान में वे बेसिक शिक्षा विभाग में प्रभारी प्रधानाध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे पिता सुनील कुमार जैन की प्रेरणा और माता पूनम जैन का समर्पण व सहयोग रहा है।

आंचल जैन की इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा रामपुर गर्व महसूस कर रहा है।

# पानीपत में 1,106 जमानती अपराधी फरार : 6 माह में मात्र 110 गिरफ्तार

*** फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने तेज किया अभियान**

**पानीपत।** पानीपत में अब तक कुल एक हजार एक सौ छह ऐसे अपराधी हैं जो जमानत या न्यायालय से सशर्त रिहाई पर थे। लेकिन बाहर आने के बाद तारीख पर अदालत में पेश नहीं हो रहे और पुलिस की पहुंच से दूर हैं। इनमें से कई का तो पता ही गलत पाया गया। ऐसे में ये अपराधी पुलिस के गले की फांस बन गए हैं।

पानीपत पुलिस ने इन फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया। जिसमें 6 माह की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस केवल 110 अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। बाकी की तलाश में पुलिस भटकती फिर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अब इस अभियान को चलाने के लिए ओर गति प्रदान की जाएगी। ताकि जमानत के बाद फरार हुए इन अपराधियों को फिर से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा सके।

पुलिस का कहना है कि इन फरार अपराधियों में फिरौती, लूट, चोरी, नशा तस्करी और मारपीट जैसे मामलों में शामिल हैं। इनमें से ज्यादातर उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान के अलावा अन्य कई राज्यों के निवासी हैं। जिन्हें पानीपत में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद न्यायालय से जमानत मिलने के बाद यह दोबारा अपने राज्य लौटकर गायब हो गए। पुलिस अब उनके स्थायी पते पर टीम भेजकर तलाश कर रही है लेकिन उनके ज्यादातर पते फर्जी मिल रहे है। न्यायालय द्वारा बार-बार गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा रहा है। पुलिस अभी तक फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है। क्योंकि ज्यादातर अपराधियों के घर परिवार ने भी उनका पता बताने से इनकार कर दिया है। ऐसे में इन अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस के सिरदर्द बनती जा रही है ।

डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि जमानत पर बाहर आकर फरार हुए अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन कर, इस काम में लगाया हुआ हैं। तथा कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जा चुका है। बाकी बचे अपराधियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का निशाना अब इन फरार अपराधियों को खोज कर गिरफ्तारी करने पर है ताकि जिले में अपराध को नियंत्रित किया जा सके।

# लायंस क्लब रामपुर एलिट की बैठक में उठे अहम मुद्दे, विकास को लेकर हुए महत्वपूर्ण सुझाव

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** लायंस क्लब रामपुर एलिट के संस्थापक सदस्य इंजीनियर शैलेंद्र गोयल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्लब से जुड़े अनेक अहम मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

इंजीनियर शैलेंद्र गोयल ने कहा कि लायंस क्लब का उद्देश्य समाजसेवा के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करना और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसी को ध्यान में रखते हुए बैठक में क्लब की आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों को लेकर कई रचनात्मक सुझाव सामने आए।

सभी सदस्यों ने क्लब की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व जनहितकारी बनाने पर बल दिया। सभी ने एकजुट होकर यह संकल्प लिया कि लायंस क्लब रामपुर एलिट आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

बैठक का माहौल सौहार्दपूर्ण और उत्साह से भरा रहा। अंत में अध्यक्ष एड विनोद कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की ताकत एकता में है, और जब सभी मिलकर समाज के लिए काम करते हैं तो हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से सचिव शोभित गोयल, कोषाध्यक्ष अथर खान, एड जितेंद्र प्रधान, डॉ अरविंद कुमार सिंह, देवांग गुप्ता, राधेश्याम, आदिश गुप्ता, डॉ सुशील शर्मा, गौरव जैन आदि मौजूद रहे।

# रामपुर पुलिस का एक्शन मोड ऑन — बारूद व विस्फोटक भंडारण केंद्रों पर ताबड़तोड़ चेकिंग, सुरक्षा व्यवस्था हुई और भी सख्त



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** हाल ही में दिल्ली में खड़ी कार में हुए धमाके के बाद अब रामपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश और पुलिस अधीक्षक रामपुर के नेतृत्व में जनपद में बारूद व विस्फोटक पदार्थ के गोदामों तथा अमोनियम नाइट्रेट के भंडारण केंद्रों की आकस्मिक चेकिंग के लिए एक दिवसीय 'विशेष अभियान चलाया गया।

यह अभियान जन सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। चेकिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, अग्निशमन अधिकारी और विस्फोटक निरीक्षक की संयुक्त टीमों ने जिलेभर में गोदामों और भंडारण केंद्रों की गहन जांच की।

जांच में लाइसेंस, सुरक्षा मानक, रखरखाव, अवैध भंडारण और सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता जैसे बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे गोदामों की लगातार निगरानी रखी जाए, सुरक्षा मानकों का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जाए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को दी जाए।

पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि जनपद रामपुर की सुरक्षा, शांति और कानून व्यवस्था को हर स्तर पर मजबूत रखा जा सके।

संक्षेप में कहा जाए तो दिल्ली धमाके के बाद अब रामपुर पुलिस पूरी चौकसी में है, और जिले की सुरक्षा में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बीएलओ गौरव कुमार ने पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची वितरित की



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** बीएलओ गौरव कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उनका मुख्य उद्देश्य हर घर तक सही और अद्यतन मतदाता सूची पहुंचाना है। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मतदाताओं का नाम सूची में शामिल नहीं है या जिनकी जानकारी में कोई त्रुटि है, वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ तुरंत संपर्क करें ताकि सुधार किया जा सके। इस कार्यक्रम के दौरान, कई नगरवासियों ने नए मतदाताओं के नाम जुड़वाने के लिए आवेदन भी जमा किए। गौरव कुमार ने उपस्थित सभी ग्रामीणों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी और आगामी चुनावों में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। लोगो ने बीएलओ के इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी पहल से लोगों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ती है। मतदाता सूची वितरण की इस प्रक्रिया को देखने के लिए कई स्थानीय लोग भी मौके पर मौजूद रहे।

# लाल-नीली बत्ती और हूटर लगाकर घूमना पड़ा भारी, सिडकुल पुलिस ने कार को किया जब्त

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में हरिद्वार के थाना सिडकुल पुलिस ने बुधवार देर रात जांच अभियान के दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन चालक को लाल-नीली बत्ती और हूटर बजाते हुए पकड़ा। पुलिस वाहन को मोटर वाहन अधिनियम के तहत जब्त कर थाने ले आयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली में हुये बम विस्फोट की घटना के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जिलेभर में सुरक्षा के मद्देनज़र सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 5:39 PM Page 1



# बिहार के सात जिलों में महिलाओं ने मतदान में पुरुषों को पीछे छोड़ा, पटना अपवाद



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में महिलाओं ने एक बार फिर मतदान में बढ़त बनाई है और राज्य के सात जिलों में महिलाओं ने पुरुषों की तुलना में 14 प्रतिशत या उससे अधिक बढ़त के साथ मतदान किया, जबकि 10 अन्य जिलों में यह अंतर 10 प्रतिशत से अधिक रहा। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों में इसकी जानकारी दी गयी है।

पटना राज्य का एकमात्र जिला रहा, जहां पुरुषों का मतदान प्रतिशत महिलाओं से अधिक दर्ज किया गया। पटना में जहां 60.05 प्रतिशत पुरुषों ने वोट डाले, वहीं महिलाओं का मतदान प्रतिशत 57.88 रहा।

बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों में छह और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान हुआ था और परिणाम 14 नवंबर को घोषित किए जाएंगे। इस बार राज्य में 67.13 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जो अब तक का सबसे अधिक है।

आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं की वोटिंग 71.78 प्रतिशत रही, जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 62.98 रहा।

निर्वाचन आयोग के सभी 38 जिलों के जेंडर-वाइज आंकड़ों के मुताबिक सुपौल में सबसे बड़ा अंतर दर्ज हुआ। यहां 83.69 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया जबकि पुरुषों का मतदान प्रतिशत 62.98 रहा ।

किशनगंज (19.5 प्रतिशत), मधुबनी (18.4), गोपालगंज (17.72), अररिया (14.43), दरभंगा (14.41) और मधेपुरा (14.24) में भी महिलाओं के पक्ष में बड़ा अंतर दर्ज किया गया।

जिन जिलों में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से 10 प्रतिशत से अधिक रहा उनमें सीवान (13.83), पूर्णियां (13.36), शिवहर (12.48), सीतामढ़ी (12.43), सहरसा (12.37), पूर्वी चंपारण (11.13), पश्चिमी चंपारण (11.03), खगड़िया (10.66), समस्तीपुर (10.64) और बांका (10.53) शामिल हैं।

पहले चरण के 121 सीटों में छह नवंबर को हुए मतदान में महिलाओं की सहभागिता 69.04 प्रतिशत रही, जबकि पुरुषों का मतदान 61.56 प्रतिशत था। दूसरे चरण में महिलाओं की वोटिंग बढ़कर 74.56 प्रतिशत पहुंच गई, जबकि पुरुषों की वोटिंग 64.41 प्रतिशत रही।

किशनगंज जिला महिलाओं की सर्वाधिक वोटिंग वाला क्षेत्र रहा, जहां 88.57 प्रतिशत महिलाओं ने वोट डाले। इसके बाद कटिहार (84.13), सुपौल (83.69), पूर्णिया (83.66), अररिया (78.27), पश्चिमी चंपारण (77.74) और पूर्वी चंपारण (77.49) का स्थान रहा।

# ट्रेन में यात्री का बैग चुराने के आरोप में दो व्यक्ति गिरफ्तार



**ठाणे।** मुंबई-गोंदिया विदर्भ एक्सप्रेस ट्रेन से एक यात्री का 1.65 लाख रुपये मूल्य के कीमती सामान वाला बैग चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना सोमवार को मुंबई के बाहरी इलाके ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच हुई।

कल्याण रेलवे पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक पंढारी कांडे ने बताया कि शिकायतकर्ता मयूर दिलीप अमृतकर (30) नासिक का निवासी है। वह किसी काम से ठाणे आया था। काम निपटाने के बाद वह वापसी के लिए ठाणे स्टेशन से विदर्भ एक्सप्रेस में सवार हुआ।

कांडे ने बताया कि अमृतकर की आरक्षित सीट, शयनयान (स्लीपर कोच) संख्या पांच के दरवाजे के पास थी।

वहां उसने अपना लैपटॉप बैग रखा था जिसमें नकद राशि, एक कैमरा और अन्य कीमती सामान थे। अपना सामान व्यवस्थित करते समय उसने देखा कि उसका बैग गायब है। ट्रेन के कल्याण पहुंचने के बाद शिकायतकर्ता ने रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

अधिकारी ने बताया कि रेलवे पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जानकारी का उपयोग करते हुए केवल ढाई घंटे के भीतर दोनों चोरों को पकड़ लिया और 1.65 लाख रुपये मूल्य का चोरी हुआ सारा सामान बरामद कर लिया। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता का सारा सामान उसे वापस सौंप दिया गया।

# दो गांवों के लोगों के बीच गोलीबारी में तीन व्यक्ति घायल



**पटना।** बिहार के पटना जिले में दो गांवों के लोगों के बीच पुराने विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

फतुहा के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात करीब नौ बजे दिदरगंज थानाक्षेत्र में ज्ञानचक और जीवनचक गांवों के लोगों के बीच पुराने विवाद को लेकर झड़प हो गई।

उन्होंने बताया कि झड़प के दौरान गोलियां चलीं, जिसमें अंकित, साहुल और विकास कुमार नाम के तीन लोग घायल हो गये।

पुलिस के अनुसार, विकास कुमार और साहुल का इलाज पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जारी है जबकि अंकित का इलाज पटना स्थित एम्स में किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि दीदारगंज थाना प्रभारी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और कई कारतूस के खोखे बरामद किए।

पुलिस के मुताबिक, 'घटना के संबंध में दो लोगों को हिरासत में लिया गया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।'

# व्यापारियों ने शिपकी-ला सीमा के रास्ते चीन से व्यापार फिर शुरू करने की मांग की



**रामपुर।** हिमाचल प्रदेश के व्यापारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि किन्नौर जिले में शिपकी-ला सीमा के रास्ते चीन के साथ व्यापार फिर से शुरू होने पर पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री बढ़ेगी, रोजगार सृजित होगा और दोनों देशों के व्यापारियों को लाभ होगा। व्यापारी, शिमला जिले के रामपुर में अंतरराष्ट्रीय लवी व्यापार मेले में भाग लेने आए थे।

विशेष रूप से किन्नौर के व्यापारी इस व्यापार मार्ग को फिर से शुरू करने के लिए उत्सुक हैं, जिसे 2020 में कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान बंद कर दिया गया था।

किन्नौर के निचार के एक व्यापारी चंद्र मोहन नेगी ने कहा, 'ऊनी कपड़े, पाशम (ऊनी) और सूखे मेवों जैसी पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री में तब तेजी आएगी जब चीनी सामान रामपुर में बिकेगा और हमारा सामान तिब्बत के व्यापारियों को बेचा जाएगा।'

किन्नौर के कल्पा के एक अन्य व्यापारी धर्मपाल नेगी ने भी कहा कि व्यापार फिर से शुरू होने से दोनों पक्षों के व्यापारियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा, 'हम चाहते हैं कि व्यापार फिर से शुरू हो ताकि पारंपरिक वस्तुओं का आदान-प्रदान हो सके और सामान अधिक मात्रा में आ सके।'

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने मंगलवार को लवी मेले का उद्घाटन करते हुए कहा था कि उन्होंने और राज्य सरकार ने इस मामले को केंद्र के समक्ष उठाया है और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस पर काम कर रहे हैं।

पिछले 25-30 वर्षों से व्यापार मेले में आ रहे किन्नौर के व्यापारियों ने ऑनलाइन बिक्री के कारण अपने व्यापार पर पड़ने वाले प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि व्यापार मार्ग बंद होने से धीरे-धीरे मेले की रौनक कम हो रही है।व्यापारियों के अनुसार, ऊन, कच्चा रेशम, याक के बाल, चीनी मिट्टी, बोरेक्स, मक्खन, नमक, सिले-सिलाए कपड़े, जूते, रजाई, कंबल, कालीन व स्थानीय हर्बल दवाइयां, साथ ही घोड़े, बकरी और भेड़ जैसे जानवर, पहले चीन से आयात किए जाते थे और लोग इन्हें खरीदने के लिए आकर्षित होते थे।

# नसबंदी अभियान फेल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की उड़ाई धज्जियां



**धार।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद मध्यप्रदेश के धार शहर में आवारा कुत्तों और मवेशियों पर नियंत्रण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बन पाई है। नगर पालिका द्वारा शुरू किया गया नसबंदी अभियान अधूरा रह गया है। पहले चरण में चार हजार आवारा कुत्तों में से 500 की नसबंदी का लक्ष्य तय किया गया था, लेकिन मात्र 300 कुत्तों की ही नसबंदी हो सकी और पिछले दो माह से यह काम पूरी तरह बंद पड़ा है।शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा बना हुआ है। मांडू रोड, इंदौर रोड और किला रोड पर अक्सर मवेशी सड़क पर आ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होने के साथ दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। बताया जाता है कि शहर में चार हजार से अधिक कुत्ते हैं, जो पिछले 10 माह में 2,605 लोगों को काट चुके हैं, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2,962 थी। नगर पालिका ने इस समस्या से निपटने के लिए 5 लाख रुपये की लागत से 500 कुत्तों की नसबंदी कराने का प्लान बनाया था, जो अब विफल हो गया है। मवेशियों को नियंत्रित करने के लिए शहर में गोशालाओं में पर्याप्त जगह होने के बावजूद कोई धरपकड़ नहीं की जा रही। पुलिस लाइन के पास स्थित गोशाला में 500 मवेशियों को रखने की क्षमता है, जबकि वहां फिलहाल केवल 125 गाय हैं। लक्ष्मी गोशाला में भी पर्याप्त जगह उपलब्ध है, लेकिन उपयोग नहीं हो रहा। वहीं पशु विभाग परिसर में बना शेल्टर हाउस भी बंद पड़ा है। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर भी पर्याप्त जगह उपलब्ध है, जहां कुत्तों को रखने की व्यवस्था की जा सकती है, पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। पशु विभाग के अधिकारी रविंद्र राठी ने बताया कि कुत्तों को पकड़ने का काम नगर पालिका करती है और विभाग केवल सहायता करता है। नगर पालिका के स्वास्थ्य अधिकारी राधेश्याम चौहान ने कहा कि कुत्तों की नसबंदी कराई गई है और आगे भी अभियान जारी रहेगा। मवेशियों को भी सड़कों से हटाने की कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर व्यवस्था में सुधार किया जाएगा।

# ऑपरेशन ट्रैक डाउन: हरियाणा पुलिस ने 1631 अपराधियों को किया गिरफ्तार, 319 कुख्यात बदमाशों पर शिकंजा



**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने अपराध के खिलाफ अपने सबसे बड़े अभियान 'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' में अब तक की सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के नेतृत्व में चल रहे इस राज्यव्यापी मिशन के तहत अब तक कुल 1,631 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 319 कुख्यात और अंतरराज्यीय अपराधी शामिल हैं।

'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' हरियाणा पुलिस की वह पहल है, जिसका लक्ष्य राज्य में सक्रिय वांछित, फरार, इनामी और आदतन अपराधियों को पकड़कर कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। यह अभियान पुलिस की खुफिया जानकारी, तकनीकी क्षमता और फील्ड समन्वय का बेहतरीन उदाहरण बन गया है।

अंबाला पुलिस ने अंतरराज्यीय ईरानी गैंग के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुख्य सरगना गुलाम अब्बास उर्फ रिहाना रजवी, मोहम्मद खान, अकबर मियां शेख और असदुल्ला खान उर्फ कालिया शामिल हैं। यह गिरोह देशभर में सोना और हीरे की चोरी व ठगी की 105 से अधिक वारदात में शामिल रहा है।

पुलिस ने इनके पास से चार मोबाइल, चार सिम कार्ड और दो स्कूटी बरामद की हैं। इन बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि यह गिरोह देश के कई राज्यों में फैले नेटवर्क के जरिए सक्रिय था।

सिरसा जिले की डबवाली पुलिस ने नशा तस्करी के नेटवर्क पर करारा वार किया है। पुलिस ने 256.13 ग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में तीन अंतरराज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि ये आरोपी पंजाब और हरियाणा में हत्या, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट जैसे गंभीर मामलों में पहले से वांछित थे।

जिला अपराध शाखा-2, यमुनानगर पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कुख्यात काला राणा गैंग से जुड़े दो बदमाशों (मनीष सिंगारी उर्फ मन्नू और तरुण सिंगारी उर्फ तन्नू) को गिरफ्तार किया है। दोनों पर हत्या के प्रयास, रंगदारी, धोखाधड़ी और आर्म्स एक्ट के गंभीर मामले दर्ज हैं।

पलवल जिले में एसटीएफ के साथ संयुक्त अभियान चलाकर पुलिस ने 5,000 रुपए के इनामी आरोपी चंद्रभान को गिरफ्तार किया है। वह फरवरी 2024 में हुई हत्या के मामले में फरार था। पुलिस ने चंद्रभान को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

इस केस के अन्य आरोपी (मुख्य आरोपी रविंद्र और उसकी पत्नी कांती) को पहले ही जेल भेजा जा चुका है।

डीजीपी हरियाणा ओपी सिंह ने कहा कि 'ऑपरेशन ट्रैक डाउन' हरियाणा पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति का सशक्त प्रतीक है। अपराध चाहे नशा तस्करी का हो, हत्या का, ठगी, रंगदारी या साइबर अपराध का, हर अपराधी को कानून के शिकंजे में लाना हमारा लक्ष्य है।

# बारामूला में आतंकी नेटवर्क को खत्म करने के लिए पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कई हिरासत में



**बारामूला।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बारामूला जिले के उत्तरी इलाके में आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है। इसमें कई जगहों पर एक साथ छापेमारी की गई। पुलिस ने आतंक से जुड़े लोगों पर सख्ती दिखाई और कानून के तहत कार्रवाई की।

अभियान के दौरान विध्वंसक गतिविधियों से जुड़े होने के शक में छह लोगों को हिरासत में लिया गया। इसके अलावा आतंकी संगठन से जुड़ी 22 संपत्तियों की तलाशी ली गई। इनमें से बीस लोगों को पकड़ा गया, जबकि दो को जेल भेज दिया गया।

यूएपीए कानून के तहत पहले गिरफ्तार दो आरोपी, जो अभी जमानत पर थे, उनकी जांच की गई। इनमें से एक को फिर से हिरासत में ले लिया गया। इसी तरह, आठ आरोपियों की जमानत रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इनमें से दो को अदालत में पेश किया गया।

पुलिस ने जिले में 16 जगहों पर नाकाबंदी की और संदिग्धों की तलाश की। विभिन्न चौकियों पर 292 वाहनों की सघन जांच की गई। कोई संदिग्ध सामान न मिलने पर उन्हें जाने दिया गया।

कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पांच ऐसे लोगों की तलाशी ली गई, जो इलेक्ट्रॉनिक और सूचना मशीनरी से जुड़े थे। साथ ही दो संगठनों की भी जांच हुई, जो आतंकी गतिविधियों में शामिल हो सकते थे। यूएपीए के तहत फरार दो आरोपियों का पता लगा लिया गया और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई।

पुलिस का कहना है कि यह अभियान आतंक के खिलाफ चल रही मुहिम का हिस्सा है। बारामूला में शांति बनाए रखने और आतंकी नेटवर्क को पूरी तरह खत्म करने के लिए ऐसे अभियान लगातार चलते रहेंगे। स्थानीय लोग इस कार्रवाई से संतुष्ट हैं। उनका कहना है कि इससे इलाके में सुरक्षा का माहौल मजबूत हुआ है।

पिछले कुछ महीनों में बारामूला में आतंकी गतिविधियां बढ़ी थीं। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया। अब तक दर्जनों लोग हिरासत में हैं और जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत सूचना दें।

# 'टाइगर अभी जिंदा है', बिहार में मतगणना से पहले जदयू कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में मंगलवार को अंतिम चरण के मतदान के बाद सभी लोगों की नजर 14 नवंबर को होने वाली मतगणना पर टिकी है। इससे पहले तमाम एजेंसियों के जारी एग्जिट पोल में फिर से एनडीए सरकार आने की संभावना जताई गई है।

एग्जिट पोल में फिर से एनडीए की सरकार बनने की संभावना को लेकर एनडीए के नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। अधिकांश एग्जिट पोल में एक बार फिर जदयू के सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने की संभावना व्यक्त की गई है। इससे जदयू नेताओं में खास उत्साह देखा जा रहा है।

इस बीच, पटना के जदयू कार्यालय के सामने समर्थकों द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जुड़े कई तरह के पोस्टर लगाए गए हैं। एक पोस्टर में नीतीश कुमार की बड़ी तस्वीर के साथ लिखा गया है- 'टाइगर अभी जिंदा है'।

पूर्व मंत्री रंजीत सिन्हा द्वारा लगाए गए इस पोस्टर में नीतीश कुमार की बड़ी तस्वीर है और लिखा गया है, 'दलित, महादलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा, सवर्ण, अल्पसंख्यक के संरक्षक, टाइगर अभी जिंदा है।' इधर, एक अन्य पोस्टर में बिहार के विकास की तस्वीर उकेरी गई है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीर लगाई गई है। इस पोस्टर में लिखा गया है, 'हम सबकी है एनडीए सरकार, तभी विकास की पटरी पर दौड़ रहा बिहार।' उल्लेखनीय है कि मंगलवार को बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 122 सीटों के लिए मतदान हुआ। इससे पहले छह नवंबर को पहले चरण के तहत 121 सीटों पर वोट डाले गए थे। मतगणना 14 नवंबर को होनी है। मतगणना को लेकर सारी तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

मतदान के बाद विभिन्न एग्जिट पोल के जारी आंकड़े में एनडीए को बढ़त दिखाई गई है। हालांकि एग्जिट पोल अंतिम परिणाम नहीं हैं। बिहार में किसकी सरकार बनेगी, यह 14 नवंबर को ही स्पष्ट होगा। बिहार में कुल 243 विधानसभा सीटें हैं। यहां सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 122 है।

प्रदेश में इस समय नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व वाले एनडीए और राजद नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन के बीच माना जा रहा है।

# दिल्ली विस्फोट मामले में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने की 13 ठिकानों पर छापेमारी

**श्रीनगर।** दिल्ली विस्फोट के बाद कई राज्यों में अलर्ट है और सघन चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर-इंटेलिजेंस विंग कश्मीर (सीआईके) ने गुरुवार को घाटी में 13 ठिकानों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली विस्फोट के बाद कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) संगठन के खिलाफ एक साथ छापेमारी की जा रही है। दिल्ली विस्फोट में एक स्थानीय डॉक्टर मोहम्मद उमर शामिल था। वह पुलवामा जिले का रहने वाला था। इस बीच, उसकी मां का डीएनए डॉ. मोहम्मद उमर से मेल खा गया है, जिससे उसकी पहचान की पुष्टि हो गई है।

हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद में एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के बाद से वह फरार था। डॉ. मोहम्मद उमर अपने आतंकी साथियों-कुलगाम जिले के डॉ. आदिल और पुलवामा जिले के उसके पैतृक गांव कोइल के डॉ. मुजम्मिल गनई की गिरफ्तारी के बाद बच निकला।

लखनऊ की एक महिला डॉ. शाहीन शाहिद फरीदाबाद के अल-फलाह मेडिकल कॉलेज में डॉ. मोहम्मद उमर और अन्य के साथ कार्यरत है। उसे उसकी कार से एक असॉल्ट राइफल बरामद होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। लखनऊ पुलिस ने बुधवार को उनके भाई को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। डॉ. आदिल को सीसीटीवी फुटेज में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टर लगाते हुए दिखाए जाने के बाद पकड़ा गया। अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में आदिल के लॉकर से एक एके-47 राइफल बरामद की गई, जहां उन्होंने अक्टूबर 2024 में अपनी नौकरी छोड़ दी थी।उसके खुलासे के बाद अल फलाह मेडिकल कॉलेज में कार्यरत डॉ. मुजम्मिल गनई को भी गिरफ्तार किया गया। फरीदाबाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मुजम्मिल से 2,900 किलोग्राम से अधिक अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया।

# तमिलनाडु सरकार की बड़ी पहल, खेती और लैंड मैपिंग के लिए खरीदे जाएंगे हाईटेक ड्रोन

**चेन्नई।** खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और जमीन सर्वेक्षण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए तमिलनाडु सरकार ने एक अहम कदम उठाया है। तमिलनाडु अनमैन्ड एरियल व्हीकल्स कॉरपोरेशन (टीएनयूएवीसी) ने डीजीसीए प्रमाणित कृषि ड्रोन और सर्वे ग्रेड ड्रोन की खरीद प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह राज्य के उच्च शिक्षा विभाग के तहत कार्य करता है।

विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इन दोनों श्रेणियों के ड्रोन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के सख्त परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं। ये ड्रोन सुरक्षा, प्रदर्शन और संचालन के सभी मानकों पर खरे उतरे हैं।

अधिकारी ने बताया, 'डीजीसीए टाइप सर्टिफिकेशन किसी भी ड्रोन के औपचारिक उपयोग के लिए अनिवार्य है। यह न केवल सुरक्षा सुनिश्चित करता है बल्कि इससे ड्रोन को सरकारी सब्सिडी और संस्थागत ऋण के लिए पात्रता भी मिलती है।'

टीएनयूएवीसी ने दोनों प्रकार के ड्रोन की खरीद के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। अधिकारी के अनुसार ये हल्के कृषि ड्रोन, जो मजबूत कार्बन फाइबर से बनाए गए हैं, किसानों को एंड-टू-एंड तकनीकी समाधान प्रदान करेंगे।

इन ड्रोन में सटीक स्प्रे सिस्टम, कस्टमाइज्ड नोजल्स और एंटी-इंटरफेरेंस एंटीना लगाए गए हैं, जिससे खेतों में बिना किसी रुकावट के छिड़काव किया जा सकेगा। साथ ही इनमें अर्ली वार्निंग अलर्ट और ऑटोमैटिक रिटर्न-टू-होम जैसी स्मार्ट सुरक्षा सुविधाएं भी होंगी। अधिकारी ने कहा, 'ये ड्रोन पौधों की वृद्धि और खेत की घनत्व के अनुसार सटीक रूप से किसी भी कीटनाशक का छिड़काव कर सकते हैं। इन्हें आसानी से असेंबल किया जा सकता है और इनके साथ फ्लाइट क्रैश वारंटी भी दी जाएगी।' राज्य सरकार लगभग 50 कृषि ड्रोन खरीदने की योजना बना रही है।

कृषि ड्रोन के साथ-साथ टीएनयूएवीसी सर्वे ड्रोन भी खरीदेगा, जिनका उपयोग भूमि और अन्य क्षेत्रों के सटीक एरियल मैपिंग के लिए किया जाएगा। इन ड्रोन में उन्नत इमेजिंग सिस्टम लगाए गए हैं, जो स्पष्ट और उच्च-गुणवत्ता वाले फोटो और वीडियो कैप्चर करने में सक्षम हैं। इससे भूमि अभिलेखों, योजना निर्माण और निगरानी की प्रक्रिया और सटीक बनेगी।

अधिकारी ने बताया कि इन ड्रोन में डाटा सुरक्षा प्रणाली मजबूत है, जो किसी भी अनधिकृत उपयोगकर्ता को जानकारी तक पहुंचने से रोकती है। साथ ही, इन्हें इस तरह डिजाइन किया गया है कि ये विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों और अत्यधिक गर्मी या ठंडे मौसम में भी अच्छे से काम कर सकें, जो तमिलनाडु के बदलते जलवायु को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

इन अत्याधुनिक ड्रोन प्रणालियों के जरिए तमिलनाडु सरकार का लक्ष्य प्रिसिजन एग्रीकल्चर को बढ़ावा देना, भूमि सर्वेक्षण को सुव्यवस्थित करना और शासन में आधुनिक तकनीकी उपकरणों के उपयोग को विस्तार देना है। ड्रोन की खरीद प्रक्रिया अगले कुछ हफ्तों में आगे बढ़ेगी। इसके बाद इन्हें राज्य के विभिन्न जिलों में चरणबद्ध तरीके से तैनात किया जाएगा।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 4:29 PM Page 1



# पुलिस ने फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल से जुड़ी कार के आसपास के इलाके को सील किया



**चंडीगढ़।** पुलिस ने दिल्ली में शक्तिशाली विस्फोट के संदिग्धों से कथित तौर पर जुड़ी लाल रंग की 'फोर्ड इकोस्पोर्ट' कार के 200 मीटर के दायरे में घेराबंदी कर दी है। एक दिन पहले ही इस कार को हरियाणा के फरीदाबाद जिले से जब्त किया गया था। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार शाम फरीदाबाद के खंडावली गांव से कार जब्त किए जाने के बाद बम निरोधक दस्ता निरीक्षण के लिए पहुंच गया है।

अधिकारियों ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस ने एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है जिसने कथित तौर पर गांव में कार खड़ी की थी और उसे दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया है।

इससे पहले दिल्ली पुलिस ने लाल फोर्ड इकोस्पोर्ट का पता लगाने के लिए सभी पुलिस थानों, पुलिस चौकियों और सीमा चौकियों पर अलर्ट जारी कर दिया था।

जांच में यह खुलासा होने के बाद अलर्ट जारी किया गया कि संदिग्धों ने आईईडी ले जाने के लिए तीन कारें - एक सफेद हुंदै आई20, एक लाल इकोस्पोर्ट और एक मारुति सुजुकी ब्रेजा खरीदी थीं।

पुलिस और कई सुरक्षा एजेंसियां अब तीसरी कार की तलाश में हैं।

सूत्रों ने बताया कि फोर्ड इकोस्पोर्ट डॉ. उमर नबी के नाम पर पंजीकृत है, जो कथित तौर पर हुंदै आई20 कार चला था जिसमें विस्फोट हुआ।

उन्होंने बताया कि उमर ने लाल किला क्षेत्र की टोह लेने के लिए इकोस्पोर्ट का इस्तेमाल किया था।

अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में फैले आतंकवादी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े एक ''सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल'' का भंडाफोड़ किया। उन्होंने 2,900 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ ज़ब्त किया और फरीदाबाद स्थित अल फलाह विश्वविद्यालय से जुड़े तीन चिकित्सकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया। इसके कुछ घंटे बाद लाल किला मेट्रो स्टेशन के भीड़भाड़ वाले इलाके में एक धीमी गति से चल रही कार में एक जोरदार विस्फोट हुआ, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बृहस्पतिवार को हुए डीएनए परीक्षण से पुष्टि हुई कि विस्फोट वाली कार डॉ. उमर ही चला रहा था।

पुलिस की टीम बुधवार को अल-फलाह विश्वविद्यालय और इस मामले में गिरफ्तार किए गए प्रमुख संदिग्धों में से एक डॉ. मुज़म्मिल गनई के घर गई। उन्होंने विश्वविद्यालय के कई चिकित्सकों और छात्रों से पूछताछ की।

# एनआईए अदालत ने राजभवन के बाहर पेट्रोल बम फेंकने के मामले में 10 साल की सजा सुनायी



**चेन्नई।** चेन्नई के पूनमल्ली में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने 2023 में राजभवन के प्रवेश द्वार के बाहर पेट्रोल बम हमले में संलिप्तता के जुर्म में करुक्का विनोद को 10 साल की कैद की सजा सुनायी।

अदालत ने 25 अक्टूबर 2023 को राज्यपाल के आधिकारिक आवास के पास दो पेट्रोल बम फेंकने और उनमें विस्फोट करने के लिए कठोर कारावास की सजा सुनाने के अलावा 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

विनोद (39) को विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत तथा सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में बुधवार को सजा सुनाई गई।

घटना के बाद चेन्नई पुलिस ने एक सीसीटीवी फुटेज जारी किया था जिसमें संदिग्ध विनोद को राजभवन के गेट नंबर 1 से कुछ मीटर की दूरी पर पेट्रोल बम फेंकते हुए देखा गया था।

राजभवन ने दावा किया था कि पेट्रोल बम से लैस बदमाशों ने राज्यपाल के निवास के मुख्य द्वार से घुसने का प्रयास किया, जिसका उपयोग राज्यपाल और अन्य गणमान्य व्यक्ति करते हैं।

घटना के तुरंत बाद उस दिन ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने विनोद को काबू में कर लिया और उसके पास से दो बिना फटे पेट्रोल बम जब्त कर लिए। बाद में यह मामला एनआईए को सौंप दिया गया, जिसने पिछले साल जनवरी में विनोद के खिलाफ 680 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया था।

एनआईए के विशेष लोक अभियोजक एन भास्करन ने दलील दी कि विनोद ने जानबूझकर प्रमुख नेताओं की सुरक्षा को खतरे में डालने और सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने के इरादे से यह कृत्य किया।

# आंध्र प्रदेश में जंगली हाथी ने किसान को कुचलकर मार डाला



**कुप्पम (आंध्र प्रदेश)।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले के कुरमानुपल्ली गांव में बृहस्पतिवार को एक जंगली हाथी ने 65 वर्षीय एक किसान को कुचलकर मार डाला। पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि मरने वाले किसान की पहचान किटप्पा के तौर पर की गयी है। उन्होंने बताया कि यह घटना तड़के तीन बजे हुई जब किसान अपने खेत में अकेले सो रहा था।

कुप्पम के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) बी. पार्थसारथी ने बताया, 'आज तड़के कुरमानुपल्ली गांव में किट्टप्पा को एक जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला।'

उन्होंने बताया कि पीड़ित पर हमला करने से पहले हाथी कथित तौर पर अकेला ही आस-पास घूम रहा था।

# डीजीपी ने मादक पदार्थों के बढ़ते इस्तेमाल के खिलाफ चेतावनी दी





**दीमापुर।** नगालैंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रूपिन शर्मा ने बृहस्पतिवार को पूर्वोत्तर में मादक पदार्थों की तस्करी को 'सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' व 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया और क्षेत्र की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच एकीकृत व प्रौद्योगिकी-संचालित प्रतिक्रिया का आग्रह किया।

शर्मा ने सिक्किम और पश्चिम बंगाल सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल (एएनटीएफ) के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण देते हुए कहा कि स्वर्णिम त्रिभुज (गोल्डन ट्रायंगल) से निकटता और म्यांमा के साथ लगी सीमा के कारण पूर्वोत्तर भारत मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई का 'केंद्र' बन गया है।

इस सम्मेलन का आयोजन स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) और नगालैंड पुलिस ने चुमौकेदिमा में संयुक्त रूप से किया था।

शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा, 'भारत-म्यांमा सीमा ज्यादातर जगह बिना बाड़ के है और यहां मुक्त आवागमन होता है, जो तस्करों को जातीय रिश्तेदारों के साथ घुलने-मिलने और बेरोकटोक सीमा पार करने की अनुमति देता है। मादक पदार्थों की तस्करी अब केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं रह गया बल्कि यह आंतरिक सुरक्षा और हमारे युवाओं के भविष्य के लिए सीधा खतरा बन गया है। 'उन्होंने बताया कि अनुमान के अनुसार, अकेले नगालैंड में मादक पदार्थों का सेवन करने वाले लगभग 1.2 लाख लोग हैं, जिनमें स्थानीय रूप से 'शानफ्लावर' के नाम से जानी जाने वाली हेरोइन का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है।

अधिकारी ने बताया, 'अगर उनमें से आधे लोग भी रोजाना आधा ग्राम हेरोइन का सेवन करते हैं, तो अकेले नगालैंड में प्रति वर्ष 10,000 किलोग्राम से ज्यादा और पूरे पूर्वोत्तर में लगभग एक लाख किलोग्राम हेरोइन पहुंचती है । '

पुलिस महानिदेशक ने इस बात पर जोर दिया कि इस क्षेत्र में मादक पदार्थों का व्यापार संगठित अपराध, उग्रवाद व आतंकवाद को बढ़ावा देता है।

उन्होंने यह भी बताया कि कई उग्रवादी कैडर व्यक्तिगत रूप से तस्करी में शामिल हैं।

अधिकारी ने जोर देकर कहा, 'मादक पदार्थों के तस्करों का खात्मा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के समान है। '

# हिमाचल प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर की सीबीआरएन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा मोचन बल ने 10 से 12 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और परमाणु (सीबीआरएन) प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य सीबीआरएन आपात स्थितियों के प्रभावी प्रबंधन में पुलिस और आपदा मोचन बलों की तैयारी, समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बढ़ाना है।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित 8वीं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) बटालियन में आयोजित प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व 16 सदस्यीय दल ने किया। इस दल में एक निरीक्षक (टीम कमांडर), एक सहायक उपनिरीक्षक, दो हेड कांस्टेबल और 12 कांस्टेबल शामिल थे।

# केरल के सरकारी मेडिकल कॉलेज के शिक्षक संघ की हड़ताल से कॉलेजों का कामकाज प्रभावित




**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार मेडिकल कॉलेज शिक्षक संघ (केजीएमसीटीए) ने बृहस्पतिवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है जिससे राज्य भर के मेडिकल कॉलेजों के कामकाज प्रभावित हुए।

इस प्रदर्शन के तहत आपातकालीन, दुर्घटना और प्रसूति कक्ष संबंधित सेवाओं को छोड़कर अन्य विभाग और मेडिकल छात्रों की कक्षाएं बाधित रहीं।

केजीएमसीटीए ने कहा है कि गंभीर रोगों के मामले में सर्जरी के अलावा पहले से निर्धारित सभी अन्य सर्जरी को स्थगित कर दिया गया है।

संघ के सदस्यों ने बताया कि हड़ताल की घोषणा एक सप्ताह पहले ही कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज के साथ हुई बातचीत का कोई परिणाम न निकलने के कारण उन्हें हड़ताल करनी पड़ी।

केजीएमसीटीए की कुछ मांगे हैं जिनमें विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अतिरिक्त पदों का सृजन करने के साथ सहायक प्रोफेसरों के रिक्त पदों को भरना शामिल है।

संघ के सदस्यों ने बताया कि उनकी मांग यह भी है कि कर्मचारियों की कमी के कारण कार्य व्यवस्था के आधार पर शिक्षकों का स्थानांतरण न किया जाए और 2020 वेतन संशोधन के बाद बकाया राशि का भुगतान किया जाए तथा वेतन में विसंगतियों को दूर किया जाए।

केजीएमसीटीए ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो विरोध प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा।

# भाजपा ने पुलिस गश्ती वाहन पर हिमाचल के मुख्यमंत्री की तस्वीर को लेकर आलोचना की



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि नए पुलिस गश्ती वाहनों पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की तस्वीरें लगाना करदाताओं के पैसे का 'दुरुपयोग' है।

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राजिंदर सिंह राणा ने एक बयान में कहा कि सरकार अपराध को नियंत्रित करने में विफल रही है और उसकी प्राथमिकता 'आत्मप्रचार' है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या यह कदम मुख्यमंत्री की अपनी दिमागी उपज है या उन नौकरशाहों की सोच है जो उन्हें खुश करना चाहते हैं।

सुक्खू ने चार नवंबर को दस जिलों में 18.42 करोड़ रुपये की लागत से खरीदे गए 66 गश्ती वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इन जिलों में शिमला, मंडी, कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, कुल्लू, सिरमौर, सोलन और चंबा शामिल हैं।

राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शांति का वास माना जाता है और आज यह 'गैंग वॉर' तथा नशीले पदार्थों के चंगुल में फंसा हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य की छवि धूमिल हुई है, जिसे सुधारने में वर्षों लग जाएंगे।

उन्होंने कहा कि स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि ऊना और बिलासपुर जैसे जिलों में गोलीबारी आम बात हो गई है और युवा नशे की गिरफ्त में हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के कमजोर होने के कारण अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं है।

# दिल्ली विस्फोट: सोशल मीडिया पर 'आपत्तिजनक' पोस्ट के लिए नौ लोग गिरफ्तार





**गुवाहाटी।** दिल्ली में विस्फोट के बाद सोशल मीडिया पर 'आपत्तिजनक' पोस्ट करने के आरोप में असम में नौ अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिससे इस संबंध में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 15 हो गई है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बुधवार रात से ये गिरफ्तारियां की गईं।

शर्मा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'दिल्ली में विस्फोट के बाद सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने के सिलसिले में असम में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। '

उन्होंने कहा बुधवार दिन में छह गिरफ्तारियों के अलावा कल रात रफीजुल अली (बोंगाईगांव), फौरीद उद्दीन लस्कर (हैलाकांडी), इनामुल इस्लाम (लखीमपुर), फिरुज अहमद उर्फ पापोन (लखीमपुर), शाहिल शोमन सिकदर उर्फ शाहिदुल इस्लाम (बारपेटा), रकीबुल सुल्तान (बारपेटा), नसीम अकरम (होजाई), तस्लीम अहमद (कामरूप) और अब्दुर रोहिम मुल्ला उर्फ बप्पी हुसैन (दक्षिण सलमारा) को गिरफ्तार किया गया।

शर्मा ने कहा कि असम पुलिस हिंसा का महिमामंडन करने वालों के खिलाफ कोई समझौता नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा था कि उन्होंने पुलिस को उन लोगों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है, जिन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में विस्फोट का महिमामंडन किया।

उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में राज्य के विभिन्न जिलों के 35 लोगों की पहचान की गई।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम उनके संबंधों की जांच करेंगे और अगर हमें पता चलता है कि किसी का बांग्लादेश या किसी अन्य देश से संबंध है, तो हम उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। '

शर्मा ने कहा कि नाबालिगों और जिन लोगों को इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनके उपकरणों का इस्तेमाल ऐसी पोस्ट करने के लिए किया गया है, उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा लेकिन जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि कई लोग अब अपने पोस्ट हटा रहे हैं लेकिन 'हमने स्क्रीनशॉट ले लिए हैं और इस मामले में सख्ती बरती जाएगी '।

मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि ये वही लोग हैं, जो जुबीन क्षेत्र में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे और अब दिल्ली विस्फोट का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल रहे हैं।

नई दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास सोमवार शाम को लाल बत्ती पर धीमी गति से चल रही एक कार में एक तेज विस्फोट हुआ, जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए।

# पश्चिम बंगाल में 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' पाए गए, यूआईडीएआई ने दी निर्वाचन आयोग को जानकारी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आधार पहचान पत्र की जनवरी 2009 में शुरुआत होने के बाद से करीब 34 लाख आधार कार्ड धारक 'मृत' पाए गए हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने यह जानकारी निर्वाचन आयोग (ईसी) को दी।

यूआईडीएआई प्राधिकारियों ने आयोग को यह भी बताया कि राज्य में लगभग 13 लाख लोग ऐसे थे जिनके पास कभी आधार कार्ड नहीं था, लेकिन अब उनकी मृत्यु हो चुकी है। यह जानकारी यूआईडीएआई के अधिकारियों और राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल के बीच बुधवार को हुई बैठक में साझा की गई। यह बैठक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत चल रहे अभियान के बीच हुई।

बैठक निर्वाचन आयोग के उस निर्देश के बाद हुई जिसमें सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से कहा गया था कि वे आधार प्राधिकरण के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि मतदाता आंकड़ों का सत्यापन किया जा सके और किसी भी तरह की विसंगतियों की पहचान की जा सके।

सीईओ कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'निर्वाचन आयोग को फर्जी मतदाताओं, मृत मतदाताओं, अनुपस्थित मतदाताओं और मतदाता सूची में दोहराए गए नामों को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। मृत नागरिकों से जुड़ा यूआईडीएआई का आंकड़ा ऐसी प्रविष्टियों को चिन्हित कर उन्हें मतदाता सूची से हटाने में मदद करेगा। उन्होंने बताया कि नौ दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद यदि यह पाया जाता है कि किसी आवेदक ने ऐसे नाम के साथ फॉर्म भरा है जो आधार डाटाबेस से हटाया जा चुका है, तो संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) आवेदक को सत्यापन के लिए बुला सकता है।

मतदान अधिकारियों ने बताया कि आधार ज्यादातर बैंक खातों से जुड़ा होने के कारण वे बैंकों से भी जानकारी एकत्र कर रहे हैं।

अधिकारी ने कहा, 'बैंकों ने उन खातों का विवरण साझा किया है जिनमें वर्षों से केवाईसी अपडेट नहीं किया गया, जिससे उन मृत व्यक्तियों की पहचान में मदद मिल रही है जिनके नाम अब भी मतदाता सूची में दर्ज हैं। '

पूरे पश्चिम बंगाल में फिलहाल मृत और फर्जी मतदाताओं को हटाने के लिए एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर 2025 की मतदाता सूची के आधार पर गणना फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। इसके बाद आवेदकों द्वारा दिए गए आंकड़ों का मिलान 2002 की मतदाता सूची से किया जा रहा है, जब यह अभ्यास आखिरी बार हुआ था।सीईओ कार्यालय के अनुसार, बुधवार रात आठ बजे तक राज्य में 6.98 करोड़ (91.19 प्रतिशत) गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके थे।अधिकारियों ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची में यदि फर्जी, मृत या दोहराए गए नाम पाए जाते हैं तो संबंधित बीएलओ के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

# आतंकी मॉड्यूल : कश्मीर में पूछताछ के लिए दस लोगों को हिरासत में लिया गया



**श्रीनगर।** 'सफेदपोश आतंकी' मॉड्यूल मामले में कश्मीर के विभिन्न इलाकों से तीन सरकारी कर्मचारियों समेत करीब 10 लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी ।

अधिकारियों ने बताया कि जांचकर्ताओं ने रात भर की छापेमारी के दौरान अनंतनाग, पुलवामा और कुलगाम जिलों से संदिग्धों को हिरासत में लिया। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को लाल किला के पास हुए विस्फोट के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने घाटी में आतंकी तंत्र के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। लाल किला के पास हुए विस्फोट में अब तक कुल 13 लोगों की मौत हो चुकी है।

अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों से पूछताछ में पता चला है कि उनमें से कुछ पिछले एक साल में तुर्किये भी गए थे।

विस्फोटकों के भारी जखीरे की बरामदगी के सिलसिले में डॉक्टरों समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि जांचकर्ताओं ने अब तक 'सफेदपोश आतंकी' मॉड्यूल के सिलसिले में 200 से अधिक लोगों से पूछताछ की है।

इस मॉड्यूल का खुलासा आतंकवादियों के दो गुर्गों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर किया गया, जिन्हें इस महीने की शुरुआत में पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# त्रिशूल अभ्यास: सशस्त्र बलों के तीन कमांडर आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए, अभियान की समीक्षा की



**पोरबंदर।** भारतीय सशस्त्र बलों के तीन शीर्ष कमांडर तीनों सेनाओं के तालमेल का प्रदर्शन करते हुए विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए और उन्होंने विशाल सैन्य अभ्यास 'त्रिशूल' के तहत आयोजित एक संयुक्त बहु-आयामी अभियान की समीक्षा की। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ; पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और दक्षिण पश्चिमी वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, एयर मार्शल नागेश कपूर ने कल रात ''विमान वाहक पोत से उड़ान संचालन और ईंधन पुनः भरने'' के एक परिचालन प्रदर्शन को देखा।

थार रेगिस्तान से लेकर कच्छ क्षेत्र तक, सेना, नौसेना और वायु सेना पिछले दो हफ्तों से तीनों सेनाओं के संयुक्त अभ्यास 'त्रिशूल' के व्यापक ढांचे के तहत कई उप-अभ्यासों में भाग ले रही हैं, जिसका समापन बृहस्पतिवार को सौराष्ट्र तट पर एक संयुक्त जल-थल अभ्यास के साथ होगा।

इस अभ्यास में दक्षिणी कमान के जल-थल बलों द्वारा समुद्र तट पर विमान उतारने के अभियान शामिल होंगे, जो थल-समुद्र-वायु एकीकरण के संपूर्ण आयाम को प्रमाणित करेगा और सशस्त्र बलों की विभिन्न क्षेत्रों में शक्ति और तालमेल प्रदर्शित करने की क्षमता को रेखांकित करेगा।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, अभ्यास 'त्रिशूल' सशस्त्र बलों की जय (संयुक्तता, आत्मनिर्भरता और नवाचार) के दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक युद्ध से लेकर ड्रोन-रोधी अभियानों तक के क्षेत्र शामिल हैं।अभ्यास के समापन के लिए गुजरात के पोरबंदर में तैयारी हो चुकी है और बुधवार को एक पूर्वाभ्यास आयोजित किया गया।

नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सेना की दक्षिणी कमान, नौसेना की पश्चिमी नौसेना कमान (डब्ल्यूएनसी) और भारतीय वायुसेना की दक्षिण-पश्चिम वायु कमान के प्रमुख अभ्यास के तहत नौसैनिक और संयुक्त बहु-क्षेत्रीय अभियानों की समीक्षा करने के लिए भारतीय नौसेना के विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार हुए। उन्होंने कहा कि उन्होंने बुधवार रात विमान वाहक पोत से उड़ान परिचालन और ईंधन पुनः भरने का प्रदर्शन भी देखा।

## ज्ञात वाहन की चपेट में आने से महिला घायल, कैमरे लगे दिखावे के लिए

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र के बस स्टैंड से कुछ दूरी पर गुरुवार को एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार महिला को अपनी चपेट में ले लिया जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई बता दे कि घायल महिला की पहचान रश्मि देवी पत्नी भूपेंद्र सिंह निवासी कानपुर की हुई है रश्मि अपने परिवार का पालन पोषण करने के लिए सुरजन नगर में अपनी सिलाई सेंटर की दुकान चलती है और उस के पति भूपेंद्र सिंह काशीपुर की फैक्ट्री में दैनिक मजदूरी का कार्य करता है जिससे दोनों मिलकर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं रश्मि गुरुवार को सुरजन नगर अपनी दुकान से व सुरजन नगर में लगने वाले बाजार से खाद्य सामग्री लेकर अपने निजी वाहन से अपने गांव का कनकपुर को जा रही थी तभी पीछे से आ रहे हैं अज्ञात वाहन ने तीव्र गति से होरन बजाया जिस से महिला की स्कूटी असंतुलित होकर गिर गई और वाहन की चपेट में आ गई जिससे महिला के सीधे हाथ पर वाहन का पहिया उतर गया, वाहन स्वामी ने बिना देखे ही वहां से अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार से लेकर फरार हो गया और महिला को वहीं पर छोड़ गया यह घटना को आसपास के ग्रामीणों ने घटनास्थल पर आकर महिला को पास के स्वास्थ्य चिकित्सा के पास ले गए जहां पर चिकित्सक ने महिला को हायर सेंटर रेफर कर दिया वहीं दूसरी और ग्रामीणों ने अज्ञात वाहन को ढूंढने के लिए सुरजन नगर बस स्टैंड के चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे में देखने के लिए संचालक से बात की तो संचालक ने केमरे में न चलने की बात कही वहीं पुलिस प्रशासन भी अज्ञात वाहन को ढूंढने के लिए निजी केमरे में तलाश जारी करना शुरू कर दी।

## विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने अधिकारियों के साथ की बैठक

● सेवानिवृत्त कार्मिकों के देयकों का प्राथमिकता के साथ भुगतान कराने के दिए निर्देश



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद की वित्तीय एवं प्रशासकीय विलंब समिति के मा. सभापति डॉ. रतन पाल सिंह ने समिति के सदस्य विजय बहादुर पाठक, एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त और एमएलसी गोपाल अंजान की उपस्थिति में मुरादाबाद शहर स्थित सर्किट हाउस के सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल और मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित जनपद के अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने पुलिस विभाग, अग्निशमन, नगर निगम, खाद्य सुरक्षा, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग, जल निगम (नगरीय), लोक निर्माण विभाग आदि से संबंधित अधिकारियों से उनके कार्यालय से सेवानिवृत हो चुके कार्मिकों की पेंशन, ग्रेच्युटी सहित अन्य विभिन्न देयकों की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा की। खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान मा. सभापति ने सहायक आयुक्त (खाद्य) से वर्ष 2017 से अब तक लिए गए नमूनों के सापेक्ष निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए की गई कार्यवाई के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही दीपावली के दौरान खाद्य पदार्थों में हानिकारक मिलावट को रोकने के लिए विभाग स्तर से किए गए प्रयासों और कार्रवाई के बारे में भी समीक्षा की। सहायक आयुक्त (खाद्य) ने बताया कि 01 अप्रैल 2025 से अब तक 586 नमूने लिए गए हैं, सभापति ने जिलाधिकारी से कहा कि वे टीम बनाकर 2017 से अब तक खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में लिए गए नमूनों के आधार पर लंबित प्रकरणों का समाधान कराएं साथ ही कार्रवाई में विलंब होने के संबंध में अधिकारियों की भूमिका की भी कमेटी के माध्यम से जांच कराई जाए। विद्युत विभाग में लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान सभापति ने अधीक्षण अभियंता से बिजनेस प्लान 2025-26 के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि बिजनेस प्लान तैयार करने के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग भी अनिवार्य रूप से लिया जाए तभी आमजन की समस्याओं का समाधान और स्थानीय जरूर के अनुरूप बेहतर प्लान तैयार होगा। सभापति ने कहा कि कार्यालय स्तर पर सेवानिवृत कर्मचारियों के देयकों के भुगतान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए साथ ही मृतक आश्रित के प्रकरणों में भी विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए यथाशीघ्र समाधान होना चाहिए।

## समाचार

## लालापुर पीपलसाना में आज से शुरू होगी सात दिवसीय श्री हरिकथा

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम लालापुर पीपलसाना में गर्त वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात दिवसीय श्री हरि कथा 33वां आयोजन किया जाएगा। श्री हरिकथा समस्त विश्नोई समाज द्वारा आज शुक्रवार को विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। जिसमें कथावाचक हरिद्वार वाले आचार्य अमृतानंद जी महाराज द्वारा श्री हरिकथा अपनी मधुरवाणी से शुभारंभ करेगें। सात दिवसीय श्री हरिकथा 14 नवबंर से शुरू होकर 20 नवबंर 2025 तक चलेगी। कथा के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 8.00 बजे पाहल एवं विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया जाएगा। यह जानकारी विश्नोई समाज के ओमवीर सिंह विश्नोई ने दी।

## सबुक पर अभद्र टिप्पणी कर दी धमकी, ग्रामीण ने की कार्रवाई की मांग

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने और धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम फरीदनगर निवासी गुफरान पुत्र मौ० फारूख ने थाना ठाकुरद्वारा में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। गुफरान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह एक सीधा-सादा ग्रामीण व्यक्ति है। दिनांक 03 सितंबर 2025 की रात लगभग तीन बजे उसकी फेसबुक आईडी पर लुकमान बादशाह नाम के प्रोफाइल से अभद्र टिप्पणियां की गईं। यह फेसबुक आईडी थाना डिलारी के गांव कांकरखेड़ा, निवासी युवक की बताई जा रही है ।जो वर्तमान में दिल्ली स्थित एसबीआई बैंक में नौकरी करता है। गुफरान का कहना है कि उक्त व्यक्ति ने न केवल उसके और उसके परिजनों के फोटो पर अभद्र टिप्पणियां कीं, बल्कि फेसबुक चौटिंग में भी अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया। जब उसने विरोध किया, तो आरोपी ने भविष्य में भी इसी तरह की टिप्पणियां जारी रखने की धमकी दी। प्रार्थी ने बताया कि इस घटना से वह और उसका परिवार मानसिक रूप से काफी परेशान हैं और तनाव में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध शीघ्र सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## अय्यामे अजाए फातिमा जहरा के मौके पर, एक मजलिस का इनकाद ए एहतमाम किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता/अगवानपुर।** उत्तर प्रदेश मुरादाबाद की नगर पंचायत अगवानपुर के मोहल्ला सादात स्थित इमामबाड़ा तहजीबुल हसनैन में, अय्यामे अजाए फातिमा जहरा के मौके पर , एक मजलिस का इनकाद ए एहतमाम किया गया । मजलिस को इस्लामी स्कॉलर मौलाना सैयद कल्बे रुशैद रिजवी ने , खिताब करते हुए कहा कि आतंकवाद का इस्लाम ओर इंसानियत से कोई रिश्ता नहीं है। बल्कि इस्लाम दहशतगर्दी को पसंद नहीं करता। इस्लाम आतंकवाद और दहशतगर्दी के खिलाफ खड़ा होने वाला मजहब है। उन्होंने फरमाया कि इस्लाम 1400 साल से आतंकवाद के खिलाफ मुताबातिर लड़ने वाला मजहब है। उन्होंने कहा कि इमामे हुसैन ने यजीद जैसे आतंकवादी के खिलाफ आवाज बुलंद करके इंसानियत को बचाया था। और उसी तरह इमाम हुसैन के रास्ते पर चलने वाले , हर दौर में आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करते रहेंगे। मौलाना ने हजरत फातिमा जहरा के घर पर हुए आतंकवादी हमले पर रोशनी डालते हुए फरमाया कि रसूल अल्लाह के दुनिया से जाने के बाद मुसलमानों ने उनकी बेटी पर बे इंतेहा जुल्म किए। जिसमें उनका बच्चा मोहसिन शहीद हो गया, इंतहाई जुल्मो पर फातिमा जहरा को मर्सिया पढ़ना पड़ा ।फातिमा जहरा के मसायाब सुनकर अजादार फूट फूट कर रोए और मातम किया । दौरान ए मजलिस हसन नवाब, सरताज अली, नवाब मियां,डॉ अली रजा, असलम नकवी, ,फैजी नक्वी ,हसीन नक्वी , कुमैल नकवी, आदिल, यावर रजा, अली नवाज, यासीन , मौलाना मो.हुसैन, मौलाना तफसील आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## मुरादाबाद के शहाबुद्दीन का बेटा लापता, परिजनों की बढ़ी चिंता, सहारनपुर पुलिस से मदद की गुहार



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र के गांव देवापुर शंभू वाली मिलक निवासी शहाबुद्दीन का परिवार इन दिनों गहरे दुख और चिंता में है। उनका बड़ा बेटा शुएब कई दिनों से लापता है। परिवार के अनुसार शुएब अपने मामू मोहम्मद जुनैद पुत्र नन्नू निवासी ग्राम खुशहालपुर, थाना टांडा, जिला रामपुर के साथ सहारनपुर गया था, जहां उसका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है।जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद जुनैद इन दिनों जनक नगर, थाना जनकपुरी, जिला सहारनपुर में किराए के मकान में रहते हैं और वहां अपनी दाढ़-दांत की लैब चलाते हैं। शुएब 20 जून को अपने मामू के साथ घूमने के लिए गया था, लेकिन इसके बाद वह वहीं रहने लगा। शहाबुद्दीन ने बताया कि 5 नवंबर की शाम मामू और भांजे के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद जुनैद ने शुएब को डांट दिया। इसी के बाद शुएब घर से बिना बताए निकल गया और अब तक वापस नहीं लौटा है।परिजनों ने बताया कि जब शुएब का कोई पता नहीं चला तो उन्होंने अपने साले के साथ मिलकर थाना जनकपुरी, सहारनपुर में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी शुएब का कोई सुराग नहीं लग सका है। शुएब के पिता शहाबुद्दीन ने कहा, हमारा बेटा कहां गया, किसी को कुछ पता नहीं। उसकी वजह से पूरा परिवार परेशान है। हमने पुलिस से बार-बार गुहार लगाई है कि हमारे बेटे को जल्द से जल्द खोजा जाए। परिजनों का कहना है कि शुएब का मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है और न तो किसी रिश्तेदार के पास वह गया है और न ही किसी ने उसे कहीं देखा है। अब परिवार सहारनपुर पुलिस से उम्मीद लगाए बैठा है कि वह लापता बेटे को ढूंढ निकालेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुएब के गायब होने के बाद से शहाबुद्दीन का परिवार दिन-रात उसकी सलामती की दुआ कर रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पहले प्यार की चाह में विवाहिता पहुंची प्रेमी के घर, पति को छोड़ मांगी प्रेमी से शादी की इजाजत

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** प्रेम प्रसंग के चलते एक विवाहिता ने अपने पति का घर छोड़कर प्रेमी से शादी करने की जिद ठान ली। मामला कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुरजननगर मार्ग स्थित एक गांव का है। युवती ने कोतवाली पहुंचकर अपने प्रेमी से शादी कराने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार, उक्त गांव निवासी युवती की शादी वर्ष 2024 में रानीनांगल चौकी क्षेत्र के एक युवक से हुई थी। उस समय युवती की उम्र करीब 17 वर्ष थी। बताया जा रहा है कि शादी से पहले युवती का प्रेम प्रसंग अपने ही बिरादरी के एक युवक से चल रहा था। परिजनों ने सामाजिक मान,सम्मान के चलते युवती का विवाह किसी अन्य युवक से कर दिया। हालांकि, विवाहिता अपने पहले प्यार को भूल नहीं सकी। नाबालिग होने के कारण उसने बालिग होने तक का इंतजार किया। बालिग होते ही युवती अपने मायके पहुंची और वहां से सीधे अपने प्रेमी के घर जाकर शादी की जिद पर अड़ गई। जब परिजनों ने युवती के इस कदम का विरोध किया, तो वह कोतवाली पहुंच गई और पुलिस से अपने प्रेमी के साथ विवाह कराने की मांग की। सूचना पर पुलिस ने दोनों पक्षों से बातचीत कर मामले को समझाने का प्रयास किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## राजकीय नर्सेस संघ द्वारा प्रदेश संयुक्त मंत्री कामिनी सिंह का किया गया भव्य स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** राजकीय नर्सेस संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन हाल ही में 8 नवम्बर को गांधी भवन, लखनऊ में सम्पन्न हुआ, जिसमें महिला जिला चिकित्सालय मुरादाबाद में कार्यरत वरिष्ठ नर्स कामिनी सिंह को प्रदेश संयुक्त मंत्री के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस उपलब्धि पर गुरुवार को राजकीय नर्सेस संघ मुरादाबाद की ओर से उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया ।कार्यक्रम में कामिनी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सेस संवर्ग की सभी लंबित समस्याओं को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि शासन द्वारा नर्सिंग संवर्ग की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संघ आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए तैयार रहेगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग समुदाय स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है, इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए। स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में नर्सेस संघ के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पूनम मैसी ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री प्रतिमा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष सीमा भारती, फार्मेसिस्ट एसोसिएशन के जिला मंत्री हेमंत चौधरी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के मंडल अध्यक्ष चन्द्रशेखर, जिला अध्यक्ष शेखर तथा जिला मंत्री सुशील सहित अनेक स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजकीय नर्सेस संघ की मंडल अध्यक्ष वेलमा विक्टर, शशी सिंह, रूपिका चौहान, रिचा, आदेश, ज्योति, नीतू दयाल, रेनू यादव, संगीता त्यागी, प्रेरणा, प्रियंका, निधि, सोनाली, वंदना, रानी, उमारानी, मैनेजर रजनीश चौधरी, तथा जीत सिक्योरिटी के अध्यक्ष योगेश तिवारी सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे ।कार्यक्रम के अंत में सभी ने कामिनी सिंह को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और संघ की मजबूती व नर्सिंग स्टाफ के अधिकारों की रक्षा हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## भावाधस के बैनर तले वाल्मीकि समाज बैठा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने एक ज्ञापन दिया है, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि ग्राम वीरपुर वरई उर्फ खडक में गाटा संख्या 214 में नामित ज्ञान सिंह वाल्मीकि, अंगन बाल्मीकि, किशोर बाल्मीकि, आदि लोगो की भूमि पर मुस्लिम परिवार ने कब्जा कर रखा है। वाल्मीकि समाज ने दो बार धरना और भूख हड़ताल किया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब वाल्मीकि परिवार भारतीय बाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के बैनर तले राष्ट्रीय संचलक कर्मवीर लल्ला बाबू द्रविड़ के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल पर बैठ गया है और मांग करने लगा कि उनकी भूमि मुस्लिम परिवार से मुक्त कराकर उन्हें सौंपी जाए। प्रशासन को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए वाल्मीकि धर्म समाज के मुख्य संचालक कर्मवीर लल्ला बाबू द्रविड़ और भूख हड़ताल पर बैठे लोगों से वातार्लाप कर उन्हें कार्यवाही का आश्वासन दिया और सभी को जूस पिलाकर भूख हड़ताल खत्म कर दी लल्ला बाबू द्रविड़ ने बताया कि फिलहाल प्रशासनिक अधिकारियों के कहने पर भूख हड़ताल खत्म कर दी गई है अगर आगे भी जिन लोगों ने जमीन पर कब्जा किया है उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई तो फिर से आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

## मुरादाबाद ना बालिग 11 वर्षिय युवती से युवक ने किया दुष्कर्म पुलिस ने भेजा जेल

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र से 11 वर्षीय युवती से एक युवक द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है थाना सिविल लाइन चक्कर की मिलक निवासी महिला ने बताया कि मैं किसी काम से अपने छर से बाहर गई हुई थी। तभी मेरा मुंह बोला भाई रिहान निवासी करूला घर आ गया उस समय मेरी 11 वर्षीय बेटी घर में अकेली थी मेरे मुंह बोले भाई ने मेरी बेटी को अकेला देखकर उससे दुष्कर्म किया और फरार हो गया मैं जब घर पर वापस आई तो बेटी ने सब कुछ बता दिया जिसकी शिकायत मैंनें थाना सिविल लाइन में की एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और दुष्कर्म की धाराओं में उसको जेल भेज दिया गया है पुलिस की इस कार्यवाही से पीड़ित परिवार ने राहत की सांस ली है।

## दिल्ली ब्लास्ट में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में लाल किले के पास बम ब्लास्ट में हताहत भारत के निर्दोष नागरिकों के लिए मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छजलैट अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में डी एसएम इंटर कॉलेज कांठ में चौधरी ध्यान सिंह जी की समाधि पर वरिष्ठ कांग्रेसियों ने दिल्ली लाल किले में हुए बम ब्लास्ट में हताहत दर्जन भर लोगों के प्रति मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन धारण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष डॉ सिराजुद्दीन अंसारी ने कहा कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी बम ब्लास्ट में हताहत निर्दोष लोगों के परिवार के दुख में बराबर की शरीक है। कांग्रेसियों ने आतंकवाद की घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म और जाति नहीं होती है। उन्होंने देश के राष्ट्रपति से इस प्रकार की घटना की घोर निंदा की है। उन्होंने हताहत हुए परिवार को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। इस मौके पर डॉक्टर सिराजुद्दीन अंसारी, परम सिंह सैनी, कलुआ भाई, सीपी सिंह, शरीफ आजाद, सौवीर यादव, विजय भटनागर, अर्जुन सिंह, मोहम्मद आमिर, विनीत चौहान, दिनेश दीवान, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ठाकुद्वारा ब्लॉक मिशन प्रबंधक को स्पष्टीकरण नोटिस

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** ब्लॉक मिशन प्रबंधक ठाकुरद्वारा की विभागीय कार्यों में लापरवाही और अधिकारियों के निदेशों के प्रति उदासीनता के दृष्टिगत मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। संतोष जनक जवाब न दिए जाने की दशा में इनके विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 के 07 माह व्यतीत हो जाने के बावजूद भी ब्लॉक मिशन प्रबंधक ठाकुरद्वारा हरीश प्रताप सिंह की उदासीनता की वजह से विभागीय कार्य में प्रगति अत्यंत धीमी मिली। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक मिशन प्रबंधक ठाकुरद्वारा द्वारा उच्चाधिकारियों के समय समय पर जारी पत्रों का जवाब देने और अनुपालन करने में भी लापरवाही बरती जा रही है। इन पर राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब, लखनऊ में आयोजित प्रशिक्षण सत्र के दौरान भी अनुशासनहीनता बरतने का आरोप है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ब्लॉक मिशन प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि 25 नवम्बर तक प्रगति में सुधार लाए अन्यथा वेतन/मानदेय नहीं दिया जाएगा।

## सुरजननगर में लगे सीसीटीवी कैमरा बने शोपीस



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** सुरजननगर चौकी क्षेत्र मे सुरक्षा के मद्देनजर शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे शोपीस बनकर रह गए हैं। इनकी मरम्मत कराने में ग्राम पंचायत महकमा उदासीन बना हुआ है। ऐसे में क्षेत्र में कोई बड़ी वारदात हो जाए तो अपराधियों को शिनाख्त करना पुलिस के लिए मुश्किल हो जाएगा। जिस उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे लगाए थे, उसका मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। सीसीटीवी कैमरा खराब होने के पीछे बंदरों द्वारा तार तोडना व नोचना बताया जा रहा है। सुरजननगर में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से पुलिस विभाग व ग्राम पंचायत सुरजननगर चौराहे पर चार तथा सुरजननगरमुख्य बाजार झण्डा चौक चौराहे पर चार सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं। इसके अलावा स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाए हैं। जबकि नगर के अत्यंत व्यस्तम इलाका है लेकिन इसमें से अधिकांश कैमरे जमीन या आसमान की ओर निगहबानी कर रहे है। इनकी मॉनिटरिंग पास की दुकानों पर होती है। लेकिन यह वर्तमान में खराब पड़े हुए हैं। उधर, सुरजननगरचौराहे पर चार कैमरे लगाए गए हैं लेकिन वर्तमान में दोनों स्थान पर लगाए गए। सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हुए हैं। सुरजननगर के फीका नदी पर स्तिथ नलो बाले बाबा के मंदिर पर चार कैमरे पुलिस महकमे द्वारा लगाए गए है। ताकि सीमा के रास्ते होने वाली तस्करी तथा अपराधियों की निगहबानी की जा सके और किसी अपराध के होने पर अपराधियों की पहचान में कैमरे के फुटेज का सहारा लिया जा सके। यह कैमरे भी सही दिशा में नहीं लगाए गए हैं। आलम यह है कि कोई कैमरा आसमान की ओर देख रहा है तो कोई कैमरा जमीन की ओर देख रहा है। इसके प्रति पुलिस महकमा तब जागता है, जब नगर में कोई बड़ी घटना घटित हो जाती है। इसके लगाने का उद्देश्य साफ है कि अपराधी अपराध करने से घबराएगा और उसके अंदर खौफ रहेगा। लेकिन पुलिस महकमा इस कवायद में फेल है। जिसके चलते अधिकांश कैमरे शोपीस बने हुए है और अपराधियों पर इसका तनिक भय नहीं है। बल्कि अपराधियों का हौसला और बुलंद है।

## स्पोर्ट फेस्ट के चौथे दिन भी आयोजित की प्रतियोगिताएं

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के चौथे दिन का आयोजन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें कक्षा 9 से 12 तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपनी उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन किया। हॉवर्ड कॉन्वेंट स्कूल गढ़ी कांठ में चल रहे पांच दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट के चौथे दिन भी विद्यालय द्वारा विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों के अंतर्गत बैडमिंटन, खो खो, वॉलीबॉल, कबड्डी ,जैसे आकर्षक, मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक खेलों का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के अंतर्गत बैडमिंटन बालिका प्रतियोगिता में रेड हाउस ने प्रथम ,खो खो में येलो हाउस हाउस में प्रथम स्थान प्राप्त किया इसके साथ ही वॉलीबॉल बालक प्रतियोगिता में ब्लू हाउस प्रथम रहा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री दीपेश सिंह जी ने सभी क्रीडा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हे उनके खेलों में सफल होने पर उनके खेल क्षेत्र में उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती रेनू बिश्नोई ने विद्यालय के समस्त क्रीडा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल हमें आत्म संयम, आत्मविश्वास, शारीरिक सदुपयोग, एवं जीवन संयम की प्रेरणा प्रदान करते हैं इसलिए हमें अपने जीवन के क्रीड़ा स्थल पर पर भी संयम और अनुशासनशील के तरीके से खेलना चाहिए। विद्यालय द्वारा आयोजित खेलों को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आज नगर में निकलेगी विशाल एकता यात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ठाकुरद्वारा में एक भव्य एकता यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 14 नवंबर 2025 को सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और देशभक्ति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। जानकारी के अनुसार, यात्रा का शुभारंभ सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज मैदान से किया जाएगा। वहां से यात्रा बाबू रामपाल द्वार, रतूपुरा मोड़, राम सिंह कोचिंग सेंटर, कोतवाली, शगुन चौराहा, गंज बाजार, कदीर तिराहा होते हुए तिकोनिया पार्क से होते हुए रॉयल बैंकेट हॉल ठाकुरद्वारा में संपन्न होगी। यात्रा में बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं व राजनीतिक कार्यकताओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि यह एकता यात्रा ह्लभव्य, दिव्य और ऐतिहासिकह्व स्वरूप में आयोजित की जाएगी ।उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक ठाकुर अजय प्रताप सिंह दी तथा सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस एकता यात्रा को सफल बनाएं और लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करें।

## दयानंद आर्य कन्या इंटर कॉलेज में गृह विज्ञान प्रदर्शनी का लगा मेला

**उत्तम भारत संवाददाता/ मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज मुरादाबाद में प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी के निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग के तत्वाधान में प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी द्वारा फीता काटकर किया गया। छात्राओं ने हस्त निर्मित रंगोली, सजावटी सामान, बच्चों की फ्रॉक, लड्डू गोपाल के वस्त्र, टाई एंड डाई व स्क्रीन प्रिंटिंग रुमाल, वंदनवार एवं हस्त निर्मित आभूषण का बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन मेले में किया। साथ ही छात्राओं ने प्रदर्शनी देखने आए लोगों को प्रदर्शनी के उद्देश्य से परिचित कराया। विभाग की सभी छात्राओं ने प्रदर्शनी में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताओं एवं छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी के आयोजन में सरिता सिंह, नेहा दयाल एवं रुचि अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

P-12:28 paga09_jhn.qxd 11/13/2025 5:38 PM Page 1



## संक्षिप्त समाचार

### बोलीविया में भारतीय दूतावास की नई इमारत का उद्घाटन

**सुक्रे, एजेंसी।** विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने बोलीविया में भारत के दूतावास के नए चांसरी भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नई इमारत दोनों देशों की दोस्ती को और गहरा करेगी। अपने दौरे के दौरान उन्होंने बोलीविया के कारोबारी संगठनों और उद्यमियों से मुलाकात कर खनिज, वस्त्र, पर्यटन और दवा क्षेत्र में व्यापार बढ़ाने पर चर्चा की। मार्गेरिटा ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

### बर्लिन में बलूचों पर अत्याचारों को लेकर पाकिस्तान की निंदा

**बर्लिन, एजेंसी।** बलूच नेशनल मूवमेंट ने बर्लिन में बलूच शहीद दिवस मनाया, जिसमें कई देशों के नेता और मानवाधिकार कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान बलूचिस्तान पर किए गए अत्याचारों को लेकर पाकिस्तान की निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान दशकों से बलूच जनता पर दमन कर रहा है और क्षेत्र में सैन्य कब्जा, संसाधनों के दोहन की स्थिति लगातार बनी हुई है। बीएनएम प्रमुख डॉ. नसीम बलूच ने 1948 के हमले को दमन की शुरुआत बताया और कहा कि बलूच प्रतिरोध आज भी मजबूत है।

### सलमान रुश्दी को मिला डेटन पीस प्राइज का आजीवन सम्मान

**ओहायो, एजेंसी।** मशहूर लेखक सलमान रुश्दी को रविवार को अमेरिका के ओहायो में आयोजित डेटन लिटरेरी पीस प्राइज समारोह में लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उस समय मिला है जब उन्होंने तीन साल पहले न्यूयॉर्क में हुए हमले के बाद अपनी पहली नई किताब प्रकाशित की है। यह पुरस्कार उन लेखकों को दिया जाता है, जो अपनी रचनाओं के जरिए शांति, मानवीय मूल्यों और संवाद को बढ़ावा देते हैं। हर साल इसमें फिक्शन, नॉन-फिक्शन और आजीवन उपलब्धि के लिए अलग-अलग सम्मान दिए जाते हैं। 78 वर्षीय सलमान रुश्दी अपनी विवादित किताब 'द सैटेनिक वर्सेज' के लिए जाने जाते हैं। 1988 में आई इस किताब के बाद ईरान के धर्मगुरु अयातुल्ला खुमैनी ने 1989 में उनके खिलाफ मौत का फतवा जारी किया था, जिसके बाद रुश्दी को लंबे समय तक छिपकर रहना पड़ा था।

### शटडाउन के 40वें दिन पूरे, अमेरिका में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार का शटडाउन 40वें दिन पहुंच चुका है। इसके कारण देश भर में 2,000 से अधिक उड़ानें रद्द हुईं और 8,000 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई। यह आंकड़े उड़ानें ट्रैक करने वाली वेबसाइट फ्लाइट अवेयर के अनुसार हैं। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, शुक्रवार से अमेरिका के विमानन विभाग द्वारा उड़ानों में कटौती की नीति लागू की गई। इसके बाद उड़ानें रद्द होने की संख्या तेजी से बढ़ी है। गुरुवार को जहां 202 उड़ानें रद्द हुई थीं, वहीं शुक्रवार को यह संख्या बढ़कर 1,025 हो गई और शनिवार को 1,566 उड़ानें रद्द करनी पड़ी। शटडाउन शुरू होने के बाद से कई एयर ट्रैफिक कंट्रोलर छुट्टी पर चले गए, जिससे बाकी कर्मचारियों पर अतिरिक्त काम का बोझ बढ़ गया है। परिवहन विभाग और विमानन प्राधिकरण ने देश के 40 बड़े हवाईअड्डों पर उड़ानों की संख्या में 10 प्रतिशत की कमी करने का फैसला किया है, ताकि कर्मचारियों पर दबाव कम हो और हवाई क्षेत्र की सुरक्षा बनी रहे। परिवहन मंत्री सीन डफी ने रविवार को सीएनएन को बताया कि स्थिति आगे और खराब हो सकती है। उन्होंने चेतावनी दी कि थैंक्सगिविंग (अमेरिका का प्रमुख त्योहार) से पहले हवाई यात्रा बहुत कम हो सकती है। राष्ट्रीय आर्थिक परिषद के निदेशक ने भी कहा कि अगर लोग थैंक्सगिविंग के दौरान यात्रा नहीं कर पाए, तो साल की चौथी तिमाही में देश की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।

### पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मस्जिद के अंदर अज्ञात बंदूकधारियों ने की पुलिसकर्मी की हत्या

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** स्थानीय पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने एक मस्जिद के अंदर एक पुलिस हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। हेड कांस्टेबल शाह नवाज की अफगानिस्तान की सीमा से लगे टैंक जिले के गुल इमाम पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले मोहम्मद अकबर गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार मारे गए अधिकारी छुट्टी पर थे और नमाज़ के दौरान जब हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाया, तब वे घर लौटे थे। रेस्क्यू 1122 टीमों ने शव को जिला मुख्यालय अस्पताल (डीएचक्यू) टैंक पहुंचाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस अधिकारी और कर्मचारी इस क्षेत्र के आतंकवादी संगठनों के निशाने पर हैं। घटना के तुरंत बाद पुलिस और सुरक्षा बलों की भारी टुकड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं। इलाके की घेराबंदी की और अपराधियों का पता लगाने के लिए जांच और तलाशी अभियान शुरू किया।

# डोनाल्ड ट्रम्प हर अमेरिकी को 1.7 लाख देंगे: कहा- टैरिफ से बहुत पैसे आए हैं, इसका विरोध करने वाले मूर्ख

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर दावा किया कि टैरिफ से अरबों डॉलर की कमाई हो रही है। उन्होंने कहा कि इस कमाई से अमीरों को छोड़कर हर अमेरिकी नागरिक को 2,000 डॉलर (करीब 1.7 लाख रुपए) का डिविडेंड मिलेगा।

ट्रम्प ने पोस्ट में टैरिफ के आलोचकों को मूर्ख करार दिया। उन्होंने कहा, टैरिफ के खिलाफ बोलने वाले लोग मूर्ख हैं। हमारी सरकार ने अमेरिका को दुनिया का सबसे अमीर और सम्मानित देश बना दिया है, जहां महंगाई न के बराबर है और शेयर बाजार रिकॉर्ड स्तर पर है। हालांकि, ट्रम्प ने यह नहीं बताया कि ये प्रॉफिट किसे मिलेगा, इसकी पात्रता मानदंड (जैसे आय सीमा क्या होगी?) या समयसीमा पर कोई साफ जानकारी नहीं दी। यह पहली बार नहीं है जब उन्होंने ऐसा वादा किया। अक्टूबर में उन्होंने 1,000 से 2,000 डॉलर के छूट का संकेत दिया था।

**ट्रम्प बोले- टैरिफ के कारण व्यवसाय अमेरिका में आ रहे :** टैरिफ से हो रहे प्रॉफिट के अलावा ट्रम्प ने व्यापार मामलों में राष्ट्रपति के पावर की सीमाओं पर सवाल उठाते हुए गुस्सा जताया। उन्होंने कहा अमेरिका के राष्ट्रपति के पास किसी विदेशी देश के साथ सभी व्यापार को रोकने की अनुमति है, दूसरे देश को लाइसेंस देने की अनुमति है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए टैरिफ लगाने की अनुमति नहीं है। ट्रम्प ने कहा- दूसरे देश हम पर टैरिफ लगा सकते हैं, लेकिन हम उनपर नहीं।



सिर्फ टैरिफ की वजह से ही व्यवसाय अमेरिका में आ रहे हैं। टैरिफ के बिना हमारे पास कुछ भी नहीं है। क्या सुप्रीम कोर्ट यह नहीं समझता। ट्रम्प का कहना था कि अप्रैल 2025 में घोषित टैरिफ (10% से 50%) अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहा है। व्हाइट हाउस ने तर्क दिया कि 1977 के इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट के तहत राष्ट्रपति को व्यापार कंट्रोल करने की शक्ति है, जिसमें टैरिफ लगाना शामिल है। सॉलिसिटर जनरल जॉन सावर ने चेतावनी दी कि अगर ये नीति रद्द हुई तो आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा नुकसान हो सकता है।

**कोर्ट बोला- टैरिफ लगाने की शक्ति संसद के पास :** अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प के ज्यादातर टैरिफ को गैरकानूनी बताया है। 5 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट की लिबरल जस्टिस सोनिया सोतोमेयर ने संविधान का हवाला देकर कहा था कि टैक्स लगाने की शक्ति संसद की है, न कि राष्ट्रपति की। ट्रम्प ने चीन, कनाडा, मेक्सिको जैसे देशों पर व्यापार घाटे और अन्य कारणों से टैरिफ लगाए थे। ट्रम्प ने इन कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम के तहत सही ठहराया था। उनका कहना था कि व्यापार असंतुलन अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है और इसलिए उन्होंने व्यापार पर 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर टैरिफ लगाए।

**ट्रेजरी सेक्रेटरी बोली- हमारा फोकस कर्ज चुकाने पर है :** ट्रम्प के दावों पर अमेरिकी ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेन्ट ने,ब्स्ट न्यूज को दिए इंटरव्यू में सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी ट्रम्प से इस डिविडेंड पर चर्चा नहीं हुई है। लेकिन शायद यह राशि टैक्स में कटौती के रूप में आ सकती है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बेसेन्ट का फोकस कर्ज चुकाने पर है, न कि डायरेक्ट चेक बांटने पर। अगस्त में उन्होंने सीएनबीसी को बताया था कि टैरिफ राजस्व से 38.12 ट्रिलियन डॉलर के कर्ज को कम किया जाएगा।

रिपोर्ट- ट्रम्प का प्लान कर्ज बढ़ा सकता है ट्रेजरी डिपार्टमेंट के सितंबर के बयान के अनुसार, फाइनेंशियल ईयर 2025 में टैरिफ से केवल 195 अरब डॉलर की आय हुई। अगर 2,000 डॉलर प्रति व्यक्ति (लगभग 25 करोड़ गैर-अमीर अमेरिकियों को) बांटे जाएं, तो लागत करीब 500 अरब डॉलर होगी जो मौजूदा आय से कहीं ज्यादा है। अमेरिका पर 3,200 खरब रुपए कर्ज, दुनिया में सबसे ज्यादा अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज (नेशनल डेब्ट) नवंबर 2025 तक लगभग 38 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 3,200 खरब रुपए) हो चुका है, जो दुनिया का सबसे बड़ा कर्ज है। यह कर्ज ट्रेजरी सिक्योरिटीज (सरकारी बॉन्ड्स) के रूप में बंटा हुआ है। कुल कर्ज का करीब 70% अमेरिकी संस्थाओं (घरेलू) के पास है, जबकि 30% विदेशी देशों और निवेशकों के पास। विदेशी हिस्सा लगभग 8-9 ट्रिलियन डॉलर का है। जापान अमेरिका का सबसे बड़ा लेनदार है, जो अमेरिकी बॉन्ड्स को सुरक्षित निवेश मानता है। वहीं, चीन का हिस्सा घट रहा है (पहले 1 ट्रिलियन से ज्यादा था)। यह कर्ज अमेरिकी अर्थव्यवस्था के ज्ञ्छक्क (30 ट्रिलियन डॉलर) का 120% से ज्यादा है, जो चिंता का विषय है। बढ़ते कर्ज से ब्याज भुगतान पर सालाना 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा खर्च हो रहा है। ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया था ट्रम्प ने 5 मार्च को अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि हमारी इकोनॉमी लगातार घाटे में जा रही है। इस नुकसान से बचने के लिए हम उन सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जो हमारे सामानों पर टैरिफ लगाते हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने करीब एक महीने बाद 2 अप्रैल को भारत समेत 69 देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। यह 9 अप्रैल से लागू होने वाला था, लेकिन ट्रम्प ने तब इसे टाल दिया। बाद में 31 जुलाई को ट्रम्प ने 100 से ज्यादा देशों पर टैरिफ लगाया, जो अगस्त में पूरी तरह लागू हो गया।

## रूस करेगा न्यूक्लियर टेस्ट? राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खास ने बताया मॉस्को का प्लान

**मास्को, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परमाणु हथियार परीक्षणों पर दिए गए बयान पर मॉस्को ने पलटवार किया है। रूस ने साफ-साफ कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने परमाणु परीक्षण का कोई आदेश नहीं दिया है। रूस सामूहिक विनाश के हथियारों के परीक्षण पर प्रतिबंध लगाने के प्रति कटिबद्ध बना हुआ है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने रूसी टीवी चैनल को बताया कि पुतिन ने बार-बार स्पष्ट किया है कि रूस परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि के तहत अपने सभी दायित्वों का पालन कर रहा है और हम इसे तोड़ने का इरादा नहीं रखते। पेस्कोव ने आगे कहा कि अगर वाशिंगटन परमाणु हथियारों का परीक्षण करता है, तो रूस को जवाबी कदम उठाने होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि परमाणु समता वैश्विक सुरक्षा ढांचे का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है, खासकर वर्तमान परिस्थितियों में।

बता दें कि कि 29 अक्टूबर को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने घोषणा की थी कि उन्होंने युद्ध विभाग को हमारे परमाणु हथियारों का समान आधार पर परीक्षण शुरू करने का निर्देश दिया है। इस दौरान ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका के पास दुनिया के किसी अन्य देश से अधिक परमाणु हथियार हैं। इस दौरान उन्होंने कहा था कि इस मामले रूस दूसरे स्थान पर है, जबकि चीन काफी पीछे तीसरे नंबर पर है, लेकिन अगले पांच वर्षों में वे बराबरी पर पहुंच जाएंगे। इधर,



राष्ट्रपति पुतिन के उस प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए ( जिसमें START-III की समाप्ति के बाद भी सामरिक हथियारों पर मात्रात्मक प्रतिबंध जारी रखने की बात कही गई थी) विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को कहा कि मॉस्को वाशिंगटन से प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। लावरोव ने बताया कि न्यू स्टार्ट संधि समाप्त होने के बाद पुतिन द्वारा प्रस्तुत यह रचनात्मक पहल खुद में बहुत कुछ स्पष्ट करती है। इसमें कोई छिपा एजेंडा नहीं है और इसे समझना एकदम सरल है। इसके व्यावहारिक क्रियान्वयन के लिए किसी विशेष अतिरिक्त प्रयास की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इसलिए, हमारे विचार पर गहन बहस की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी तक वाशिंगटन से कोई ठोस जवाब नहीं आया है। लावरोव ने आगे कहा कि राजनयिक चैनलों के माध्यम से हमें बताया गया है कि इस पर विचार चल रहा है। हम किसी को मनाने का प्रयास नहीं कर रहे। हमारा मानना है कि यह कदम दोनों देशों और समूचे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के हित में है। हम किसी भी संभावित घटनाक्रम के लिए तैयार हैं, लेकिन उम्मीद करते हैं कि परिणाम सकारात्मक होंगे।

## अमेरिका में सरकारी शटडाउन खत्म होने के करीब, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले- समझौते पर बनी सहमति

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि सरकार का शटडाउन खत्म होने के करीब है। उन्होंने दावा किया कि व्हाइट हाउस और सीनेट नेताओं के बीच समझौता लगभग तय हो गया है, जिससे अमेरिकी सरकार फिर से कामकाज शुरू कर सकेगी। ट्रंप ने पत्रकारों से बातचीत में कहा ऐसा लगता है कि हम शटडाउन के अंत के बहुत करीब हैं। हमने कभी भी कैदियों या अवैध रूप से देश में आने वालों को पैसे देने पर सहमति नहीं दी। डेमोक्रेट्स अब यह समझ चुके हैं और उम्मीद है कि सरकार का शटडाउन जल्द खत्म होगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, आठ डेमोक्रेटिक सीनेटरों ने रिपब्लिकन नेताओं और व्हाइट हाउस के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत सरकार को दोबारा खोलने और कुछ प्रमुख एजेंसियों को फंडिंग देने पर सहमति बनी है। रिपोर्ट के अनुसार, यह समझौता अमेरिकी इतिहास के सबसे लंबे शटडाउन को समाप्त करेगा और जनवरी तक सरकार को अस्थायी रूप से फंडिंग प्रदान करेगा। रविवार रात को हुई इस डील में सीनेट मेजॉरिटी लीडर जॉन थ्यून, व्हाइट हाउस प्रतिनिधि, और तीन पूर्व गवर्नर जीन शाहीन (न्यू हैम्पशायर), एंगस किंग (मेन) और मैगी हसन (न्यू हैम्पशायर) शामिल थे। हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस समझौते में रिपब्लिकन नेताओं की ओर से स्वास्थ्य सब्सिडी बढ़ाने की कोई गारंटी नहीं दी गई है। फिर भी, डेमोक्रेट्स को उम्मीद है कि आने वाले हफ्तों में इस पर समझौता हो सकता है। सीनेट रविवार रात 8:30 से 9 बजे (ईस्टर्न टाइम) के बीच इस प्रस्ताव पर मतदान कर सकती है। इसके बाद यह बिल हाउस में जाएगा और फिर ट्रंप के हस्ताक्षर के बाद लागू होगा। डेमोक्रेटिक नेताओं ने फिलहाल इस डील पर अपना आधिकारिक रुख नहीं बताया है। हालांकि, कुछ हाउस डेमोक्रेट्स ने इसे 'असंतोषजनक समझौता' बताया है। अगर यह डील पास हो जाती है, तो अमेरिकी सरकार कई दिनों के बाद फिर से कामकाज शुरू कर देगी, जिससे लाखों कर्मचारियों और सेवाओं को राहत मिलेगी।

## कठिनाइयों का सामना कर रहे ट्रंप: जेलेंस्की-नाटो का नाम लेकर रूस ने अमेरिकी राष्ट्रपति को घेरा

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने रविवार को कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को यूक्रेन संकट के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों में वोलोदिमिर जेलेंस्की और नाटो सहयोगियों को मनाने में विपरीत परिस्थितियां झेलनी पड़ रही हैं। लावरोव की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ट्रंप के बीच हंगरी में होने वाली एक संभावित शिखर वार्ता के प्रयास असफल रहे। यह वार्ता 15 अगस्त को अलास्का के एंकोरेज में दोनों नेताओं की बैठक के बाद आगे बढ़ने वाली थी, लेकिन यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने पर कोई समझौता नहीं हो सका था।

लावरोव ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती को दिए इंटरव्यू में कहा, अमेरिकियों ने तब (एंकोरेज शिखर बैठक के दौरान) हमें आश्वासन दिया था कि वे सुनिश्चित करेंगे कि जेलेंस्की शांति की दिशा में बाधा नहीं डालेंगे। जाहिर है, इस मुद्दे पर कुछ कठिनाइयां पैदा हो गई हैं।

उन्होंने आगे कहा, जहां तक हम जानते हैं, ब्रसेल्स और लंदन अब वॉशिंगटन को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि संकट को राजनीतिक और कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने की मंशा को त्याग दे और रूस पर सैन्य दबाव डालने की कोशिशों में पूरी तरह से शामिल हो जाए। यानी संघर्ष समर्थक दल का हिस्सा बन जाएं।

लावरोव ने यह भी कहा कि एंकोरेज सम्मेलन में हुए समझौते के बावजूद, मॉस्को अपने बुनियादी सिद्धांतों पर कायम है। रूस की क्षेत्रीय अखंडता और क्रीमिया, डोनबास व नोवोरोसिया के निवासियों की पसंद पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा, हम अब अमेरिका से इस बात की पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि एंकोरेज समझौते अभी भी प्रभावी हैं। पुतिन कई बार यह कह चुके हैं कि रूस सिर्फ दीर्घकालिक समाधान का समर्थन करता है, न कि अस्थायी युद्धविराम का। उनका मानना है कि ऐसा समाधान तभी संभव है जब संघर्ष के मूल कारणों का समाधान किया जाए।

इसी बीच, रूसी सेना ने यूक्रेन में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहरों पोक्रोव्स्क (क्रास्नोआर्मेइस्क) और कुपियांस्क पर कब्जा करने की कोशिशें तेज कर दी हैं, जहां लगभग 10,000 यूक्रेनी सैनिक और नाटो सलाहकार घिरे हुए हैं।

**ब्रिटेन ने बेल्जियम भेजे सैन्य उपकरण और विशेषज्ञ :** ब्रिटेन ने बेल्जियम के हवाई अड्डों के पास ड्रोन देखे जाने की घटनाओं के बाद वहां सैन्य विशेषज्ञों और सैन्य उपकरणों को भेजा है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते ब्रसेल्स के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और यूरोप के सबसे बड़े कार्गो केंद्रों में से एक-लीज हवाई अड्डे को ड्रोन देखे जाने की वजह से अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था।

यह घटनाएं उस समय हुई जब अमेरिकी परमाणु हथियारों वाले एक सैन्य अड्डे के पास भी अज्ञात ड्रोन उड़ानें देखी गईं। ब्रिटेन की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख एयर चीफ मार्शल रिचर्ड नाइटन ने बीबीसी से कहा कि बेल्जियम के अनुरोध पर ब्रिटेन ने अपने लोग और उपकरण बेल्जियम भेजने का फैसला किया है ताकि हम उनकी मदद कर सकें। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता, और बेल्जियम को भी अभी तक पता नहीं है कि ये ड्रोन कहां से आ रहे हैं, लेकिन हम अपनी तकनीकी क्षमता और उपकरणों के साथ उनकी सहायता कर रहे हैं। यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है।

## गाजा संघर्ष पर मिस्र और कतर का साझा संकल्प, सीजफायर को स्थायी बनाने की कोशिशें तेज

**काहिरा, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति योजना के तहत गाजा पट्टी और इजरायल के बीच युद्ध विराम के बाद गाजा में शुरुआती पुनर्निर्माण और राहत कार्यों को प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने की कोशिशें जारी हैं। इस बीचगाजा पट्टी में युद्धविराम को मजबूत करने और स्थायी शांति की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती और कतर के प्रधानमंत्री व विदेशमंत्री मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी ने बातचीत की। दोनों नेताओं ने इस दिशा में मिलकर काम जारी रखने का संकल्प जताया। साथ ही वेस्ट बैंक की स्थिति पर चिंता जताईकी। दोनों नेताओं ने इजरायल द्वारा किए जा रहे सभी अवैध बस्तियों के विस्तार और लगातार हो रहे उल्लंघनों की निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे कदम शांति की संभावनाओं को कमजोर करते हैं और तनाव को बढ़ाते हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मिस्र के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान का हवाला देते हुए कहा कि फोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने गाजा को लेकर चल रही ताजा राजनीतिक हलचलों और अमेरिकी राष्ट्रपति की शांति योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने जोर दिया कि वेस्ट बैंक और गाजा पट्टी के बीच एकता बनाए रखना बेहद जरूरी है ताकि फिलिस्तीनी क्षेत्रों की भौगोलिक और राजनीतिक अखंडता बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी जनता को अपने मामलों का संचालन स्वयं करना चाहिए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में एकता बनाए रखनी चाहिए। बातचीत के दौरान गाजा में अंतरराष्ट्रीय बलों की तैनाती को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चल रही परामर्श प्रक्रिया पर भी विचार किया गया। मिस्र और कतर दोनों ने इस बात पर सहमति जताई कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय बल की भूमिका और अधिकार स्पष्ट रूप से तय होने चाहिए ताकि गाजा में शुरुआती पुनर्निर्माण और राहत कार्य प्रभावी रूप से आगे बढ़ सकें। इजरायल और हमास के बीच दो साल से जारी संघर्ष के बाद 10 अक्टूबर को युद्धविराम पर सहमति बनी थी। इस बहुप्रतीक्षित समझौते में मिस्र, कतर, तुर्की और अमेरिका ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रस्तावित शांति योजना के अनुसार, गाजा में सुरक्षा की जिम्मेदारी धीरे-धीरे इजरायली सेना को हटाकर एक अस्थायी अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल को सौंपी जाएगी। वाशिंगटन इस बल में मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, इंडोनेशिया, तुर्की और अजरबैजान जैसे देशों की भागीदारी को लेकर चर्चा कर रहा है।

## आसिम मुनीर कैसे पाकिस्तान में कर रहे 'साइलेंट तख्तापलट', फिर लौटा 50 साल पुराना खौफ



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में इन दिनों चुपचाप बहुत कुछ बदल रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद फील्ड मार्शल बन गए। फिर उनकी वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात होती है और दोनों देशों के बीच संबंध अचानक बदल जाते हैं। पीएम शहबाज शरीफ से ज्यादा आसिम मुनीर को तवज्जो मिलने से साफ था कि उनका कद अब आर्मी चीफ से कहीं ज्यादा है। भले ही परदे के पीछे से वह काम कर रहे हैं, लेकिन वही वास्तविक सरकार हैं। अब तो पाकिस्तान में संविधान में ही एक बदलाव हो रहा है, जिसकी तुलना साइलेंट तख्तापलट से की जा रही है और कहा जा रहा है कि इसके बाद तो हर तरह से सुप्रीम पावर आसिम मुनीर ही होंगे। पाकिस्तान में पहले भी सैन्य शासन आते रहे हैं, लेकिन इस बार आसिम मुनीर राजनीतिक नेतृत्व को मोहरा बनाए रखते हुए सत्ता चलाने की जुगत में हैं। इसी के तहत पाकिस्तान के संविधान में 27वां संशोधन कराया जा रहा है और इस पर संसद में वोटिंग होनी है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार इस संशोधन के जरिए संविधान के अनुच्छेद 243 को बदला जाएगा। इससे पूरी पावर ही आसिम मुनीर के हाथ होगी। वह थल सेना, नेवी और एयरफोर्स के जॉइंट चीफ होंगे। परमाणु हथियार उनके ही कंट्रोल में होंगे और फील्ड मार्शल का जो पद उन्हें मिला है, उसे संविधान में स्थायी कर दिया जाएगा।

**चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का पद ही खत्म, पूरी पावर मुनीर के हाथ :** डॉन की एक खबर के अनुसार यदि ये बदलाव हुए तो फिर पाकिस्तान में सेना प्रमुख ही सुप्रीम कमांडर होगा। पाकिस्तान में जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के चेयरमैन साहिर शमशाद मिर्जा का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अब यह पद ही खत्म कर दिया जाएगा और उनकी शक्तियां भी फील्ड मार्शल के पास होंगी। इस तरह सर्वेसर्वा आसिम मुनीर हो जाएंगे। इसका सीधा अर्थ होगा कि आसिम मुनीर ही थल सेना के चीफ होंगे और उनका ही नेतृत्व एयरफोर्स और नेवी में भी होगा। संविधान में इन बदलावों को लेकर पाकिस्तान में जिया उल हक के दौर वाला खौफ है।

## मलयेशिया के पास रोहिंग्या शरणार्थियों को ले जा रही नाव पलटी, सात लोगों की मौत; 13 को बचाया गया

**कुआलालंपुर, एजेंसी।** म्यांमार से लगभग 300 प्रवासियों को ले जा रही एक नाव हिंद महासागर में थाईलैंड और मलयेशिया की समुद्री सीमा के पास पलट गई। राहतकर्मियों ने सात शव बरामद किए और 13 लोगों को जीवित बचा लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। मलयेशियाई समुद्री प्रवर्तन एजेंसी के अधिकारी फर्स्ट एडमिरल रोमली मुस्तफा ने बताया कि शुरुआत में पता चला है कि नाव म्यांमारके रखाइन प्रांत के बुथिडॉन्ग शहर से करीब तीन सौ लोगों को लेकर रवाना हुई थी। पुलिस और समुद्री एजेंसी ने कहा कि जब नाव मलयेशिया के पास पहुंची, तो यात्रियों की तीन छोटी नांवों में बांट दिया गया। इनमें से एक नाव गुरुवार को थाईलैंड के दक्षिण हिस्सो हिस्से में तारुताओ द्वीप के पास डूब गई। कुछ शव और बचे हुए लोग मलेशिया के उत्तरी हिस्से के लंगकावी द्वीप तक बहकर आ गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना का सही समय और स्थान अभी पता नहीं चल पाया है। बाकी दो नावों का भी अब तक कुछ पता नहीं है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, उत्तरी मलयेशिया के केदाह राज्य के पुलिस प्रमुख अदजली अबू शाह ने कहा कि बचाए गए लोगों में कुछ रोहिंग्या मुसलमान हैं, जो म्यांमार में लंबे समय से उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। रोमली मुस्तफा ने चेतावनी दी कि सीमा पार गिरोह अब खतरनाक समुद्री रास्तों का इस्तेमाल करते हुए प्रवासियों का शोषण करने में अधिक सक्रिय हो गए हैं। समुद्री एजेंसी ने बताया कि शनिवार को बचाव दल ने समुद्र से 10 प्रवासियों को जिंदा निकाला और एक महिला का शव बरामद किया। रविवार को छह और शव मिले और तीन और लोगों को जीवित बचाया गया। एजेंसी ने कहा कि खोज का दायरा बढ़ा दिया गया है और सोमवार को भी तलाश जारी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने क्षेत्रीय सरकारों से अपील की है कि वे खोज और बचाव



अभियानों को तेज करें और ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए कदम उठाएं। यूएनएचसीआर के प्रवक्ता डिओगो अलकांतारा ने बताया कि इस साल अब तक करीब 5,200 रोहिंग्या शरणार्थी खतरनाक समुद्री यात्राओं पर निकले हैं, जिनमें से लगभग 600 लोग लापता या मृत बताए जा रहे हैं। जनवरी में मलयेशियाई अधिकारियों ने दो नावों को देश में प्रवेश करने से रोक दिया था, जिनमें करीब 300 रोहिंग्या मुस्लिम शरणार्थी सवार थे। ये लोग अवैध रूप से मलयेशिया में घुसने की कोशिश कर रहे थे। मलयेशिया मुस्लिम बहुल देश होने के कारण रोहिंग्या प्रवासियों का पसंदीदा गंतव्य माना जाता है। मलयेशिया पहले मानवीय आधार पर कुछ रोहिंग्या शरणार्थियों को शरण दे चुका है। लेकिन अब वह उनकी संख्या सीमित करने की कोशिश कर रहा है, क्योंकि लोगों के बड़े पैमाने पर नावों से आने का खतरा बढ़ गया है। मलयेशिया में वर्तमान में यूएनएचसीआर के साथ पंजीकृत लगभग 1,17,670 रोहिंग्या शरणार्थी हैं, जो देश की कुल शरणार्थी आबादी का लगभग 59 फीसदी हिस्सा हैं।